तुच्छं अर्थात् निकृष्ट या विपत्ति के समय में छत्र धारियों के शिरोमणि हिन्दुओं के छत्र यानी सम्राट या ढाल विक्रमाजीत यानी वीका ने शेखा के परिवार की पुकार सुनी और समझ कर उस पर ध्यान दिया या उन्हें संभाला। उत्तम साधन या योजना की धारणा से सम्राट वीका उनका सहारा और आधार बने और बाहर चढ़े अर्थात् रक्षार्थ चढ़ाई कर के शेखा को कैद से छुड़ाने की ठान ली।

Beekaa the supreme amongst Hindu kings and the protecting shield of the Hindus paid thoughtful consideration to the cry for help of the family of Rao Shekhaa in distress He marched for the defence of Poogal with the determination to protect them. He resoloved to librate Shekhaa, who was lying detached in the prison at Multaan, on account of the evil influence of the planets. Beekaa had decided to save the life of Shekhaa which was in great danger.

चतुरंग महाबल हीयइ चाडि
　　माड पहु तणंइ पहु मारुग्राड़ि[56]।
थेळिया तील्ह जगमाल थट्ट
　　वीडरीऊ य मुहि गा दहँ वट्ट ॥१७५॥

वीका ने महावली चतुरंगिणी सेना से पूगल के हृदय या मर्मस्थल पर चढाई कर दी। तिलोकसी और जगमाल की फौज को ठेल दिया अर्थात् धकेल कर भगा दिया। वह दहपट या विनष्ट और भयभीत दल व वे योद्धा अपने हथियारों सहित बिखर कर अपना मुँह लेकर भाग गये। इसके बाद माड के-पूगल क्षेत्र का राजा मारवाड़ के सम्राट वीका को अपना प्रभु मानने लगा। अर्थात् तब से पूगल का स्वतंत्र राज्य बीकानेर के अधीन हो गया।

Beekaa mounted an attack at the head of his very powerful and strong four divisions of the army on the vital and prominent places in the state of Poogal He

defeated, destroyed and repulsed the army of Tiloksee and Jagmaal. The vanquished soldiers and warriors of the army of the foes got terrified and scattered and fled away with their arms in different directions. Thereafter the Raja of the independent Maadha region or state of Poogal accepted the suzerainty and paramountcy of Beekaa the King of Marwar i.e. Bikaner State.

Historical Notes :-

(56) This verse is sufficient to prove that Poogal was made a subordinate or Vassal state of Bikaner after the victory of Beeka over Tiloksee and Jagmaal and conquest of Poogal.

महि मूमरण श्रनइ वळि मरोट
कुप्पियइं कीधु पइमाल कोट ।
उंडां मि तोल्हु वइ राउ कंद
ढोइया महादळ लेइ ढंढ ॥१७६॥

राव बीका ने बैरी, मिजळो अर्थात् अविश्वसनीय या विश्वासघाती, धूर्त तिलोकसी पर कोप किया । उसने अपनी बड़ी सेना को ढंढो अर्थात् घोड़ों, ऊँटों और बैल गाड़ियों से ढोकर उसकी धरती में ऊंडा अर्थात् गहरा प्रवेश कर लिया । पहले मुमरण-वाहन के किले को और फिर मरोट के किले को भी पदाक्रान्त करके नष्ट कर दिया ।

अन्य अर्थ—[वइ मि तोल्हु] वयस्व या बुढे मिजळे तिलोकसी को ।

Rao Beekaa transported his large army on horses, camels and bullock-carts and marched and penetrated deep into the territory of the foes like Tiloksee the villain, the cheat and unreliable Bhaatee ruler. Enraged King Beekaa trampled down and devastated first the fort of Muman-Baahan and thereafter the fort of Marot.

Different Explanation :

(वई मि तोल्हु) Aged and old shameless Tiloksee.

वाजियां पगे सतलज विग्राह
लुड़ कीधु खूंदि निज घर लंगाह ।
पुर सत्तणी बीकइ ग्रप्प प्रांणि
मोखाव्यउ सेखउ[57] मूलतांणि ॥१७७॥

बीका के घोड़ो के पौड़ों की ध्वनि सतलज और व्यास नदियों के क्षेत्र में गूंजने लगी । बीका ने लंघों की अपनी और उनके अधीनस्थ भूमि को रौंद डाला । लंघों को मार कर लुढ़का दिया । बीका ने अपने बल और पुरुषत्व से शेखा को मुलतान की जेल से छुड़ा लिया ।

When the cavalry of Rao Beekaa advanced towards Multaan the sound, produced by the impact of the hoofs of the horses with the ground was audible and was heard resounding in the region covered by Sutlej and Biyaas rivers. The army of Beekaa devastated the land under the kingdom of the Langhas. The heads of the Langhas were seen rolling on the ground. He got Rao Shekhaa liberated from the prison at Multaan by dint of his own valour and manly prowess.

Historical Note :-

(57) This verse has proved that the contention of the Bhaatees of Poogal that Shekhaa was brought by goddoss Karaniji as a kite on its wings from Multaan is erroneous and a mere face saving device.

जगमल्ल तील्हु जोगउ जुड़ेउ
त्रुडि-तांण मनाव्यउ घाउ त्रेउ ।
दे मूमण-वाहण सबल दोट
मसि वन्न कीधु खेहां मरोट ॥१७८॥

बीका ने मुमण-वाहन पर जबरदस्त या प्रबल प्रहार वेग से किया । मरोट क्षेत्र को खेह या धूल से ढक दिया । मरोट के किले को जला कर काले रंग का कर दिया । इस युद्ध में जगमाल, तिलोकसी और

जोगा तीनों भाई सम्मिलित थे। सम्राट बीका ने उन सब को घाव पहुचाये या आहत किया। तब अश्वपति, गजपति, नरपति तीनों विरुद (पदवी) धारण करने वाले बीका को उन्होंने मना लिया अर्थात् विनय पूर्वक प्रार्थना करके मेल-मिलाप कर लिया।

Hard blows were struck in the attack on Muman Baahan. The fort of Marot was burnt jet black and the Marot region was covered with dust. The confederacy of the Trio Jagmal, Tiloksee and Jogaa-who were brothers of Rao Shekhaa and had joined that battle were severely thrashed and wounded. They were also chastised and punished. Then they humbly bowed and reconciled with King Beekaa who held the reputation of conquering the valorous Ashawapati, Gajpati and Narpati ie lords of cavalry, elephant force and infantry

राव बीका का पूगल में विवाह

The marriage of Rao Beekaa at Poogal

जस मउड़ि बाँधइ जगत्रि
परणेवा कारणि खेड़ पत्ति।
विक्रमाइत पूगल नइर बींदु
आईयउ जाणि सइंप्रति इंदु ॥१७६॥

जगत्राता, खेड़ेचा राठौड़ों के राजा, राव बीका ने विवाह के कारण अपने शीश पर यश का मौड़ बान्धा। बीका ने जब पूगल शहर में वर के वेश में प्रवेश किया तब ऐसा लगा मानो उस समय प्रत्यक्ष ईन्द्र अथवा चन्द्रमा आ पहुचा हो।

Rao Beekaa the lord or master or the head of Kherechaa Rathores and the protector of his state and subjects, put on his head the Maud i.e. diadem or crown of fame as a bride-groom and reached Poogal

to marry-the Bhaatee princess-Ranga Kanwar there. When Beekaa entered the town of Poogal in the dress of a bride-groom it appeared so majestic as if the very Indra–the king of Gods or the Moon had entered that Nagar i.e. city of Poogal at that time.

मंडलीक महोछव हुआ माड़ि
मनि वधियउ अंजसु मारुआड़ि ।
दुख टाळि सिखर करि निभय देस
निज नेह परणि आविउ नरेस ।।१८०।।

वीका ने शेखा का दुख या संकट टाल दिया या दूर कर दिया। उसने पूंगल के राज्य क्षेत्र को निर्भय कर दिया। फिर माड के पूगल प्रदेश में विवाह के कारण महोत्सव हुआ। वहाँ मंडलीक अर्थात् मंडलेश्वर राजा इकट्ठे हुए। इस अवसर पर मारवाड़ वालों को अंजस हुआ। उनका मनोबल बढ़ा। स्नेह पूर्वक रंग कंवर से अपना विवाह करके राव वीका लौट आया।

A great and grand festival took place in the Maadha region of Poogal. A large number of Mandaleeks i. e. rulers of twelve kingdoms had gathered there to attend that marriage ceremony. The people of Marwar felt exalted and over-joyed or encouraged as their prestige had enhanced. Rao Beekaa who had saved Shekhaa in his distress and had made the State of Poogal free from danger, returned home warm-hearted after marrying Bhaatee princess Ranga Kanwar at Poogal.

बीका का मारवाड़ के राजा सातल से संघर्ष

Struggle of Beekaa with Saatal the Raja of Marwar (Jodhpur)

खल राउल सातल[58] अनइ खान
　　　　आंगी गम मेवइ असमान ।
विरवइतइ बीकइ बोल बाउ
　　　　चतुरंग संनाहिउं वयर चाउ ।। १८१ ।।

सन् 1484 A.D. में सम्राट जोधा के निधन के बाद अनवी बीका जोधपुर के राजा सातल, जैसलमेर के राजा (देवीदास), नागौर के नवाब संभवतः मुहम्मद खान के हृदय में खलता था या चुभता था । वे यशस्वी बीका के खिलाफ बाऊ अर्थात् बाउर (व्यर्थ) वचन बोले । वे अपनी भूमि का कुछ भाग या अंग गंवा या गमा-देने या खो देने के कारण बीका से वैर-भाव रखते थे । उन्होंने चाव या उत्साह पूर्वक स्व-इच्छा से बीकानेर राज्य के विघटन की योजना बनाई और कवच युक्त चतुरंगिणी सेना से बीकानेर पर चढ़ाई कर दी । वह योजना उतनी ही असम्भव प्रमाणित हुई जितनी कुए की तरह आकाश से पानी निकालने की ।

After the sad demise of Rathore king Jodhaa in 1484 A.D. the undaunted Beekaa wrankled in the heart Saatal of Jodhpur, Rawal Devi Das the Raja of Jaisalmer, and possibly Muhamad Khan the Nawab of Nagaur. They prattled and conspired against renouned Beekaa. As they had lost some land the part of their territory so they were inimical to Beekaa. They invaded Bikaner courageously and intentionally at the head of their four armoured divisions of the army. This longing and the plan to disintegrate Bikaner state proved impossible as if they were attempting to draw water like a well from the sky.

Hitorical Note:—

(58) Rawal Devi Das of Jaisalmer was the father-in-law of Saatal of Marwar. Rao Shekhaa was the father-in-law of Rao Beekaa. Both of them turned against Beekaa when he had imposed his suzerainty over Poogal. Muhamad Khan, the Nawab of Nagaur, who was hostile to Beekaa too joined them. But all of them were defeated by Baekaa in the battle. They completely failed to dismantle the newly established, state of Bikaner. This strife took place between 1484 to 1498 A.D.

कोपीयइं मंडोवर खरिग उर्कद
सजि सेन वयर मथियउ समंद ।
विहि चाडि पड़गना कीधु वस्सि
आसोप हूंत उग्रहि अस्सि ।। १८२ ।।

प्रकोपित बीका ने उसी क्षण अर्थात् शत्रुओं को परास्त करने के फौरन बाद सेना सुसज्जित करके मंडोर यानी जोधपुर पर जवाबी हमला किया। वैर के कारण समुद्र के समान विशाल मारवाड़ का मंथन कर दिया। मंडोर या जोधपुर को उसके दोनों चाडी के परगने से विहीन कर दिया अर्थात् विजय करके बीकानेर के अधीन कर लिया। आसोप को अधिग्रहण कर लिया। आसोप से कर के रूप में अश्व उगाहे या वसूल किये।

Enraged Beekaa mounted the counter attack at the heard of his well armed and armoured army in no time. Beekaa churned the vast Kingdom of Mandor ie Jodhpur, under his foe Saatal like the sea. He revaged Mandor. He captured the paragana of both the Chaadees and annexed it to Bikaner state and thus it was lost to Jodhpur. He conquered Aasop and occupied it and forced the residents of Aasop to pay him tribute in kind ie colts.

घण खेधि हलक्कइ लोक घत्ति
परहंसिउ बीकइ वेस पत्ति ।
पारंभ रामि वळ करिउ पूरि
संकोड़िउ सातल[59] अनइ सूरि ॥ १८३ ॥

बीका ने विरोधी राजाओं की फौजों को परास्त कर दिया। बीका की, भगवान राम की वानर सेना के समान, विशाल सेना ने आक्रमण प्रारम्भ कर दिया। उस सेना के (जोधपुर नगर में) प्रवेश करने पर प्रजा में पूरी हलचल मच गई। अनवी बीका ने शूरवीर सातल को परास्त करके उसके राज्य की कुछ भूमि पर कब्जा करके अपने राज्य में मिला लिया और मंडोर राज्य का क्षेत्रफल संकुचित या कम कर दिया।

Beekaa defeated the large and great vigorous force of the inimical and antagonistic alliance of Rajas. The entry of Bikaner army into Jodhpur city unnerved and agitated the residents and subjects of Jobhpur state where full commotion had set in. The army of Beekaa was large like the monkey force of Lord Rama, when he commenced the invasion of Marwar. The unbending Beekaa smashed the gallant Saatal and the force of his allies and the warriors of Marwar. Beekaa felt contented after he had captured and annexed the land under Saatal to Bikaner territory and thus reduced the territorial area under Marwar.

Historical Note:—

(59) Beekaa the king of Bikaner kingdom invaded Jodhpur in counter attack between 1484 to 1498 A.D. The army of Beekaa occupied the pargana of both Chaadees and also Aasop. At first the army of Saatal was defeated out side the city of Jodhpur. Mandor and Jodhpur city was plundered for Six hours. The tight siege of Jodhpur fort was continued for ten days. Thereafter peace was made. Saatal accepted the suzerainty of Beekaa. He also surrendered 14 heir-looms of former Rathore kings, inclnding Jai Chand king of Kanouj, which are still lying in Bikaner fort.

सत्र सिखर खान देवइ समत्थि
चिहुं राइ जरीना चीत्र हत्थि ।
रिणमल्लु अकू वीक रइ राळि
कलि मूळ दखूटि गिमिउ काळि ॥ १८४ ॥

पूगल का राव शेखा, जैसलमेर का रावल देवीदास, नागौर का खान यानी नवाब मुहमद खान और राव सातल बीका के समर्थ या बलवान शत्रु थे। इन चारों राजाओं को बीका ने सबल या जबरदस्त चोट पहुंचाई। अतः वे चित्र में मंडी हुई या खिंची हुई मूर्ति के समान हाथ पर हाथ रख कर बैठ गये। कलह की मूल या जड़ सातल की आयु समाप्त हो जाने पर वह कालवश हो गया यानी मर गया। तब मारवाड़ में गमी या शोक हो गया। बीका के काका नाथूजी ने अक्का और रणमल (केलणोत भाटियों) को राव चूंडा के वैर में मार गिराया।

भिन्न अर्थ—[चिहुं राइ जरीना] चारों राजा कवच पहने हुए थे।

Rawal Devi Das of Jaisalmer, Rao Shekhaa of Poogal, Muhamad Khan, the Nawab of Nagaur, and Saatal were the strong, powerful and arch enemies of Rao Beekaa. He Struck hard blows to those foes. They lost their presence of mind and remained sitting idle like mere pictures or puppets when he mounted the counter attack against them. The span of life of Saatal, the bone of contention, was ended by God- Almighty and he died. This created court mourning in Marwar. In the meanwhile Naathooji the uncle of Beekaa killed Akkaa and Ranmal Bhaatees—the sons of Rao Kelan of Poogal and avenged the death of Rao Choondaa the King of Nagaur.

Different explanations :

[चिहुं राइ जरीना]

All those four foes Rajas were putting on armours.

मंडोवर अहिपुर धणी माडि
बडरा राउल वइरां विभाड़ ।
विक्रमाइत होवइ नहीं वस्सि
धरि गया चियारइं हाथ घस्सि ।। १८५ ।।

मंडोर, नागोर, माड-यानि जैसलमेर और पूगल के स्वामी वृद्ध (बडेरे) या विख्यात, और शक्तिशाली राजा थे। रावल देवीदास तो शत्रुओं का भिड़ कर संहार करने वाला था। राव बीका इन चारों के वश में नहीं आये। वे चारों अपने हाथ घसते या मलते हुए अपने घरों को लौट गये।

भिन्न अर्थ—(1) [चियारइं हाथ घस्सि] वे चारों राजा परास्त होने के बाद अपने हाथ घसते या मलते हुए रह गये।

(2) [धरि गया] वे निराश राजा अपने-अपने घरों को लौट गये।

The rulers of Mandor, Nagaur and Maadha ie both Poogal and Jaisalmer were experienced old-hands, mighty or prominent Rajas. Rawal Devi Dās was capable enough to crush the foes. But all those four rulers failed to over-power Beekaa. All the four oppressive rulers returned home with a heavy heart or repenting.

Different Explanations :

[चिरारइं हाथ घस्सि]

(1) Those four great Rajas after their defeat did not make the slightest effort further and returned repenting.

[धरि गया]

(2) Those dejected Rajas returned to their own homes.

राव बीका का दरबार

Durbar of Rao Beekaa

सीमा वधारि सुरितांण सल्लु
करि कंधु सुहाणइ कांधमल्लु।
संप्रतउ करयउ निज धर सलाउ
रुद्र इंदु सभा बीकम्म राउ ॥ १८६ ॥

राव बीका ने अपने राज्य की सीमा दिल्ली की तरफ बढ़ा ली थी। अतः वह बात सुलतान (सिकन्दर लोदी) के कांटे की तरह चुभती थी। राव बीका अपने राज्य के शासन की बाबत दरबार में राव कांधल से सलाह मशविरा किया करते थे। उस दरबार में राव बीका ऐसा मालूम होता था मानो चन्द्रमा हो। हाथी के समान पुष्ट और दृढ़ कन्धों वाला, सुडोल और सुन्दर राव कान्धल ऐसा दिखाई देता था मानो प्रत्यक्ष में रुद्र यानी भगवान शिव हो।

Beekaa who had extended the boundary of his kingdom upto the border of Delhi wrankled in the heart of Sultan Sikander Lodi of Delhi like a thorn. Beekaa used to hold durbar about the affairs of his state. Beekaa holding consultation with his uncle Kaandhal appeared like the Moon. While stout in built and strong shouldered like that of an elephant, good looking Kaandhal whose body was symmetrical in form looked like Rudra ie Lord Shiva.

Errata (शुद्धि—पत्र)

पृष्ठ सं.	छन्द सं.	पंक्ति सं.	अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
117	157	1	को	की
124	168	30	शब्द भटनेर और किले के बीच में (के)।	
125	169	13	वर	वैर

126	170	9	yama	Yama
127	172	16	शब्द बन्धा कर और पकड़ कर के बीच में (शेखा को) है।	
127	173	28	सनाहि	संनाहि
127	173	31	गड्ड	गढ्ढ
128	173	5	प्रमाण	प्रयाण
131	177	21	goddoss	goddess
135	181	9	शब्द सन् 1484 to 1498 के बाद में (amongst Saatal and his allies with Beekaa) है।	
136	183	32	Kanouj	Kanauj

राव लूणकरण

Rao Loon Karan (1505-1526 A.D.)

गाथा

Gaathaa -- Ballad

अंति रा बीक अभंग भड़
देसाधिपत्ति दुभल्ल ।
प्रतप्पउ कन राजा प्रिथी
महि पुड़ चाउर मल्ल ॥ १८७ ॥

दुर्जेय अखंड योद्धा और जांगल-देश के सम्राट राव बीका का देहान्त होने पर इस धरती का स्वामी या प्रभु लूणकरण हुआ। उसका प्रताप बढ़ा। वह चावल पैदा करने वाली उपजाऊ भूमि के पट या भाग को मर्दन करना या दबाना चाहता था।

When Beekaa the invincible and matchless warrior the king of Jangal Desa breathed his last Loon Karan became the sovereign lord of th estate of Bikaner. He

surpassed all in dignity and glory in this country. He was eager to trample down and capture some part of the fertile rice producing land or region.

छन्द

Chhanda (Verse)

प्रतापियउ कन्न राजा प्रघट्ट
सांतियइ सेन वाजिन सुभट्ट ।
मांडीयइ छात्र संप्रति महेस
देसउत नमइ उग्रहइं देस ॥ १८८ ॥

राव लूणकरण की सेना में वीर योद्धा और अश्व, श्रेष्ठ या सांतरे या सात्विक थे। उस राजा का प्रताप प्रकट रूप में बढ़ने लगा। वह इस देश से लगान व खिराज उगाहता या वसूल करता था। अपने शीश पर छत्र धारण करके जब वह दरबार करता या दरबार में बैठता तो ऐसा मालूम होता मानो प्रत्यक्ष में वह भगवान शिव हो। उस दरबार में देसोत अर्थात् इस देश के अन्य राजा लोग उसके सामने झुक झुक कर मुजरा करते थे।

Apparently Rao Loon Karan won name and fame in rich measure. His army consisted of strong and renounced warriors and fleetest and best horses. Loon Karan, sitting on the throne with chhatra i.e. royal umbrella over his head in the durbar, appeared like Mahesh ie Lord Shiva. The other Rajas of this zone reclined and bowed to him to pay homage in that durbar. He realised 'lagaan' ie land revenue, rent or tax and tribute from the people of this country.

महिपत्ति छत्रि सिरि मेघवन्न
पालर्लों झलक्कइ कणइ पन्न ।
इल दीध प्रविचल राज ईस
सेतंबर चमर ढळंति सीस ॥ १८९ ॥

मेघ के वर्ण का छत्र इस सम्राट के सिर पर सुशोभित था। उस श्वेत वस्त्र धारी राजा के शीश पर श्वेत चमर ढुलाये या घुमाये जा रहे थे। उसके दरबार में आस पास के सोने के खंभों पर हीरा पन्ना वगैरा जवाहरात झलक रहे थे। क्योंकि भगवान ने उसको इस जांगल-देश का यानी बीकानेर की धरती का अविचल अर्थात् अटल राज्य दिया था।

The Chhatra ie the royal umbrella like blackish dense clouds in appearance hanging over his head looked majestic. The pure white chamar ie whisk or flapper made of the tail of wild ox, was being waved over the head of that Raja who was putting on white dress. The pillars of gold around him, holding the pavilion over the Chhatra, with diamond emerald or jewels set in them were seen glittering in the durbar. God the Almighty had bestowed the stable kingdom of Jangal-Desa ie Bikaner state to him.

सुरताण[60] राण बद्धा विसेस
निज दोला होडां दे नरेस।
कर जोड़ि पयंपइ अेव क्रित्ति
थिर राखि अभय दे निभइ थित्ति॥ १६०॥

राव लूणकरण इस प्रदेश की प्रभु सत्ता के प्रश्न पर सुलतान (इब्राहिम लोदी) और राणा (सांगा) से बन्धा हुआ था अड़ा हुआ था विशेष उलझा हुआ था। राजा अपनी इस धोरा धरती में उन दोनों का मुकाबिल था या विरुद्ध मुकाबला या संघर्ष करता था। इस प्रदेश के राजा लोग उसको हाथ जोड़ कर अर्ज किया करते थे। वे उसकी सेवा करते और उसकी कीर्ति का यशगान करते थे। लूणकरण ने उन राजाओं को अभय दान देकर निबाहा। उसने उनकी स्थिति यथावत स्थिर रखी।

The animosity of Rao Loon Karan with Sultan Ibrahim Lodi of Delhi and Rana Sanga of Mewar about the sovereignty of this region had considerably enhanced. He was the rival in power of both the Sultan of Delhi and Rana of Mewar over or about the surzerainty of this kingdom of immence and high sand dunes. The subordinate Rajas used to pray to him with folded hands. They had to render service to him They also sang songs in praise about his name and fame. He kept them in power in the region held under them. He gave them an assurance of complete safety of life and property and observed it or carried it on upto the end of his life.

Historical Note :-

(60) Rao Loon Karan had and was extending his territory towards Naarnaul under Delhi hence his relations with Sultan Ibrahim Lodi were strained. He had also extended his helping hand to Firoz Khan-II, the Nawab of Nagaur against Rana Sanga of Mewar who was his brother-in-law (Saalaa). Loon Karan liberated Nagaur from the clutches of Rana Sanga. This created hostility with that Rana (vide verses 78 and 79 of the Chhanda Rau Jaitsee Ro by Soojaa.)

केवियां ऊन्न कुपियो कंधार
सब्बलां वळइ निब्बलां सधार ।
देसपत्ती माथइ दीयइ दंड
खेड़ेचउ भूंचइ नवइ खंड ॥ १६१ ॥

दृढ़ कंधों वाला अथवा वीर और बलवान लूणकरण दुर्जनों या दुश्मन राजाओं पर प्रकोपित या नाराज रहता था। वह उनको दण्ड देता था। वह बलशाली लोगों का दलन या संहार करता था और निर्बलों का आधार यानी सहारा था। इस राठौड़ खेड़ेचे राजा से भारत की धरती के नवों खंड भूचक यानी कम्पायमान रहते थे।

भिन्न अर्थ— 1. [कंधार कन्न] लूणकरण एक बलवान और मजबूत दल का सेनापति था।

2. [कन्न कंधार केवियां कुपियो] कंदराओं के स्वामी दुर्जन राजाओं से लूणकरण नाराज रहते थे।

The strong and valorous Loon Karan was angry with or hostile to villains and inimical Rajas. He used to punish them. He used to or was bound to crush the powerful warriors and support or prop up the weak. All the nine divisions or zones of Bharat were shivering on account of the fear of this Rathore Raja Kherechaa of Bikaner state.

Different Explanations :

1. [कंधार कन्न] Loon Karan was the master or commander of the strong army.

2. [कन्न कंधार केविया कुपियो] Loon Karan remained enraged with the villains or inimical Rajas the owners of land of Caves.

> विचि वलइ वहण अणखूट वत्ति
> पागड़इ विलग्गा वेस पत्ति।
> बड राउ कंन्न अइ वार वृद्धि
> रउ घडियां राखइ राय ऋद्धि ॥ १६२ ॥

यह बड़े राजा अर्थात् बादशाह लूणकरण की, उन्नति और विरद की वृद्धि का श्रेष्ठ समय था। राव लूणकरण की ऋद्धि-सिद्धि और समृद्धि व सबकी रक्षा के इंतजाम की, राउर कह कर गर्व से सब लोग व रावत और अधीनस्थ राजा लोग बढ़ा चढ़ा कर बखान करते रहते थे। जब किसी राजा के राज्य की सीमा के बीच में से उनकी सेना निकल जाती तो वह देशपति अलग होकर उसकी घोड़े की रकाब या पागड़ा पकड़ लेता और उस सम्राट को बहुत धन भेंट करता व अनुनय-विनय के साथ उससे बहुत बातें करता।

Whenever the army of Rao Loon Karan marched and passed through the territory of any subordinate Raja he would detach himself and clasp his stirrup and humbly hold long conversation with him and offer him rich presents. During that very good time of the rise in his fortune and fame of that great sovereign the subordinate Rajas used to talk with exaggeration, about his gallant deeds or praise his prosperity, success and protection afforded to his subjects, with pride.

अरि मोटां लागइं करनु अंक
सुरताणइ मानइं सीह संक ।
महियउ सइं अहिपुर कांध मल्लु
सिरि ताणइं मंडोवर नाट सल्लु ।। १६३ ।।

सुलतान (इब्राहीम लोदी) के बड़े शत्रु, जो उससे सिंह के समान शंका मानते या डरते थे, वे लूणकरण की अंक या शरण में जाते थे। मंडोर के मुख्य और बलवान वीर नागौर की श्री यानी राज्य लक्ष्मी सहित उसकी भूमि दबाना चाहते थे। वे उनके अटल सालने वाले या कांटे की तरह चुभने वाले शत्रु थे।

The arch and eminent foes of Sultan Ibrahim Lodi of Delhi, who were afraid of him like a tiger, sought and obtained shelter from Loon Karan. The prominent and valorous warriors of Mandor ie Jodhpur were eager to capture the sovereign power, wealth and land of Abipur ie Nagaur. They constantly pricked in the heart of the Nawab of Nagaur like a thorn.

अतपीउ करन इ बडइ प्रमाणि
जगि मारिखु इंदु दूणी दुजांणि ।
राइ हर अवर कुण करइ रीस
छत्र छांह वंस पालइ छत्रीस ।। १६४ ।।

इस प्रदेश में लूणकरण प्रमाणित बड़े राजाओं के समान प्रतापी हुआ। यह जग जेठ अर्थात् विख्यात वीर दुनियां में दूसरे चन्द्रमा के समान ज्योतिर्मय था ? इस पर कौन दूसरा रायवर यानी राजा क्रोध कर सकता था ? क्योंकि वह अपनी छत्र छाया में छत्तीस राजकुलों के राजपूतों का पालन करता था।

In this country of Jangal-Desa Loon Karan ruled with glory like present as well as former other proved illustrious great kings. That renouned warrior was seen, by all the world around, glittering like the second Moon. How can any other ruler envy and frown at him ? He supported and fed and kept in good humour by proper attentions the warriors of all the thirty six royal races under his Chhatra ie rule.

नितु भंगु फतेपुर हुवइ नासु
सत्रु ऊडइ डीडपुरा सास।
घणा भूभइ एकणि घड़िउ घाइ
रइयत्तु कियउ लाडणू राइ ॥ १६५ ॥

फतहपुर का किला रोजाना के हमलों से भंग हो गया अर्थात् टूट गया।

उस शहर और प्रदेश का विनाश हो गया। डीडवाणे के शत्रु राजा का साँस ऊँचा चढ़ गया। *एक ही योजनाबद्ध आक्रमण में उसकी* फौज ने युद्ध में लाडणू के राजा को परास्त कर दिया। और लाडणू के लोगों को अपनी रैयत या प्रजा बना लिया।

The fort of Fatehpur was demolished and the town and the country ie villages or rural region was ravaged by constant daily attacks. The inimical Raja of Deedwaanaa had to grasp for breath or sighed deeply. The force of the Raja of Laadnoo was defeated by large Bikaner army in the very first planned invasion

when hard blows were struck. That Raja was forced to surrender and accept his over lordship. Laadnoo was annexed and its residents were treated like subjects.

पट हथ प्रचंड पव्वइ प्रमाणि
ठांसियइ मदोमत्त खंभ ठाणि ।
पहुचंउ कु सुभटे परिगिरितु
नीसांण हुवइं दरबार नितु ॥१६६॥

लूणकरण इतना बलवान था कि उसके औंधे या पुट या उलटे हाथ की चोट इतनी प्रचंड होती थी, जो यह प्रमाणित करती मानो पहाड़ से लगी टक्कर का प्रहार हो । उनके फीलखाने में मदोन्मत्त हाथी खचाखच भरे खंभों से बंधे हुए थे । उस पहुँचवान अर्थात् समर्थ राजा के पास बहुत धरती, सुभट योद्धा और परिग्रह था । हमेशा दरबार होता था । नगाड़े-निसाण और नौबत बजती रहती थी ।

Loon Karan was so strong that a blow by his over-turned hand would hit as if it was struck by or in collision with a hillock. The stable of that king was over-crowded and stuffed by rogue or wild elephants tied to the pillars. That mighty monarch had valorous warriors, the vast kingdom and large retinue. He held the durbar daily. The 'nobat' ie kettle-drums with clarionets was played every day at his gates as an auspicious sign.

राउत खान राजान राय
पाट पत्ति कन्न श्रेवंत पाय ।
वीनती करइ त्रिभुवई बखत्ति
दीवाण हुवउ सह देस पत्ति ॥१६७॥

पाट या सिंहासन के स्वामी लूणकरण के राजा लोग, रायकुमार (राजकुमार) या सामन्त, खान और रावत उसके चरणों में सेवा करते

थे। दिन में तीन दफा उसके भवन या महल में वे नम्रता के साथ मुजरा करते थे। दरबार में सब अधीनस्थ राजा लोग हाजिर रहते थे।

भिन्न अर्थ—[त्रिभुवइं] तीन लोक के नाथ।

Loonkaran the monarch or the master of the throne (of Bikaner) was served by Hindu Rajas, Rajkumars ie princes, chieftains, Rawats, and khaans ie muslim Nawabs. They used to bow and pray to him three times in a day. All the subordinate Rajas must be present in his durbar.

Different Explanation :

[त्रिभुवइं] God Almighty the lord of the universe.

निमिघीया छत्र सिरि जगनाथि
हाथीया दुरंग घर चडिउ हथि।
आगरा लगइ लाहोर आण
सम्माहइं भेटां सुर विताण ॥१६८॥

राव लूणकरण ने पुरी में जगन्नाथ की मूर्ति के स्वर्ण छत्र चढ़ाया। भगवान जगन्नाथ की सेवा-पूजा के लिये लक्ष्मी अर्थात् द्रव्य का प्रबन्ध किया। वहाँ पुरी में दुरंगों अर्थात् किलों के धारण करने वाले राजाओं के किले और कुछ हाथी उनके हाथ लग गये। लूणकरण की आण-दुहाई आगरा से लाहोर के बीच के क्षेत्र में फिराई जाती थी। वहाँ के सुलतान से भेंटों का समान आदान प्रदान होता था। भेंटें गाजे-बाजे के साथ उत्सव मनाते हुए बड़े तम्बू के नीचे ली जाती थी।

भिन्न अर्थ—[दुरंग घर] दो रंग धारण करने वाले यानी दोनों तरफ मिलने वाले राजाओं से।

Rao Loon Karan presented the golden chhatra to the statue of Jagan-Nath at Puri (in Orissa state). He also made some monetary arrangement to meet the expenditure of the worship of Lord Jagan Nath in

that temple. He also obtained or enticed some forts and elephants from the lords or Rajas of the forts in the state of Orissa. The writ of Rao Loon Karan ran through out the land lying between Agra and Lahore, Customary presents were received and sent to or exchanged on equal terms with those neighbouring sultaans. The presents from them were received with pomp and show under a canopy with music accompanied with 'nobat' ie kettle drums being played with clarionet,

Different Explanations:

[दुरंग धार] The Rajas changed sides quickly ie changing colour like a chameleon.

मुलतान के सुलतान महमूद लंघा की मदद

Extension of aid to Sultan Mahmud Langha of Multan in 1509 to 1517 A.D.

महमुंद[61] कहइ प्रधान मेलि
आरम्भ मल्ल ग्रहियाँ उबेलि ।
तुड़ि ताए ताम चूकउ तखति
परिजाउ जिसउ तू खेड़पत्ति ॥१९९॥

मुलतान के सुलतान महमूद लंघा ने अपना प्रधान भेज कर कहलाया । हे अश्वपति, गजपति, और नरपति का विरुद धारण करने वालों का बल तोड़ने वाले सम्राट लूणकरण, तामस लोगों ने उसके तख्त पर चूक की है अर्थात् स्वयम् सुलतान महमूद को मारने के लिये हमला किया है । उन्होंने उसका मर्दन शुरू कर दिया है । उसको ग्रसित कर रखा है यानी घेर रखा है । आप उसकी रक्षा करो या छुड़ाओ । हे खेड़ राज्य के राजा आप वैसे ही है जैसा आप के यश-गान से मालूम हुआ है या आप कल्प वृक्ष के समान सब कुछ प्रदान करने में समर्थ है ।

Sultan Mahmud Langha of Multan cried to the monarch Loon Karan of Bikaner for help and sent the message through his counsellor. He prayed to him that Oh ! breaker of the force of Asawapati, Gajpati, and Narpati, his malignant foes has made a murderous assault in his person. He has been besiged and is being crushed so he be protected or liberated. The envoy also conveyed that he the ruler of the state of Kher, was as great a king as was known to them from the song of his fame sung by the bards or he was so bountiful as kalap-briksa the heavenly tree, was to grant what was demanded

वइरे अजीत जीतइ वखाणि
ऊनत्था नाथणे अप्प प्राणि ।
सत्र वाहो पालिउ सूर साखि
रइ राजु लंगाहां पगे राखि ॥२००॥

यह शत्रु वही है जिसकी उसने वाह वाह करके तारीफ की और पालन-पोषण किया था । इस बात का साक्षी सूर्य है । वैरी अजीत है । उसने विख्यात विजय प्राप्त कर ली है । आप अपने बल से अनर्थों को नाथणे में समर्थ हो अर्थात् आप वश में न आने वालों के नाक मे नकेल डाल सकते हो । अब आप लंघों के राज्य को अपने पैरों पर खड़ा रखो ...त् कायम रखो ।

भिन्न अर्थ—[सत्र वाहो पालिउ] उसने शत्रुवाही या शत्रुता का पालन किया है ।

His foe is the same person whom he had nourished and applauded. The sun is witness to this fact. His enemies are invincible. On account of enmity they have obtained a remarkable Victory over him. Oh ! Rao Loon Karan you are strong enough to stich a string into the nose of those who are uncontrolable and highly indisciplined. Kindly keep the kingdom of Laanghas established in a settled condition.

Different explanations :

[सत्र वाही पालिउ] He has been backing up enmity.

भिड़ि तणइ लंगाहां वडइ अरब्बि,
गज घाट मेल्हि चडियइ गरब्बि।
सत्र सय द्रमिउ रणतूर सद्दि
निज सेन उतारयउ पंच-नद्दि ॥२०१॥

लूणकरण ने लंघों की भूमि और राज्य की रक्षा की नियत से लड़ाई करने सगर्व चढ़ाई कर दी। बड़ी लगन और सावधानी रखने का कह कर अपने हाथियों के दल को नदी के घाट पर भेज दिया। अपनी सेना को हाथियों के झुण्ड के सहित पंचनद क्षेत्र में उतार दी। रणतूर का शब्द सुनकर शत्रु तुरन्त भयभीत हो गया।

Loon Karan mounted an attack with pride to give battle for the defence of the land and kingdom or to protect the sovereignty of the Langhas. He sent his elephant force with the keen desire to safe guard it by taking full precautions to the bank of the river. He carried away his army together with the elephant force and entered into the Panchnad region. All the foes were terrified in no time as soon as they heard the sound of the kettle-drums for battle.

सोव्रन्न धरा हय गय सनाहि
सुरताण दीध मुहमूंद साहि।
आवियउ कंन्न प्रजधार अप्पि
थाणइ हमीर राजइत थप्पि ॥२०२॥

सुलतान महमूद शाह लंघा ने, रणथंभोर के राजा हम्मीर चहुवान के समान वीर या शरणागत की रक्षा करने वाले लूणकरण को सोना, पाखर लगे हुए घोड़े और हाथी और धरती भेंट की। लूणकरण ने धैर्य से उस भूमि में अपने थाने स्थापित करके वहां की प्रजा को अपना लिया। फिर वे बीकानेर लौट आये।

Sultan Mahmud Shah Langha of Multan (who ruled from 1503 to 1524 A.D.) presented enough gold, armoured horses and elephants, and also some land to Rao Loon Karan who was brave or was courageous enough to protect the persons under his shelter like king Hamir Chauhaan of Ranthambore. He firmly owned that densely populated tract of land.

He set up his own Thanas ie administrative out-posts with patience in that region. Thereafter he returned home.

वळ मुहा राह वाहू सबोखि
मुलितान वडइ ग्रह हूंत मोखि।
पाट पति करन निज दुरंग पाटि
खेड़ेचउ आयउ विरद खाटि ॥२०३॥

लूणकरण ने अपने बाहु-बल से शत्रु दल के अग्रभाग को उस दोषी या दुश्मन के सहित राहु के समान ग्रस लिया अर्थात् संहार कर दिया। हूकते हुए या संकट में चिल्लाती हुई मुलतान की सलतनत को ग्रहों के बड़े कष्ट से या सख्त घेरे से मुक्त करा दिया। पाट पत्ति यानी सिंहासन व राज्य का मालिक खेड़ेचा राठौड़ राजा लूणकरण यश कमा कर अपने दुरंगे केसरिया और कसूमल रंग के झंडे को पाट कर या सेना पर आच्छादित करके फहराता हुआ लौट आया।

He caused affliction on the guilty. The vanguard of the enemy force was attracked and eclipsed or lost its brilliance as if it was besieged by Raahu–the dragon's head. He got the pining and crying Multaan, in distress liberated from the evil influence of the planets or got the tight siege removed. Loon Karan the king of Kherechaa Rathores earned name and fame in that invasion. Thereafter he came back to Bikaner with his double coloured flag in saffaron and deep red colour raised aloft and flying over his army.

Historical Note :—

(61) Sultan Mahmud Langha (1503 to 1524 A.D.) the Solankee Rajput was converted to Islam. That Nawab or master of Multaan had appointed Jaam Baizeed as his prime minister. He had granted Shora to Jaam Baizeed and Uchha to his brother Ibrahim. Due to Some malice Jaam Baizeed gave up attending the Court or Durbar. But his handsome son Aalam Khan used to attend the work at the court. Once the opponents of Jaam Baizeed attacked Aalam Khan. In the rush of the crowd the dagger of Aalam Khan hit the head of that Sultan and caused a bleeding wound. This was considered the attempt to murder Sultan Mahmud Khan. Aalam Khan escaped. Then both Jaam Baizeed and Aalam Khan moved from Multaan to Shora. They *accepted the allegiance of Sultan Sikander Lodi of Delhi.* Daulat Khan Lodi the governor of the Punjab got their relations reconcil ed under the directions of Sultan Sikander Lodi. But the treaty did not last long. This time Jaam Baizeed invaded Multaan Hence Sultaan Mahmud sought the help of Rao Loon Karan the sovereign of Bikaner. He marched at the head of his large army and got that siege removed (Vide Tabakati Akbari page 503 and History by Firishtaa page 396) Both the writers have omitted to record the year of this incident. So it must have taken place between 1503 or 1504 to 1524 A.D.

लासा व्रहास कललंति लवख

श्रेवगू श्रंतु नहु भाव सवख ।

गुडियइं गयंद निज राज गत्ति

दळ फूकां फाटइ देस पत्ति ॥२०४॥

लाखों उल्लासित युवक, अश्व और शस्त्रों की चमक वहां दिखाई देती थी । नहुप (राजा) के अन्तःपुर में अच्छे चाल चलन वाले सेवक रहते थे । लूणकरण के अपने राज्य का शासन पाकर लगे हुए हाथी की तरह मंद गति से चलता था । विरोधी राजाओं के दल उनकी फुंकार से ही फट जाते थे या अलग होकर बिखर जाते थे ।

Numerous over-joyed youths horses and arms were seen glittering around him. Persons of good conduct were posted to serve at the harem or ladies appartment of that king. The administration of his state moved in a slow pace and steady manner like the movement of an armoured elephant i.e. efficiently. The force of the hostile Rajas would scatter with his only one short quick blast of breath making a hissing sound.

नागौर के नवाब महमूद खान से संघर्ष

Struggle with Mahmud Khan the Nawab of Nagaur in 1513 A.D.

पोढ़ा नरेस भ्राप्पइ न प्राणि
मन रहिसइं बेवइ रंढ माणि ।
केवियां काल न दियइ करांतु
मांगइ हसत महमूंद खानु ॥२०५॥

प्रोढ़ या युवा और बुद्धिमान अधीनस्थ राजा लोग युद्ध करने में पीछे न हटने और सम्मान पूर्वक लड़ने का विचार रखते थे। इस रहस्य को वे मन में ही रखते थे। वे अपनी सेना का निरीक्षण करने बाद उसकी शक्ति से तृप्त या संतुष्ट नहीं होते थे। ऐसी स्थिति में राव लूणकरण उन शत्रुओं को हमला करने का मौका ही नहीं देते थे। नागौर के नवाब महमूद खान से राव लूणकरण ने कुछ हाथी मांगे।

The young wise subordinate Rajas harboured an intention or were bent upon to give to Loonkaran an unswerving righteous battle. But they kept this intention strictly secret. But they were not satisfied about its strength on inspection of their army. Because they gave a thougtful consideration to the comparative skill and strength of their army with that of the

Bikaner State. On the other hand miraculous Loonkaran did not-give them an opportunity to raise their head in rebellion and fight. Thereafter Rao Loon Karan demanded some elephants from Mahmud Khan, the Nawab of Nagaur.

बोलिया बिन्हइ वुड़ितास वंधि
साधिय जुद्धि नहु मिलइ संधि ।
ऊबता पात्र फाटइ ऊखेल
मुहमुंद फन्न नहु करइ मेल ॥२०६॥

लूणकरण महमूद खान से वहुत ऊब चुका था या तंग आ चुका था। उसका हृदय रुपी पात्र फटने की स्थिति में था। वह महमूद खान को नागौर से उखेड़ना या उखाड़ फेंकने पर उतारू था। दोनों ने, अपने अनुवन्धित अश्वपति, गजपति, नरपति का विरुद धारण करने वालों का बल तोड़ने, सामन्तों को बुला लिया था। दोनों न मिले न संधि की। उन्होंने युद्ध में सफलता प्राप्त करने की ठान ली।

The aversion of Loon Karan against Mahmud Khan had reached the boiling point and it was about to burst. Loon Karan refused to make any treaty of peace with him. He was eager or determined to efface out Mahmud Khan from Nagaur region. Both called for the strife eminent warriors, who were able to crush the Aswapati, Gajpati and Narpati heroes, appended to them. Both of them did neither meet nor talk about a treaty of peace. They had resolved to obtain victory in a battle.

समवादी वेवइ बिन्हइ सत्र
विडि चढ़ण विहु फाड़िया पत्र ।
अति मान बिन्हइ वेवइ अभंग
जुद्धि विहुइं मचावण साध्र जंग ॥२०७॥

मानसिंह चहुवान ददरेवा का स्वामी और साध्रु यानि सद्रू या सद्दू चायल दोनों अत्यंत अभंग या अपराजित सरदार थे। दोनों का ढग जंग करने का दिखाई दिया। शमवादी अर्थात् शान्ति भंग करने का या विद्रोह करने का हठ करने वाले उन दोनों शत्रुओं ने युद्ध के लिये विचार विमर्श किया। तब उन दोनों पर राव लूणकरण ने पिंडां अर्थात् स्वयम् चढ़ाई करने का निश्चय करके सामन्तों को बुलाने के लिये कागज फाड़ कर पत्र यानि खास रुक्के भेजे।

भिन्न अर्थ—[समवादी बिन्हइ सत्र जुद्धि वेवइ] राव लूणकरण ने शमवादी अर्थात् शान्ति प्रिय लोगों से उन दोनों शत्रुओं के युद्ध करने के ढंग पर विचार विमर्श किया।

Both Man Singh Chauhaan lord of Dadarewaa and Saddroo or Saddoo Chaayal were insuperable warriors. Both of them appeared to be determined to give battle after thoughtful consideration. Both of those foes, who were bent upon to commit the breach of peace, held consultations to start the strife. Then agitated Loon Karan decided to march against them in person. He issued Khaas Rukkaas-i.e. special personal letters calling upon the chiefs and Nobles of Bikaner State to join him with their force in the attack upon them.

Different Explanation :

[समवादी बिन्हइ सत्र जुद्धि वेवइ] : Rao Loon Karan held serious thoughtful consultation with peaceful or people characterized by peace about the attitude of those foes who were determined to fight.

पाट पति बिन्हइ वेवइ प्रघट्ट
पिउ आइति बिहुं अइ लाख थट्ट।
खल मोरि खियाणइ[61] चडि खेत्रि
निहसि-सइं बिन्हइ वंधीयइ नेत्र ॥२०८॥

पाट पति अर्थात् राज-सिंहासन और राज्य के सम्राट लूणकरण ने उन दोनों से युद्ध करने के अपने विचार पूर्व निर्णय को प्रकट किया। तब अधीनस्थ सामन्तों को बुलाने की आज्ञा दी गई। सामन्त गण अपार दल लेकर दोनों के खिलाफ आ गये। खेमाणगढ़ (वर्तमान राजगढ़ तहसील का गाँव खेमाणा) पर चढ़ाई कर दी। दुष्टों पर प्रहार करके उनको रणक्षेत्र में मरोड़ दिया। दोनों की आँखें बान्ध कर साथ ले आये।

भिन्न अर्थ—[विहुं अइ] (1) दोनों तरफ से आ गये।
(2) दोनों तरह के सामन्त आ गये।

Loon Karan the king disclosed his decision, taken after full consultation, to fight with the foes. Then the order to call the chiefs and nobles was issued. Numerous nobles with their force had joined him against both the foes. Khemaangarh (the village Khemaanaa) was invaded The villain opponents were struck hard and crushed. Both of them were taken with him by Loon Karan after they were blind-folded.

Different Explanation :

[विहुं अइ] (1) They gathered from both the sides.
(2) The nobles of both classes had assembled.

Historical Note :

(62) There existed a fort at the present village Khemaanaa known as Khemaangarh in the past, at a distance of about two miles from the town of Rajgarh under Churu district in Rajasthan. Later on Khemaanaa was granted to a barbar by the ruler of Bikaner.

चउरंगि काल झूलाळ चूरि
पत्र रथ सकता लया पूरि।
सग्राम भिड़इ ते रहइ सबल
लोटी गए खांयइ असुर लवख ॥२०६॥

सम्पूर्ण या समस्त चतुरंगिनी सेना के सुयोग्य योद्धा या सेनानायक, सखा व मित्रों सहित सबको रथों और शकटों यानी बैल-गाड़ियों में रणभूमि में भेज दिया। लड़ाई शुरू हो गई। लाखों या अपार असुरों (मुसलमानो) को जमीन पर लौटा दिया यानी लोढ दिया या पीस डाला या लुढ़का दिया-गुड़ा दिया। कालचक्र वश उनका विनाश हो गया। उनके हाथियों का चकनाचूर हो गया। मृतकों को मांसभक्षी पशु-पक्षी खाने लगे।

भिन्न अर्थ—[ते रहइ गण] (1) उनमें से बचे हुए लोग गनगनाने अर्थात् कहराने लगे।

[2] तेरहों झुण्डों या किस्म के व्यक्ति या राज मार्ग से आये लोग।

The prominent and capable commanders and warriors of the four divisions of the army were transported in a large number in chariots and bullock – carts from all the directions and high–ways in no time. The friends, allies or companions-in-arms too were inmersed in that force. The bloody encounter commenced at once. They put to sword innumerable unfortunate Muslim soldiers who were completely shattered. They also broke the elephants of the foe to pieces. Those who remained alive and wounded began to cry in pain and tremble. Flesh-eater animals and birds began to gobble the dead bodies.

Different explanations :

[ते रहइ गण] (1) Those who remained alive were found groaning.

(2) Different groups of soldiers came from all the directions from the thirteen high ways.

नेमियइ ऋन्नि मुहमुंद निहट्ट
थूरियइ असुर नागौर थट्ट ।
गह मत्ति गाउ राठौड़ गंजि
भूरा[63] रउ मूवयउ खाँन भंजि ।।२१०।।

नागौर के नवाब महमूद खान की निहटी असुरों की एक कोस तक फैली हुई विशाल फौज को लूणकरण ने बिजली की तरह कड़क कर हमला करके परास्त कर दिया । बुद्धिमान भूरा राठौड़ राजा ने महमूद का भंजन कर दिया अर्थात् घायल कर दिया व अगभंग कर दिया । उसको हरा कर और पकड़ कर छोड़ दिया ।

Rao Loon Karan attacked the wide spread in two miles and vast unnerved Muslim army of Mahmud Khan Nawab of Nagaur with loud noise and flash like that of the thunder bolt ie lightning and beat it down. The white complexioned Loon Karan the wise Rathore Raja caused injuries on the person or body of Mahmud Khan and mutilated him. He liberated him after arrest and the crushing defeat.

Historical Note :

(63) Bhooraa Rathore is the general title of the Rathores. It is understood that Rao Seehaaji—the originator of the Rathores of Bikaner and Jodhpur was very white complexioned. So his descendants began to be addressed as Bhooraa Rathores.

भंजियइ वधिउ मुहमुंद भ्रब्बु
प्रवीयउ उतारण मांड प्रब्बु ।
अणभंगि अहिपुर वइर अन्ति
खल सरिसो जैसलमेर खंति ।।२११।।

सम्राट लूणकरण ने महमूद की बढ़ी हुई शक्ति का भ्रम भंग कर दिया । तब नागौर के न टूटने वाले वैर का अन्त हो गया ।

After the defeat the delusion about the swelled up power or strength of Mahmud Khan came to an end. Thus the constant inmity with Nagaur came to an end.

जैसलमेर पर आक्रमरण

Invasion of Jaisalmer in 1514-1516 A.D.

(खल सरिसो जैसलमेर) नागौर के दुष्ट खान के समान ही जैसलमेर के भाटियों को समझ कर (अवीयउ मांड अव्वु उतारण खंति) अभिमानी माड के राजा (देवीदास) का गर्व या घमंड उतारने का उत्सुकता और सावधानी से निर्णय किया ।

Now the sharp attention of Loon Karan was attracted towards the proudy Bhaatees of Maadh who were considered villains like the Khaan of Nagaur. So he decided to bring down the arrogance of the Raawal Devi Daas of Maadh with abundant caution.

बड़े बड़े प्रवाड़े किए वसि
रा राउल ऊपरि वइर रसि ।
मन अउरस[64] वधियउ जिको माहि
अरि क्रंन्न माड ऊपरि अठाहि ।।२१२।।

रावल देवीदास नें बड़े प्रवाड़े-यानी पौरुष के काम करके बड़े बड़े राजाओं को अपने वश में कर लिया था । परन्तु उसके मन में अपने औरस पुत्र नरसिंहदास से विरोध बढ़ गया । राव लूणकरण और रावल देवीदास के केवल ऊपरी या दिखावटी मेल था । दोनों के आपस में वैर उत्पन्न हो गया था । जिस कारण से लूणकरण ने माड (जैसलमेर) के उस शत्रु पर अचानक चढ़ाई कर दी ।

Rawal Devi Daas had brought eminent neighbouring Rajas under his control by the performance of many a valorous deeds. But at heart he had fallen out with his own son Nar Singh Das. There existed mere outward show of harmony between the two Rajas Devi Das and Loon Karan. The animosity between them enhanced gradually. They were at daggers drawn. So Loon Karan mounted an attack on that inimical Raja of Maadh by surprise.

Historical Note :

(64) According Nainsee Muhata Devi Das had externed his own son Nar Singh Das from Jaisalmer. Nar Singh Das was the son of the sister of Loon Karan. He ran to Bikaner at his mother's house. The externment of Nar Singh Das might be, along with others, one of the reasons of the invasion of Jaisalmer by Loon Karan. Nar Singh Das had accompanied the invading army of Bikaner. *(Vide Khyaat by Nainsee, part II, page 85).*

लूणक्रन्न संनहइ सेन लक्ख,
पहु वइर उग्राहण बिहु पक्ख।
सत्रु राउल संकोड़िउ सनड्ढ
गा हटिउ विचार त्रिखूण गड्ढ ॥ २१३ ॥

प्रभु या सम्राट लूणकरण ने दोनों पक्ष के आपस के बैर के कारण प्रहार करने के लिये शस्त्र उठाये। लाखों यानि अपार सैनिकों को कवच पहनाये। दुश्मन जैसलमेर के रावल को मरोड़ दिया या मर्दन कर के उसे एक संकुचित घेरे में ले लिया। भाटियों की फौज पीछे हट गई और विचारपूर्वक त्रिखूण या त्रिखूंट गढ़ अर्थात् गोरहरे नामक पहाड़ी पर बने त्रिकोणे किले में घुस गई।

On account of the existing enmity on both the sides Loon Karan the king lifted up his arms against the Bhaatees. He armed and armoured a large army. He crushed the force of the Raawal of Jaisalmer and encircled them in a tight siege. The circumstances led Bhaatees to take an account of the consequences and to retreat. They entered into the fort, constructed on the Gorhare hillock and being triangular in shape was named as Trikoon-Kot for, safety.

घड़सीसर भेळिउ मिले घाई
रे हिलउ जइत राठउड़ राई।
उत्तंग धवल-हर धूणि आळि
पाधरा किया सर तणी पाळि ॥ २१४ ॥

ढोल नगारे बजते और युद्ध शुरु होते ही (बीकानेर की फौज ने) जैसलमेर नगर के जलाशय घड़सीसर तालाब को घेर लिया। राठौड़ राजा ने भाटी सेना के नायक राजकुमार जैतसी को हमला करके वहा दिया यानी पीछे धकेल कर परास्त कर दिया। उसके ऊंचे और उज्ज्वल हरट्ट यानी मजबूत महल को आसानी से रूई की तरह धुन डाला। राठौड़ों ने घड़सीसर तालाब की पाल (पानी रोकने की मिट्टी की चौड़ी और ऊंची आड़) को समतल कर दिया।

With the beating of kettle-drums and the tune of battle the strife commenced. The invading army encircled the large Gharsisar Tank, the only source of water supply of the town of Jaisalmer. The Rathore Raja marched forward and pushed the Bhaatee prince Jaitsee, the commander of the defending force backward and defeated him. The Rathores easily devastated or carded like cotton the high, strong and splendid palace of Jaisalmer. They also levelled the embankment of Gharsisar Tank.

रिणि रावल भागउ करनि राई
पिडि वळियउ खाखिउ पमाई।

खल सरिस न छंडइ चीत खउल
नीमिजइ भुज्ज सरि नारनउल ॥ २१५ ॥

राठौड़ राजा की करनी-धरनी या करामात या करतूत से रावल देवीदास रणभूमि से भाग गया। फिर देवीदास पिडां यानी स्वयम् सम्राट लूणकरण के पास सुलह करके खाखरा अर्थात् बाजरी की पतली और कुरकुरी रोटी यानी जैसलमेर की ऊसर भूमि प्राप्त करने लौट आया या चला आया।

Raawal Devi Das took to heels from the battle field on account of the might as well as miraculous deeds of valour of that Rathore Raja. Then Devi Das persanally returned or went to meet emperor Loon Karan as he was too eager to obtain the barren land of Jaisalmer, which was nothing more than the thin and hard cake of Baajaree, by making a treaty of peace with him.

ढोसी और नारनौल की चढ़ाई

Invasion of Dhosee in 1516-17 A.D.

[खल सरिस] लूणकरण इस भाटी के समान उसके दुष्ट साथी को [न छंडइ] छोड़ना नहीं चाहता था। [चीत खउल] इनका चिन्तन या स्मरण ही हृदय में खौलने लगता था। [नारनउल सरि नीमिजइ] नारनौल के तालाब में डुबकी लगाने यानी नारनौल पर हमला करने की नियत या विचार से [भुज्ज] उस तरफ भुजा उठाकर हमला करने का लूणकरण ने सकेत दिया।

Loon Karan did not like to spare the villains of Naarnaul who were wicked like Bhaatees and their coleagues or companions-in-arms. The very thought of those rascals would excite his anger to the boiling point. He decided to take a dipping bath in the tank at Naarnaul ie to invade Naarnaul. He pointed out by raising his hand towards Naarnaul, his thought or intention, to attack that region.

मच्छरिउं नवउ आरंभ मंडि
छिलीयउ वहइ मज्जीद छंडि।
डोळिया पवइ गिरि पुर दुरंग
तांणिया पठाणां सिरे तंग ॥२१६॥

लूणकरण ने मत्सरता वश नया युद्ध आरम्भ करने की नियत से सेना सुसज्जित की। पठानों के शिरोमणि दिल्ली के बादशाह पर या सिरे के अर्थात् सीमा पर, किनारे पर, स्थित उसके भूखण्ड पर हमला करने अश्व सेना के घोड़ों के तंग खिचवाये यानी युद्ध करने के लिये प्रस्थान करने की तैयारी करने का हुक्म दिया। राठौड़ सेना मार-काट करती हुई आगे बढ़ी। लूणकरण के भय से मुसलमान मस्जिदें छोड़ कर भाग गये। शहर और पहाड़ी किले पत्तों की तरह हिलने लगे।

Loon Karan armed his force and planned a new warfare on account of envy or malice with the Pathan king of Delhi. He got the girths of the saddle of the horses of his cavalry drawn tight in order to mount an invasion on the eminent head of the Pathans—the king of Delhi or to attack the land of the king of Delhi situated adjacent to the boundary of Bikaner state. The Rathore army advanced devastating the towns and villages and making bloody encounters. The Muslims were terrified of Loon Karan so they fled away deserting the mosques. The hill-forts and towns began to shake or toss about like the leaves of trees as if swept by wind.

असमान कंन्न आवइ अवाह
धूंसियइ सहर ऊभरइं धाह।
बइर हर अनड्डा तजिउ वाद
मइर हरि जाणु मूकी अजाद ॥२१७॥

अद्वितीय लूणकरण बिना किसी बाधा या रुकावट के आगे बढ़ गया। धूसी अर्थात् ढूसी या ढोसी शहर ने सुरक्षा की दृष्टि से सिर ऊंचा उठाकर और धहाड़ मारी या चिल्लाया। तब लूणकरण की दया के कारण वह शहर लूटमार से बच गया। वैरियों का हरण कर लिया गया। वे लड़ना भिड़ना और प्रतिरोध करना छोड़कर भाग गये। अपनी मर्यादा पर ध्यान रखते हुए हरिजनों व हरिभक्तों को मयर या मयार या दयालु लूणकरण ने दंड से मुक्त कर दिया। और अपनी उदारता वश उन्हें मार-पीट से बचा दिया।

बाबर ने पृथ्वी या भूमि को जीत कर कब्जा करके भारत के नवों खंडों को अपने वश में कर लिया। भारत के राजा लोग बाबर के दरबार में हाजिर रहते और उसको दंड या खिराज भी देते थे। इस देश के सम्राट बाबर के मर जाने पर सेना और सामन्तों व अमीरों ने अपनी मातृ-भूमि व खुरासाण का रास्ता पकड़ा।

Baber conquered and occupied land in Bhaarat and brought all the Nava Khands i.e. nine zones under his control. The rulers of all states attended his Darbar or court. They also had to pay tribute or penalty to Baber. Shortly after the death of Baber the Emperor of Bhaarat all the soldiers, and the commanders of his army as well as Amirs started for their home ie took the path or road or high way to their motherland and Khuraasaan.

Errata (शुद्धि पत्र)
Rao Jaitsee

पृष्ठ सं.	छन्द सं.	पंक्ति सं.	अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
169	223	24	श्रगों	श्रृंगों
169	223	26	सींग्गे	सींगों

पृष्ठ सं.	छन्द सं.	पंक्ति सं.	अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
173	2:8	16	लका	लंका
174	228	3	med	had
179	236	22	dynesty	dynasty
181	238	9	subject	subjects
187	244	10	शब्द after के वाद और battle से पहले the है।	the
192	250	3	अगट्ट	अगढ्ढ
			Baber	
197	257	29	शब्द like और fall के बीच में the है।	the

कामरान (Kamran)

बड़ रिप्प मीर बावर विपत्ति
तप्पियउ साहि कुंवरउ तखत्ति ।
आहंचइ सेन मेळइ उकंढ
राइठउडां नामण थियउ रंढ ।।२६४।।

भारत के महान शत्रु अमीर वावर का देहान्त होने पर कामरान (कावुल के) तख्त पर वैठा। वह बादशाह बन कर शासन करने लगा। कामरान ने राठौड़ों पर प्रहार करने और उनको झुकाने या विनम्र करने सेना इकट्ठी की। फिर लड़ाई हुई।

After the death of Amir Baber (on 30th December 1530 A. D.) the great foe of Hindustan Kuvaraa i.e. Kamran ascended the throne (at Kabul) and began to rule. Kamran collected or enlisted a large army to strike hard and to belittle and subjugate the Rathore rulers. Kamran mounted an attack on Bikaner State and gave battle.

लगु मालइ वीर तिमिर लिंग
घर काजि विढइं राठउड़ धिंग।
संड तेणि सँजाणिउं जइंत सत्र
पाति साहि सरस फाड़िया पत्र ॥२६५॥

तैमूर लंग (लिंग) के हमले से पहले ही बलवान और हृष्ट-पुष्ट राठौड़ राजा मल्लीनाथ और वीरमदे वगैरा लगातार अपनी भूमि की रक्षा करने में सुलतान कामरान के समान शत्रुओं से लड़ते रहे। इसलिये जैतसी ने भी कागज फाड़ कर खास रुक्के भेज कर जवान और बलवान वीर सैनिकों को बुलाकर एकत्रित किया और उनको युद्ध के लिये अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग सिखा कर तैयार किया।

From before the invasions of Bhaarat by Timur *Lang (in 1397-98 A.D.)* the *hefty* and *strong* Rathore Rajas including Raawal Malli Nath and Veeramde carried on the constant strifes for the defence of the land of their kingdom against the Muslim invaders like Sultan Kamran. Rao Jaitsee too issued Khaas Rukkas i.e. personal letters to his feudatory chiefs and nobles and called and collected stout and strong young warriors. He trained, equipped with arms and prepared that force for strifes.

सुरतांण छत्रीसइ छत्र साधि
पड़ंयइं विचइ जेता पचाधि[82]।
गढपति बिग्रां सह मिलिउं गाउं
राठउड़ अगंजित एक राउ ॥ २६६ ॥

सुलतान बाबर ने राजपूतों या क्षत्रियों के छतीस राजकुलों के या अन्य पांडवा (बंगाल) और पचाधों के (पुराने अविभाजित पंजाब) के क्षेत्र के बीच में जितने राज्य थे उन सब को विजय कर लिया। सारे दूसरे राजा लोग एक कोस सामने आकर एकत्रित होकर बाबर को मुजरा करने हाजिर होते थे। केवल एक राठौड़ राव जैतसी ही अपराजित था।

Sultan Baber had conquered all the kingdoms of the soverign rulers in Bhaarat, including the Rajas of the thirty six royal races of the Kshatriyas, lying between Pandua (in Bengal) and the abode of Pachaadhaas (in old undivided Punjab) Rathore King Jaitsee alone remained unconquered. All other Rajas and Nawabs used to collect and go to meet and salute Baber at a distance of one Kose i.e. two miles in his reception.

Historical Note :—

(82) Pachaadhaas are a criminal tribe of converted Muslims in the Punjab and Hissar region.

असमाधि एह सुरितांण अंगि
राठउड़ राव हालइ विरंगि।
खिजिमिती न अप्पइ देस खाइ
दीवाण न मन्नइ दरस राइ ॥ २६७ ॥

राठौड़ सम्राट जैतसी मुगल सुलतान के विरोध में चलते थे। यह बर्ताव सुलतान के अंग में पीड़ा उत्पन्न करता था। जैतसी एक बड़े राज्य का उपभोग करते थे। वे मुगल सुलतान की खिदमत नहीं करते थे। जैतसी सुलतान के आधिपत्य को भी नहीं मानते थे और न वे मुगल दरबार में जाते थे।

Rao Jaitsee the Rathore king was enjoying and ruling over a large kingdom as an independent sovereign. He neither rendered any service to the Mughal Sultan Humayun nor to Kamran nor attended his durbar nor owed any allegiance to him. This hostile attitude or conduct of Jaitsee the sovereign ruler wrankled in the heart of both the Mughal Sultans.

राठउड़ रुउद्रां मिलिउं रूठ
दीवाणि परायइ आवि दूठ।
जांनुआं न नामइं जेम जट्ट
पालठीवइ सिजांणइ प्रघट्ट ॥ २६८ ॥

दूसरे विदेशी सम्राट के दरबार में बलवान वीर जैतसी के आकर मिलने के प्रश्न पर मुगल सम्राट और राठोड़ों में वैमन्यस्यता या नाराजगी हो गई। घुटने टेक कर जाट की तरह मुजरा करने को जैतसी तैयार नहीं थे। अतः जैतसी का राज्य व प्रभुसत्ता पलटने के लिये सुलतान प्रकट रूप में तैयारी करने लगा।

The strong and valorous Jaitsee was not prepared to go and attend the durbar of that foreign sovereign and to kneel down and salute like a Jaat. On the point of attendance in durbar or its refusal animosity developed between the Rathores and the Mughal Sultan Kamran. He resolved to depose Jaitsee from the sovereign state and began to make preparations for it openly.

परघान परट्ठिउं पातिसाह,
महु वन्न जिहूंता सेन माहि।
निज डंड देहि जा लष निमंध,
करि श्रेव जहत का नामि कंध ॥२६६॥

सुलतान कामरान ने अपना प्रधान भेजकर कहलाया कि मधुर मरुधर जंगल प्रदेश के अन्दर जहां तक उसकी सेना है तब तक लाख रुपये दण्ड व खिराज के देने का प्रबन्ध कर लो। जैतसी सुलतान की स्वयम् सेवा करे या कन्धा झुका कर मुजरा करना मंजूर करे।

Sultan Kamran sent a word with his envoy that so long as his army was present in the pleasant desert land of Marwar i.e. Jangal Pradesh he should make an arrangement to pay rupees one Lakh as tribute or penalty to him during that period. Jaitsee should render personal service to that Sultan or accept to kneel down and bow to salute as his subordinate i.e. should accept his allegiance.

पइं नमुं सीस त्रीलोक पत्ति
विधि श्रेवा लागइं त्रिहुँ बखति ।
श्ररि श्रसुर न मन्नइं गिणइं देस
नीसंध कंध जंगल नरेस ।।२७०।।

हे राव जैतसी ! श्राप त्रिलोक पति-भगवान श्रीकृष्ण की कई विधि से तीनों वख्त सेवा करते और श्रीकृष्ण की मूर्ति के चरणों में शीश झुकाते हो । परन्तु मजबूत कंधों वाला जांगलधर देश के राजा जैतसी आपकी इस सेवा पूजा का कोई असर शत्रु पर नहीं है । सुलतान कामरान के साथ आपकी कोई सन्धि नहीं है । यह यवन शत्रु आपकी स्वाधीनता को नहीं मानता । वह आपके देश को अपने साम्राज्य का अंग समझता है ।

Oh ! Rao Jaitsee you worship Lord Sri Krishna in different manners thrice a day. You also humbly bow your head at the feet of the statute of Lord Sri Krishna but it has no effect or is not in effective range. Oh ! broad and strong shouldered and valorous Rao Jaitsee the Raja of Jangal-Desh you have no treaty with Sultan Kamran. That Muslim foe does not recognise your sovereignty and independence. He considers your kingdom as a part of his empire.

खीजियइं ताहु गज थट्ट घेड़ि
निज सेन छ खंडा हूँ निवेड़ि ।
काबिलो फिरंगी मिलिउं कोड़ि
छिलियो असंख दल छोड़ि छोड़ि ।।२७१।।

उसने झुंझला कर आक्रमण करने के लिये फौज और हाथी इकट्ठे किये । अपनी नजर के सामने अपनी सेना को छः खंडों में विभाजित करने के फैसले की हां भर कर निपटा दिया । उस कामरान की फौज में असंख्य काबुली और फिरंगी यानी गोरे या यूरोपियन (European) लोग आ मिले । वह बहुत बड़ी सेना यह जगह छोड़ो-छोड़ो कहती हुई उमड़ पड़ी ।

Kamran got enraged and collected or enlisted a large number of soliders and elephants for the invasion of Bikaner. He agreed and settled the proposal to divide his army in to six divisions under his own eyes. A large number of Kaabulees and Firangees i.e. Europeans had joined the force of Kamran. Then the soldiers of that army uttered the words to quit-to quit that camp or place where it was putting up. Thereafter thal army marched in groups at top-speed.

उजबकी एक रोमी श्रयार
पाफरउ रुद्र खेलिउं खंधार ।
चतुरंग महादल मीरि चाडि
म्हेलहाए दोघ दिस मारुश्राड़ि ।।२७२।।

उजबकिस्तान के या तारतारी लोग, रोमी यानी रूम के लोग या तुर्की के लोग शत्रु सेना में एकत्रित हो गये। काफिर मुसमानों की कंधारी अश्वों की सेना हँसी खेल करती हुई मारवाड़ की तरफ पड़ाव देती हुई बढ़ने लगी। उस चतुरंगिनी महान सेना में श्रमीर लोग युद्ध के लिये सम्मिलित हो गये।

Ujbaks or Tartars and residents of Roam and Turkish soldiers also joined that enemy force. The cavalry of the infidels consisting of Kandhaaree horses advanced and encamped by stages with gay and merry making towards Marwar. Amirs of the kingdom of Kamran too joined those four divisions of that large army to give battle.

मवकडां[63] मुख मुंडा मुगल्ल
श्रद्दयावन्त बाएो श्रभुल्ल ।
ऊंपिली मूठि दिसि पाय श्रंधि
पाडइ भमंता गयएि पंवि ।।२७३।।

मुगल सिपाही जवान बिना मूंछों के छोकरे थे। उनके मुंह माकड़

अर्थात् लंगूरों जैसे थे । वे निर्दयी थे । बाण चलाने में अचूक थे । पायकों यानी पैदल सेना के सिपाहियों की दृष्टि या नजर उत्तम थी । आकाश में बादल छाये हुए होने पर भी आँखों से देखकर बिजली की गति से आकाश में उड़ते हुए पक्षियों को (बाण से) गिरा लेते थे ।

Mostly the Mughal soldiers were mere young boys who had not yet grown the moustache. The shape of their faces was like that of a Maakar i.e. Indian Langoor or black-faced monkey. They were cruel by nature but crack-shots in hitting at the bulls eye. The distant eye sight of those soldiers was very keen. They could see and shoot down the birds flying in the over-clouded sky with lightning speed.

Linguistic Note :—

(83) This verse is similar in description of soldiers as those of verse No. 148 of the Chhanda by Soojaa.

विकराळ[84] झाळ वन्ना विकट्ट
गहमत्त ग्रोठ गंधे गरट्ट ।
निय मुषिख जइंत जंपइं नरेस
दिसि पुछइ जंगल तणा देस ॥२७४॥

मुगल सेना के सिपाही मोटे ताजे, कई रंगों के, स्वभाव से भयंकर, क्रोधी, पराक्रमी और बुद्धिमान थे । गंधर्व यानी गाने बजाने वाले भी उनके साथ थे । वे नजदीक से मुंहामुंह या सम्मुख आकर बात करके राजा जैतसी के जांगल-देश की दिशा की बाबत पूछते थे ।

The Mughal soldiers were of different complexion, huge in size i.e. hefty, formidable, fiery, stout and strong and wise. The army was accompanied by the band of musicians. They used to come near and utter by turning their face towards the individual, asking him for the direction of Jaangal-Desa the kingdom of Raja Jaitsee.

Linguistic Note :—

(84) This verse is also similar in the description of the soldiers of the Mughal army as those of verses 146 and 147 of the Chhanda of Rao Jaitsee by Soojaa.

कुल हाल काल भूलाळ कोपि
रिणि जाँहि न भज्जिउ जंगु रोपि ।
अन्तरा पंच सइं मीर एक
हिल्लियउं हजारी लक्ख एक ॥२७५॥

कुलफत से या शत्रुता से काल के समान प्रकोपित मुगल-सिपाही उन्मत्त झूल वाले हाथियों के झुण्ड के साथ हालते-डोलते या हुल्लड़ करते हुए चलते थे । युद्ध शुरू करने के बाद वे रणक्षेत्र से भाग कर नही जाते थे । पाँच पाँच सौ सैनिक एक साथ एक अमीर सेनापति के अधीन कुछ दूरी या फासले से चलते थे । इस तरह एक-एक हजारी सेना नायकों के नीचे कामरान की एक लाख सिपाहियों की फौज चल पड़ी ।

The Mughal soldiers were enraged like God of death on account of enmity. They moved with the group of armoured, and wrapped with or over spread cloth, rogue elephants raising turmoil. They would not retreat or fly away from the field of battle after the commencement of the strife. Every platoon or squadron of five hundred was at some distance from one another under a commander. One lakh Mughal army was advancing under several commanders of one thousand soldiers each. All were under the control of their general.

जम जाळ काल विकराळ युद्धि
सर वेध सवद्दी हिया सुद्धि ।
निमेड़ि नालि गोळी निरित्ति
पड़ ओसि डंडा युद्ध वहइं खित्ति ॥२७६॥

वे सिपाही युद्ध में काल के समान विकराल थे। अथवा वह फौज जाल फैलाने या डालने वाला जमघट था। अथवा यमपाश थी। हृदय की या दिमाग की सावधानी से वे शब्द भेदी बाण चला कर दुश्मन को समाप्त कर देते थे। वे तीर व बन्दूक से गोली चलाने में निरत या लीन रहते थे। वे लड़ाई में लाठी से भी मारने में समर्थ थे। वे पृथ्वी पर प्यासे भी यात्रा कर सकते थे।

भिन्न अर्थ—[तीसि] वे एक दिन में त्रिसत यानी तीस कोस यात्रा कर सकते थे।

The Mughal soldiers were formidable in strifes like the God of death. That army was a throng which would cast a net of death for the foes. With full careful attention of the mind they could shoot an arrow on an unseen person, hearing any sound made by him, and kill him. They were engrossed with in discharging bullets and cannon balls from the guns and cannons. They could kill the foes in a fight with sticks. They could travel or traverse on land even if thirsty.

Different Explantion :—

[त्रीसि] They could travel or traverse thirty kos i.e. sixty miles in a day.

दुर मुखस अधर्म्मि किया दूत
सुरिताण हित्त आइति संजूत।
ताणइं कमाण अड्डार टंक
लेवा फिरि वांनर हिलिउ लंक ॥२७७॥

ये फौजी सिपाही बद शक्ल और अधर्मी थे। उनमें कुछ जासूसी करने वाले थे। उनमें कुछ शरणागत भी थे। वे सब सुलतान के हित में संयुक्त होकर काम करते थे। वे अठारह टंक वजन की कमान ताण या खींच सकते थे। वे युद्ध में ऐसे झपटते थे मानो लंका को विजय करने वानर-सेना ने हमला कर दिया हो।

Some of the Mughal soldiers were ugly to look at and unscrupulous. The refugees or fugitives had also joined that force. Some of them carried on espoinage. All of them jointly acted for the benefit of the Sultan. They were so strong as to enable them to draw a bow weighing eighteen Tanka. In a strife they would pounch upon the foes as if it was the force of the monkeys attacking to conquer and capture Lankaa i.e. Ceylon.

बुर नवक दूत कांने विसाल
क्रिति कुंभ श्रंखि टांमक कपाल।
तूपकां हत्थ नालो त्रिकंट
झूझा गहिल्ल बावर बझंट ॥२७८॥

दूतों यानी जासूसों के नाक बूरे हुए से या ढके हुए से अर्थात् छोटे और चपटे थे। कान बड़े थे। आँखों की आकृति घड़े जैसी गोल थी। कपाल या माथा (सिर) ढोल की शक्ल का था। हाथ शक्ल में तोप जैसे थे। कंठ या गले की नाली त्रिकोण थी। युद्ध के लिए वे पागल या उन्मत्त थे। उनका बाबर से बझाव यानी सम्बन्ध था अर्थात् वे बाबर की सेना में रह चुके थे।

The spies were snub-nosed. Their ears were large and broad. Their eyes were round in shape like a pitcher. The head was drum shaped. The hands appeared like a cannon in form. The tube of the neck was triangular in shape. They were connected with Baber ie had served Baber in some capacity. They were mad or over anxious for a fight.

गुप्पिती हथ छउ ही गुंज्ज
भूयाण कसिस निमज्जि भुज्ज।
अइयादि कलम्म उकरइं अंगि
बंगाल काल मुखि दियइं वंगि ॥२७९॥

उनके हाथ में गुप्ती और गुरज यानी गदा भी सुशोभित थी। वे हाथ में भुजत्राण पहने हुए थे व तीर और तुणीर या तरकस कसे हुए थे। उखराली (जमीन पर) बिना बिस्तर व खाट सोते हुए उठ कर निमज्जित होते अर्थात् स्नान करके अयाद यानी भूला हुआ कलमा व नमाज मुल्ला के, समय होने पर मुख से, बांग देने पर, पढ़ते थे।

The turn out of the Mughal soldiers with a sword-stick, and club in hand, and putting on armour of the hand, was fine, along with drawing bow and arrow. They would get up early in the morning from the ground on which they were sleeping with out any matress and cot and take bath. They would recite the Kalmaa faint from their memory and perfoim Namaaj-at the cry and call of Mullaa at its proper time.

पखरां जिरह आंगा प्रघट्ट
खळहळइ बगत्तर कड़ी खट्ट।
संजोइ सयल संन्नाह् संच
पिडि वहइ लोह् मण दूण पंच ॥२८०॥

मुगल सिपाहियों का जामा और जिरह बख्तर प्रकट दिखाई देते थे। वख्तर खड़खडा रहे थे। उनकी कड़ियाँ खट खट ध्वनि या आवाज कर रही थी। घोड़ों और हाथियों के पाखर लगे हुए थे। संचित सनाह या सिरत्राण आसानी से उपलब्ध थे। युद्ध में दस मण लोहे के अस्त्र-शस्त्र चलाये जाते थे।

The Mughal soldiers were putting on coat of arms and an iron armour made with rings-which was exposed to view openly. The movement of the coats of mail and the rings produced tapping sound. The elephants and horses were also covered with armour. The hoarded helmets were easily available to the soldiers on demand. In the battle arms and armours of iron weighing ten maunds were used.

काबिली इसा चढिया फटक्क
सारंग रजी मूझइं समक्क ।
गडडंति मांहि मत्ता गयंद
फरहरइ चिंध डोलइ फणिंद ॥२८१॥

फौज के काबुली सिपाहियों की चढ़ाई ऐसी बड़ी थी कि वहां उड़ी हुई धूल फैल गई और समक्ष या सामने आये मृग मुरझा गये । नगाड़ों की गड़गड़ाहट के अन्दर या साथ मतवाले हाथी चिंघाड़ रहे थे । वहां मुगलों का झंडा फहरा रहा था । फौज के भार से पृथ्वी को संभालने व उठाने वाला शेष नाग डोल रहा था ।

The movement of the invading army of Kabul raised much dust all around. The deer in front of the high way by which the invading army was advancing fainted in that area. To the sound produced by the kettle-drums was added the trumpeting of the rogue elephants. The flag of the Mughal army was seen flying afloat in the sky in the air. The hood of the .. Naaga-the king of the serpents, who was .. up the weight of the whole earth began to wave.

परटियउ पयाणउं पात साहि
मयमत्त हसती सेन माहि ।
दिसि बीक द्रुग्गि आवइं दुएस
सलहलइं भारि कूरम्म सेस ॥२८२॥

स्वयम् सुलतान ने आक्रमण करने के लिये प्रयाण किया । वह द्वेष के कारण बीकानेर राज्य के किले की तरफ आया । उस सेना में बहुत मदोन्मत्त हाथी थे । उनके भार से कूर्म और शेष नाग, जिन पर पृथ्वी का भार था, सल सल ध्वनि करते हुए हिलने लगे ।

The Sultan himself commenced the expedition towards the directions of the Fort of Bikaner City to invade it on account of malice. He advanced in that direction at the head of his army which was crowded with rogue elephants. The tortoise and Shesha Naaga the king of the serpents-who were lifting up the weight of the whole earth began to wave with the hissing sound.

पतसाहि सेन आवइं प्रघट्ट
थरहरइ भोम हा हंस थट्ट।
वाजित्र नादि सद्दे विसाल
पड़ि सदे द्रिमइं सातइं पयाल ।।२८३।।

बादशाह की फौज प्रकट रूप में हल्ला करती हुई आगे बढ़ रही थी। अश्व-सेना में हा हा हा हँसी की आवाज हो रही थी। वाद्य यंत्र का तेज स्वर और शब्द बहुत दूर तक फैल रहा था। भोमिया यानी भूस्वामी या जागीरदार कांप रहे थे। पृथ्वी की सातों परतें (पुड़ि) धमाके की ध्वनि कर रही थी।

The army of Sultan was advancing with loud uproar openly. The squadrons of the cavalry were proceeding with the sound of laughter. The sharp tune and sound of musical instruments was spreading far and wide. The feudatory lords of land were trembling. The seven folds of the earth were resounding with thumping sound.

नह सहरइं दळां वहतां निमंधि
कूरंम भारि अद्धार कंधि।
अउ घटे पाट पट्टाइं मोद्द
फण ग्रिडइं सेन हा हसि फुणिंद ।।२८४।।

रास्ते चलती हुई फौजें विजित शहरों का उचित प्रबन्ध नहीं कर सकी। मद अर्थात् जोश में आई हुई फौजें जमीन पर फैली हुई थी।

उनकी घाट अर्थात् बनावट अपूर्व थी। सेना के दल हहा यानी हल्ला करते हुए व हसित हँसी मजाक करते हुए चल रहे थे। पृथ्वी के आधार कछवे के कंधे और गर्दन पर जमीन का भार आ गिरा। शेष नाग का फण वजन से टूटने लगा।

भिन्न अर्थ—[थट्टाइं मीद्] फौजें विजय की उम्मीद में थी।

The divisions of the Mughal army were inflamed with zeal. The army was arrayed in a novel manner. The divisions and squadrons of the cavalary were advancing with sound of laughter and scoffing in cheers. The army under march could not make proper arrangement for the control and administration of the cities and towns captured and conquered by it. The tortoise and the Shesha-Naag-the king of serpents who were holding up the weight of the whole earth like pillars felt the strain of weight of that Mughal army. The shoulder and neck of the tortoise and the spread-hood of the serpent king were about to reach the breaking point on account of that weight.

Different Explanation—

[थट्टाइं मीद्] The army was looking up with the expectation of victory.

मूंगली घड़ा दिसि मारुआड़ि,
चाडइं तुरग कोमंड चाडि।
झबकंती टोप दळि झल्ल राळ,
मसकते जाणि नखत्र माळ ॥ २८५ ॥

मुगल सेना के दल व अश्व सेना युद्ध के लिये धनुष बाण चढ़ा कर मारवाड़ की तरफ बढ़ रही थी। उनके सिर पर टोप चमक रहे थे। फौज के साथ की रोशनी चारों तरफ इस तरह फैल रही थी मानो नक्षत्रों या तारों की माला हो।

The Mughal infantry and cavalry had drawn the arrow on the bow and was advancing towards Marwar for the strife. The bright helmets were seen glittering in the light. The light carried with it by that force was speading far and wide as if it was a garland of stars.

लाहोर हूंत किउं दळे लंघ
पाहाड़ द्रिमइं पाए पवंग ।
जग्ग मग्गि प्रघट्टउ ग्रंध जाए
भीभली रजी सूझइ न भाए ।।२८६।।

लाहोर में जगमगाहट के साथ सेना प्रकट हुई । सेना ने कई नदियों और पहाड़ों का लंघन करके पार किया । घोड़े के पौड़ों से भीमल या हानिकारक धूल उड़ी । प्रचंड पवन के कारण ऐसा मालूम होता था मानो आँधी आ गई हो । उस वक्त सूरज भी दिखाई नहीं देता था ।

The army left Lahore with the bright glimmer of light in appearance. It crossed over many rivers and hills. The dust raised by the hoofs of the horse was dreadful. On account of violent wind it was felt as if the dust storm had begun. Even the Sun was not visible.

काहलां नफेरि डउंडि कोडि
जंगीया सहित दम्माम जोडि ।
सुरताए सेन वाजिग्र सद्द
रेए पुडि मातउ खुर रवद्द ।।२८७।।

हर्ष से युद्ध के ढोल और शहनाई जांगड़ (मुसलमान ढोली) और दमामियों की जोड़ियां बजा रही थी । साथ में डूडी भी पीटी जा रही थी । पृथ्वी की परत या तल पर घोड़ों के पौड़ों से बहुत कोलाहल हो रहा था । सुलतान की फौज वाद्य यंत्रों के शब्द के साथ आगे बढ़ रही थी ।

The pairs of Jaangars (Muslims) and Dammamees (Hindu) 'Dholies'–i.e., drummers were playing upon large-kettle-drums and clarionets with pleasure. The proclamation for invasion and march of the army was being notified by beating of drums. The sound produced by the impact of the hoofs of the horses with the upper layer of the earth was resounding in the air. The army of Sultan Kamran was advancing with the loud and sweet tune or sound of the instruments of martial music.

आवइ असंख दळ आ न्रिमिध
चडिया लगस्स आगासि चिध ।
प्रम्माण एह दळ पाति साहि
म्लेल्हाण पड़इं चहुं कोस माहि ॥२८८॥

बादशाह की फौज का यह प्रमाण है कि यह असंख्य अतुल्य-दल आ रहा था। उस फौज का झंडा इतना ऊँचा चढ़ाया हुआ था मानो वह आकाश के जा लगा हो। सेना का पड़ाव या मेल्हान यानी ठहरने का स्थान चार कोस (आठ मील) के घेरे में पड़ता था।

The very large and matchless army was proceeding towards Bikaner State. The flag of that Mughal force was raised so high as if it was touching the sky. The encampment of that Mughal army would spread in an area of four Kosa or eight miles. This was enough proof to presume that it was the army of the Sultan.

आहुति अघृत्ता असमान
खाफरउ रुद्र खंधार खान ।
खेड़िये तुरंगे खुरासाण
भटनेर प्रघट्टा उदइ भाण ॥२८९॥

काफिर भयंकर यवन (मुसलमानों) की सेना कंधार के खान के खुरासानी घोड़ों पर चढ़कर व चल कर सूर्योदय के समय भटनेर में

पहुच कर प्रकट हो गई। ऐसा मालूम हुआ मानो वे बिना घी के दूसरी हवन में डाली जाने वाली सामग्री से अपूर्व यज्ञ करने आये हों अथवा शत्रु को बिना बड़े सामर्थ्य, के अनोखे वीरों को होमने या नष्ट करने आये हों।

The infidel Muslim soldiers and the Khaans of Kandhar travelled on the back of Khandhaaree horses and reached and appeared at Bhatner at sun rise. The army arrived as if it had come to perform a matchless Homa-i.e. sacred fire sacrifice by throwing oblation without Ghee i.e. clarified butter into the sacred fire i.e. to destroy or burn up the foes without great valour.

सन्नाहिं सेन मिरि दुरंग सज्जि
तह ज महर कीधा जतन तज्जि।
आइयउ विढण खेतल अलंगि
फिरि सूर प्रघट्टउ मेरु अंगि ॥२६०॥

सेना और जागीरदार सामन्तों व सरदारों को बख्तर और शिरस्त्राण युक्त किया। किले में युद्ध की सामग्री सुसज्जित या इकट्ठी की। भयभीत या डरे हुए महरों या कहारों को होश में या तहजीब में रखने के लिये तह तक जाने की कोशिश की। फिर बाद में उन्हें त्याग दिया। भटनेर का गवर्नर या मनसबदार खेतसिंह राठौड़ बिना किसी रुकावट या हिचकिचाहट के लड़ने के लिये आ निकला। खेतसिंह इस तरह बाहर निकल आया मानो सुमेरू पर्वत के शिखर पर सूर्य उदय हुआ हो।

Khet Singh – the Governor or Mansabdar of Bhatner provided armours and helmets to the soldiers of the army, and chiefs and nobles who were companions-in-arms. He made proper arrangement for provisions and arms in the fort for the apprehension of being besieged. He tried to go up to the depth to encourage the Maharas or Kahaars i.e.

menial servants who were terrified and perturbed. But he gave them up in the end. Khet Singh Rathore–the Governor came out of the fort to give battle without any hesitation as if the sun had arisen on the peak or top of the mount Sumeru.

सुरतांण कहइ बद्धा विसेस
दूजाइं समप्पउं घणा देस।
जमह खड़क्कि मम मांहि जंग
दळ ताणि दहि हींदू दुरंग ॥२६१॥

सुलतान को विशेष तौर से सूचना मिली या कहलाया गया कि (खेतसिंह ने) इस देश का बहुत बड़ा भाग तमाम ब्राह्मणों को समर्पित कर दिया है। अब खटका या आशंका है कि जमहर या जँवर करेंगे। फिर इस हिन्दुओं के किले को जला देंगे। फिर सुलतान से युद्ध शुरू करेंगे और उसकी फौज को खींचेंगे और ताड़ना देंगे।

A word was sent to the Sultan and it was specifically mentioned that Khet Singh had donated a large part of the land of this region to the Brahamins. It was apprehended that he would perform Javhar i.e. the act in which women would hurl themselves on the flames of the burning pyre and thus would sacrifice their lives in order to save their honour. Thereafter the Hindu fort of Bhatner would be set to fire and burnt. Then Khet Singh would open the battle and would put pressure on the army of the Sultan which would face death and destruction.

खेतलउ विसइं मारुआड़ि[85] खंड
दळ आगु हुअइं न देहि दंड।
विढ़ि देस विसोवा गिणे बीस
सुरतांण भटे लउ सरिसु सीस ॥२६२॥

खेतसिह राठौड़ दल के आगे होकर मारवाड़ देश की रक्षा में उसकी तरफ से लड़ेगा। खेतसिह दंड नहीं देगा परन्तु युद्ध में अपना शीश दे देगा। यह बीस बिस्वा समझ लें कि खेतसिह क्रोधवश निश्चित ही सुलतान के भटों या वीरों से भिड़ेगा और उनसे लोहा लेगा।

Khet Singh Rathore would lead his army in the battle for the defence of Bhatner which is a part of the kingdom of Marwar (Bikaner). He would prefer to give his head in the battle but he would not pay any penalty. It may be taken for granted that enraged Khet Singh would certainly wage war with the warriors of the army of Sultan to defend his mother-land.

Geographical Note :—

(85) According to Aa-Ini-Akbari Marwar is 100 Kosa (200 miles) in length and 60 kosa (120 miles) in breadth and it comprises the Sarkars of Ajmer, Jodhdur, Sirohi, Nagaur and Bikaner. As Bikaner is part of Marwar so the poet has described the ruler of Bikaner as lord of Marwar (Vide H.S. Jarretts Translation Vol. II, Page 276)

तूपकां लक्ख हथनाळि तीर
माचियउ ढोल साखंति मीर।
नर वान्नर निसिहर दळ निसंक
लड़ं कार व मत्तउ जांण लंक ।।२६३।।

मीरों और अमीरों के समक्ष युद्ध शुरू हो गया था। ढोल वज रहे थे। लाखों तीर चल रहे थे। तोपें और हथनालें छूट रही थी। वीर पुरुष राक्षसों और बन्दरों के झुण्ड की तरह उन्मत्त होकर लयकार अथवा प्रलय के समय का सा भयंकर शब्द कर रहे थे। मानो वे लंका विजय करने के लिये लड़ रहे हों।

The battle had commenced in the very presence of Amirs and top-warriors. The kettle-drums were being sounded. Numerous arrows were being shot.

The large cannons as well as match-locks were discharged. The over-anxious-warriors were roused and raising tumult like demons and monkeys fearlessly as if they were fighting and were about to conquer Lankaa i.e. Ceylon.

बरतियउ रमायण गंजि दोम
घिघिलया हुवाई अग विघोम।
रण जंग तणा खेतलह रोपि
कलिलिया कि वानर चडिउं कोपि॥२६४॥

युद्ध में भिड़न्त या मार-काट होने लगी। तोपों के छूटने की विशेष आवाज, चिनगारियां और धूंआ हवा में फैलने लगा। ऐसा विनाश होने लगा मानो राम और रावण के भयंकर संग्राम का समय बरत रहा हो या चल रहा हो। खेतसिंह के पुत्रों और भाइयों ने रणक्षेत्र में जंग करने के लिये अपने पैर जमा दिये थे। लड़ाई में ऐसा जोरदार कोलहल हुआ मानो बन्दरों के दल ने कोप करके चढ़ाई कर दी हो।

The bloody encounter had commenced. The loud report of the cannons was heard. The smoke and sparks were seen flying in the air. The slaughter in the battle was so great as if it was the time of fierce struggle and fight between Lord Rama and Raavana. Khet Singh and his sons and brothers had congealed or consolidated their feet in the field of battle. The tumult in the battle field was very great as if it was an attack by the force of enraged monkeys.

खेतसी पडंती दुरगि खंडि
मुणि सा तणि आविउं गात्र मंडि।
मातउ कमंडु थरहरइं मेन
सइं अगि निहिट्टिउं विनइ सेन॥२६५॥

अपने पक्ष के वीरों के गात्र यानी शरीर अस्त्र-शस्त्र से मंडित करके और व्यूह रचना करके खेतसी सागर के समान विशाल शत्रु सेना को ताड़ना देने युद्ध में उतर आया। वह कमंध यानी कमधज (राठौड़) शौर्य में माता अर्थात् अति श्रेष्ठ था। खेतसिंह के दोनों निहटी सेना के बीच में साथियों और अग रक्षकों सहित आने से मैनाक यानी हिमालय पर्वत की चोटी थरहराने लगी। खेतसी के संग्राम में धराशायी होते ही भटनेर का किला भी खंडित हो गया।

After getting his force armed and armoured and arrayed in battle order Khet Singh Rathore the top valorous warrior entered the field of battle to strike hard at the army of the foe which was vast like sea. He along with his companions-in-arms and body guard entered deep into the center of both the steadfast armies. Then Mainaak-the high peak of Himalaya mountain began to quiver. With the fall of Khet Singh in the battle field the fort of Bhatner too was broken and captured.

अंतेउर[86] परिगह सउं अभंग
पुथि वइसि विमाणे जीपि जंग।
कहि प्रब्ब खेत्रि बइकंठ लीधु
कड़ थि लिउं असुर कुरुक्षेत्र कीधु ॥२६६॥

जौहर से पहले अन्त.पुर का महल परिग्रह सहित अभंग रहा। जंग में विजय प्राप्त करने खेतसी ने अपने वाहन अर्थात् घोड़े पर सवार होकर रणक्षेत्र में प्रवेश किया। उसने कड़कड़ी करके या हिम्मत करके युद्ध में स्थिरता प्राप्त की। खेतसिंह ने यवनों या मुसलमानों के साथ उस युद्ध को, कुरुक्षेत्र का पांडवों–कौरवों का महाभारत के संग्राम के समान भयंकर बना दिया। तब खेतसिंह ने पुण्य तिथि के दिन स्वर्ग लोक प्राप्त किया।

But the ladies and maid servants appartment of the palace-remained intact before Janvar. Khet Singh entered the field of battle on his charger to obtain victory. He did pluck up courage and obtained stability in the strife for some time. He fought so valiantly with the Muslims and gave that battle an appearance as if it was as fierce a battle as that of Kurukshetra between Pandawas and Kaurvas of Mahabharat era. Then Khet Singh fell and obtained heaven on that auspicious day.

Historical Note :—

(86) The rite of Janvar or Johar or Jauhar is performed when the fort cannot be defended. In order to avoid the captivity of Rajput women and save their honour every female in the fort tock to self-immolation by burning themselves in the enflamed fire.

खेतसो बहिउ भटनेर खंडि
मारुग्राहि सीस ग्रारंभ मंडि ।
हिल्लिया महादळ जाण हींम
सुरतांण पईठउ देस सीम ।।२६७।।

खेतसी का वध होने और भटनेर के किले को खंडित करके कामरान ने मारवाड़ की सिरमौर यानी राजधानी बीकानेर पर आक्रमण करना मंडित कर दिया यानी निश्चित करके तैयारी कर ली। बड़ी फौज इतनी तेज चल पड़ी मानो हिम या बर्फ के पिघलने पर नदी का पानी तेजी से बह रहा हो। फिर सुलतान ने बीकानेर की राजधानी सीमा में प्रवेश किया।

After Khet Singh was killed and the fort of Bhatner was devastated Kamran resolved to invade Bikaner the prominent and first city and capital of Marwar. The large Mughal army marched at top speed as if the water of the river was flowing swiftly after thaw. Then Kamran entered with in the limits of the capital city of Bikaner.

बहतइं कट्टविक रोही विचालि
मिलियंध पीथ द्रिमि थळे माल ।
संमिलइं रजो हइ पाइ सब्भु
ऊडी गिगिन्नि बीजोइ अब्भु ।।२६८ ।।

चलती हुई मुगल सेना ने जंगल को विचाल दिया यानी बरबाद कर दिया। सभी घोड़ों के पैरों यानी पौड़ों से उड़ी हुई धूल आकाश में सम्मिलित होकर वहाँ छा गई। ऐसा दिखाई देने लगा मानो आकाश में दूसरा आसमान पैदा हो गया हो। सूर्य अंधकार से आच्छादित हो गया। द्रुम यानी वृक्ष व थलेचर अर्थात् पृथ्वी पर रहने वाले जीव-जन्तु और माल यानी पशुधन अस्त व्यस्त हो गया।

The Mughal army on its march devastated the jungle around the high—way in the desert. The dust raised by the feet and hoofs of the horses covered the sky. It appeared as if another artificial dusty sky was created under the sky. Even the sun was covered with that dust and darkness had set in all around. The trees, the cattle, the birds and animals which lived on that land got perturbed and topsy-turvy.

वनिगहि बहुत कोठे बजार
चउहट्टा हट्ट मद हट्ट चार।
सुरितांण तणइं दळि भाख सबल
लंजी दुकान वाणिज्ज लक्ख ।।२६६।।

जहाँ सुलतान कामरान का शिविर लगता वहाँ बाजार लग जाता। वहीं अमीरों के कोठे यानी तम्बू लग जाते। चोहटे में यानी चौपड़ा बाजार में हाटें लग जाती। उनमें चार शराब की दुकानें होती थी। उन दुकानों में बहुत सी चीजों की बानगी या नमूने मिल जाते थे। वहीं विलास प्रिय स्त्रियों के खेमे लग जाते थे। सैनिकों की भाषा व बोली सखरी यानी उत्तम थी। उन दुकानों पर लाखों का व्यापार होता था।

In the camp around the superb tent of Sultan Kamran-large number of tents were pitched for the Amirs and the commanders. A market with shops on all the four sides of a square was set up near that camp. The shops contained numerous samples of different articles for sale. The sale proceeds of those shops went up to lakhs of rupees. There also existed four wine shops in the market-place. The tents of flirt and beautiful amorous women too were set near about that camp. The sweet and fluent tongue of the Mughal soldiers of that force was audible in their own dialect all around that market.

पूरिउ तडंग जिम गंग पत्थि
सम्मटि वाणि हलावि सत्थि।
नद्दियां तणइं थळ-वट्टि नीरि
मुह छोडि कटक पाईया मीर ॥३००॥

नदियों के किनारों को छोड़कर फौज के आगे बढ़ने पर भी थली अर्थात् धोरा धरती के रास्तों पर फौज के सिपाहियों और सेना-नायकों व अमीरों को पानी मिल जाता था। तड़ाग-तालाब व लम्बे रास्ते पर पानी का ऐसा भरपूर इन्तजाम रहता था-मानो वहां गंगा नदी बह रही हो। सेनापति की सम्मति और हुक्म से सेना व साथ का काफिला आगे बढ़ना शुरू करता था।

Even after leaving behind the bed of the rivers of the Punjab-enough arrangements for water supply were made on the high-ways of the land of high and many sand dunes. Enough water was available to the soldiers, commanders and the Amirs of that army. Abundant overflow of water gave the inpression as if the river Ganges was flowing by the side of the army. The soldiers, associates and attendants could commence the movement and go on advancing accornidg to the directions, advise and orders of the commander-in-chief.

नर लंघि दुगम थळ माराति
पासरणा मूकंया सर प्रभाति ।
म्लेहांण, दीध, सावांण मंडि
खाफरे आवि मारवाड़ि खंडि ॥३०१॥

वीर पुरुष व सिपाहियों ने दुर्गम थली अर्थात् ऊँचे धोरों की धरती और मारत (मारुति) प्रचंड हवा के स्थल को पार करके तालाब के पास पड़ाव दिया। प्रभात के समय उस स्थान को छोड़ दिया। फिर फौज आगे की तरफ फैली या बढ़ी। काफिर मुगल दल मारवाड़ खंड की सीमा में आ पहुंचा। वहाँ तम्बू खड़े करके पड़ाव दिया।

The male soldiers and brave warriors entered and crossed the land of high sand dunes and hurricanes and encamped near a tank. They left that place in the morning and began tomarch forward and spread the expansion of that force. Then those infidel-Mughals arrived with in the territory of Marwar–i.e. Jangal-Dhar-Bikaner. Thereafter they got the tents pitched there and also held their bivouac at that place.

दाणवे दिसइं बीकम दुरंग
पद्धरा सरा खडिया पवंग।
ढइचाळ पूठि, ढलकति, ढल्ल
नेजा गगन्नि लागा निहल्ल ॥३०२॥

मुगल दानव सीधे रास्ते या राह बीकानेर के किले की तरफ या दिशा में घोड़ों को चला कर बढ़े। उनकी पीठ पर लटकती हुई ढालें ऐसी मालूम होती थी मानो गिद्ध-पक्षी बैठा हो या उसका पंख लटक रहा हो। निहचल यानी अचल ऊँचा भाला ऐसा दिखाई देता था मानो आकाश को छू रहा हो।

The demon Mughals took the direct short cut in the high way in the direction of Bikaner fort and advanced towards it quickly on horse back. The shield hanging on the back of the riders appeared as if the vulture was sitting there or a wing of the vulture was hanging down. The immovable spear was raised sky high.

गडडंत मत्त पह पइं गयंघ
चडिउं गगन्नि जइरक चिंध।
प्राजळइं लाख पीवइ प्रघट्ट
थिउ तेणि जोति हालंति थट्ट ॥३०३॥

विरोधी मुगल दल के मस्त हाथी राज मार्ग पर गड़गड़ा रहे थे या चिंघाड़ रहे थे। जरीदार झंडा आकाश में ऊँचा चढ़ा हुआ था। असंख्य अर्थात् एक लाख प्यासे सिपाही जल पीते प्रकट दिखाई देते थे। फौज चल रही थी। उसी समय ज्योति या प्रकाश प्रज्वलित हुआ और सूर्य निकल आया।

भिन्न अर्थ— [प्राजळइं] प्यास की जलन से।

The rogue elephants of the hostile Mughal army were trumpeting on the high ways. The flag of the cloth woven with gold thread was seen raised high up in the sky. Numerious thirsty soldiers were seen drinking water openly. The movement of the force was continued. Just at that moment the hight appeared in the sky and the rising sun came out.

Different Explanation :
[प्राजळइं] On account of ardent thirst.

मेइणि पुड़ि महा कमंडु मन्नु
सामुद्रं मजा मेल्हइ कि सत्रु।
ऊपड़ी घड़ा कालो अमृत
रचि रूपकि कंठळि मेघ रित्त ॥३०४॥

उत्कृष्ट मुगल फौज समुद्र के समान विशाल थी। उनके शत्रु की मजाल नहीं थी कि वह उस इकट्ठी की हुई फौज का मुकाबला कर सके। मेण यानी मेन या कामदेव अर्थात् मुगल दल में काम वासना फैली हुई थी। उस काम वासना की दवाई की पुड़िया राठौड़ राजा जैतसी का महा मंत्र था। बीकानेर की स्त्रियों के सतीत्व की रक्षा जैतसी के हुक्म से राठौड़ दल करता था। शत्रु का घना या गहरा घड़ा या दल इस प्रकार आक्रमण करने उमड़ पड़ा मानो रति उत्पन्न करने वाली अमृत के समान प्रिय काले बादलों की कलायण या घटा विरचित होकर शोभा दे रही हो।

The matchless army of Sultan Kamran was vast like sea. The order of Jaitsee Rathore king to his army to safe-guard the chastity of the girls and women of Bikaner State was the only packet of medicine or remedy against the keen desire of the Mughal soldiers for coition. The crowded enemy force sprang up for an attack as if the group of dark raining clouds was formed and created a majestic scene to attract the cupid the creater of the desire for coition-dear like nectar to the people.

पति साह सेन आयां अघट्ट
निसि लंगी बीक द्रुग्गिहिं निहट्ट।
दीवीयां जोति मातउ दिवंस
वडं गिरे जाण प्रजलइ वंस ॥३०५॥

सारी रात पर्यन्त मुगल बादशाह की न हटने वाली फौज बहुत तेज रोशनी में बीकानेर के किले की तरफ चल कर आ पहुंची। मशालों का प्रकाश इतना प्रचंड था मानो दिन निकल आया हो। अथवा बड़े पहाड़ पर बांस प्रज्वलित हो गये हों।

The stead-fast army of Sultan Kamran advanced towards the fort of Bikaner for the whole night, in very bright light and reached there. The torch or

flambeau light was so brilliant as if the sun had arisen or the bamboos on a high hill had caught fire and were aflame.

बहु सद्द फट्ट गोवाल बूब
अडियइं चाडि ग्राठुए त्रिब ।
यधियइं जुगौत्री दुज्ज बाल
मुगलां वळे छाईया माल ॥३०६॥

युद्ध का नगाड़ा व ढोल आठों दिशाओं में बजाया जा रहा था। बम्ब के स्फोटन की बहुत जोर की आवाज से गुआल यानी गोपालक या गवाल लोग घबरा कर पुकारने लगे। मुगल सेना ने द्विजों यानी ब्राह्मणों को उनके बालकों व बालिकाओं को और उनके गौत्र व वंश के लोगों को बन्दी बना लिया या कैद में डाल दिया। इकट्ठा पशुधन सर्वत्र छा गया।

The sound of the kettle-drums for a strife was audible in all the eight directions. On account of the explosion of a bomb the cowherds lost heart and raised a cry. The Brahmins, their young boys and girls and the people of their gotra or clan were arrested and put behind the bar by the Mughal army. The cattle and animals got collected and spread out in all places.

चलचलइ चियरि सीम चवक
कंपिया भऐ दाणव कटक ।
ग्राकुली अबल झूरइं अलंग
भइ वाति चिहूं दिसि पडिउं भंग ॥३०७॥

बीकानेर राज्य की चारों सीमाओं पर चवक और गांव चलायमान हो गये। वे मुसलमान राक्षसों की फौज के भय से कांपने लगे। अभंग व्याकुल अबला स्त्रियां दूर बैठी रो रही थी। भय के वातावरण में चारों दिशाओं में भगदड़ मच गई।

भिन्न अर्थ—[भइ वाति] वार्ते हुई यानी बातचीत हुई।

The people of Bikaner villages and hamlets were unnerved or perturbed on all the four boundaries of that state. They began to be terrified on account of the fear of the army of the Mughal demons. The bewildered untouched virgin girls and women wept in remote places. In that atmosphere of fright people all around took part in the stampede.

Different Explanation:

[भइ वाति] They talked.

गाथा–Gaathaa

दरसांणा पति साहि तणां वळ
छिलिया सात समुद्र महाछळ ।
आडउ जइंत प्रजाद अतुल बळ
आज सही हींदूवइ आगळ ॥३०८॥

मुगल बादशाह का दल इतना विशाल दिखाई दिया मानो इस बड़े युद्ध के लिये सातों समुद्र उभर आये हों । अतुलित बली, मर्यादा पालक जैतसी की सेना ही इसकी आड या रुकावट है । इस समय हिन्दुओं के बचाव की जैतसी ही सही या सच्ची अर्गला है ।

The Mughal army of Sultan Kamran was so large in appearance as if the seven seas had swelled and protruded on the land to join that great battle. But the matchless army of the high principled, and dignified Jaitsee-stood in the way as a blockade. Jaitsee who had immence strength of body was the only authentic impediment for the defence of the his Hindus in those days.

नव सहसा निसि नांग मंई
पउरसि दक्खि पमाण ।
सम्र खापर घड़सीह सरि
मंडि रहिउं म्हेल्हाण ॥३०९॥

हजारों की जनसंख्या वाली नव कोटी मारवाड़ की धरती के महिपाल जैतसी का पराक्रम दक्ष प्रजापति के समान प्रमाणित था। जैतसी रात दिन अपनी प्रजा की रक्षा में पहाड़ के समान आडा था। काफिर शत्रु की सेना बीकानेर शहर के घड़सीसर तालाब पर आ पहुंची। मुगल वहाँ पड़ाव मंडित करते रहे।

Jaitsee-the king of the land of the nine forts of Marwar i.e. Jangal-Desa the resident population of which ran to thousands was as strong and valorous as Daksh Prajapati was Jaitsee obstructed the Muslim force from harassing or abducting his subjects like a hill, day and night. The force of infidel Mughals arrived at the large Gharseesar tank of Bikaner city. They went on pitching their camp on and around that tank.

पाट प्रधाने पाट पाति
दाखिउ विढिवा दाउ।
समहर करि सुरिताण सउं
गढ़ छंडिऊ गज गाह ॥३१०॥

सुलतान कामरान से किले का युद्ध करने के बाद पाटपति-यानी सिंहासन के मालिक जैतसी ने अपने प्रधानमंत्री को आगे युद्ध करने का दाव या योजना बताई। जैतसी ने उसे किले को हाथियों के झुण्ड सहित छोड़ देने का हुक्म दिया।

After fighting with the force of Sultan Kamran in the Bikaner fort for some time Jaitsee the king of Bikaner explained the strategic plan of the next battle to his prime minister. He directed him to retreat with the army and elephant force and vacate the fort.

इम जइंता आरंभ गुरु
खत्रिका थियइं न खंड।
माल इही जुधु मंडिउ
छळि दळ मिणि अड छंडि ॥३११॥

जैतसी, जिसका क्षत्रित्व खंडित नहीं हुआ था, ने इस तरह बड़ा युद्ध आरंभ कर दिया। पशुधन को उस झुण्ड के पास के उसी या इसी अड्डे पर छोड़ दिया। जैतसी ने युद्ध करने वाले दोनों दलों की संख्या को गिण कर या माप से या अनुमान से पता लगा कर युद्ध आरंभ करने की योजना बनाई।

Jaitsee who possessed all the virtuous qualities of a Kshatria resolved to open and begin that great battle. The cattle were retained at the same or near by halting place or the stand. He made the plan of the battle after finding by measuring or counting and taking the relative comparative strength of both the armies into thoughtful consideration.

क्षिति चंपी खत्र खेलतां
जइअ वसी जगदीस ।
सलह इरा सुरिताण सउ
विढ़ि सु बिसोवा बीस ॥ ३१२ ॥

जैतसी के हृदय में भगवान जगदीश का वास या निवास था। जैतसी ने रणक्षेत्र की भूमि क्षितिज तक खेलते हुए ही अर्थात् आसानी से पैरों से दबा कर यानी घूम फिर कर देखली थी। इर्द-गिर्द से आये सुकर्मी सहायक वीरों से लड़ाई की बाबत सलाह की। जैतसी ने यह निश्चित कर लिया था कि वह सुलतान कामरान से अवश्य युद्ध करेगा।

भिन्न अर्थ – [वसी जगदीस]

(1) जैतसी के वश में भगवान जगदीश था।

(2) इस बस्ती या आबादी के जगदीश के भक्त लोग जैतसी के हक में थे।

Jaitsee was the great devotee of Lord Jagdeesh-the God over the whole world. He had examined the land of battle field, by walking over it and had acquired the knowledge about the suitability of that land of this zone, upto the horizon easily as if he was playing. He

consulted the virtuous neighbouring warriors and his allies about the plan of the battle. Then he decided to give battle to Sultan Kamran without fail.

Different Explanation :

[वसी जगदीस] (1) Jagdeesh the God was inclined or bent towards Jaitsee.

(2) The residents of this inhabited land of the state of Bikaner who were devotees of Jagdeesh were in favour of Jaitsee.

मुगल भये मंडोवरां
सिव हरि अवहरि सारि।
वसि सुनह लहि सइं वळिउ
कुल छलि चूका कारि ॥३१३॥

सुख शान्ति को हरण या भंग करने वाले और सब कुछ अपहरण करने वाले मुगलों का भय लोगों में मंडोर तक फैल गया। मुगलों के हमले की सुनते ही इस देश के वासिन्दों यानी निवासियों ने जवान साथी और घोड़ों का समूह इकट्ठा कर लिया। क्योंकि इस देश के युद्ध में राठोड़ों और राजपूत वंश के सम्मान की मर्यादा की रक्षा करना था। इस अवसर पर चूक जाना या खो देना अपमानजनक था।

भिन्न अर्थ—[वसि] वसीले वाले यानी रिश्तेदार [सइं वळिउ] साथियों के सहित लौटे।

The fear of the Mughals who destroyed the pleasure and peace of the country and plundered the people had fully frightened the residents of the region upto Mandor. When the residents of the Jangal-Desa heard or learnt about the Mughal invasion they immediately collected strong force of young warriors
omission of this step.
portunity to fight for
stige of the Rathore
royal Rajput clan.

Different Explanation :

[वसि] Persons who had direct approach or were relations.

[सइं वळिउ] Returned with the companions-in-arms.

विधिकइ जइता बाहरां
साहि बीजइं स प्रमाण ।
तूं आंसारइ आवीयउ
भुइं छळि कविला भांण ।।३१४।।

जैतसी ने कहा है—कामरान यह कई विधि से प्रमाणित है कि तूं भारत से बाहर का आक्रमणकारी शत्रु और दूसरे देश काबुल का बादशाह है। कैलाश पर्वत पर अकारण उदय हुए सूर्य के समान तूं यहां युद्ध करके भूमि विजय करने आया है। तेरो यहां आने को नियत आसार हीन या व्यर्थ है।

भिन्न अर्थ—[जइता विधिकइ बाहरां] जैतसी की कुछ प्रजा बिदक कर यानी भयभीत होकर बीकानेर राज्य से बाहर चली गई थी।

[आंसारइ आवीयउ] किसी लक्षण या ढंग से हमला करने आया।

Jaitsee uttered—Oh ! Kamran-thou art the invader foe and the king of a foreign country Kabul which is apparently proved by all legal means. You have invaded this country with the intention to conquer land in the battle. Your unreasonable appearance here is worthless like the rise of the Sun on mount Kailaash. This invasion is totally in vain.

Different Explanation :

[जइता विधिकइ बाहरां] Some of the subjects of Jaitsee were terrified and had gone out of the Bikaner state.

[आंसारइ आवीयउ] He mounted the invasion on account of some public character in a grand manner.

चक्रवतु जइतु धरा छलि चढीया
चतुरंग सेन स झाझा चलिया।
चडिउं गडढि जंगी धाइ चडिया
चीधा लग सगगन पुडि चढीया ॥३१५॥

चक्रवर्ती सम्राट जैतसी ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये युद्ध करने चढ़ाई कर दी। उसने बड़ी और दृढ़ चतुरंगिनी सेना के साथ शत्रु दल को झंझोड़ने या विचलित करके जंग में विजय प्राप्त करने, नगाड़े की चढ़ती चोट के साथ, झटपट चढ़ाई कर दी थी। जैतसी ने गर्जना करते हुए जब चढ़ाई की उस वक्त बीकानेर राज्य का झंडा आकाश के पट से जा लगा था।

Jaitsee the emperor of Jangal-Desa had promptly mounted the counter-attack for the defence of his mother-land at the head of the large and strong roating four divisions of the army in order to thrashout victory. Then flag of Bikaner state was flying sky high with the loud sound of kettle-drums.

गूडुळि रजी गयण गह वरीया
आवियउ कोटि थाट ऊतरिया।
धुड़डइ ढोल दमाम धिमइ धर
सउ सुरताण मंडियइ समहर ॥३१६॥

गोधूलिक समय उड़ी धूल आकाश में छा रही थी। तब इस मातृभूमि का रक्षक गंभीर जैतसी किले से उतारी हुई फौज को लेकर शत्रु दल की तरफ गया। सब जगह आतन्क छाया हुआ था। ढोल धीमी आवाज या ध्वनि में धुड़धुड़ा रहे थे। तब विजय: प्राप्त करने के लिए सुलतान कामरान के साथ समर करना मंडित हो गया था।

Sober Jaitsee the protector of his mother-land had mounted the attack with the army which was brough-out from the fort at the time of twilight in the evening when the sky was covered with dust. The atmosphere

was full of apprehension and fear all around at that time. The slow sound of the kettle-drums was audible. He went towards the place where the invading army of the Northern Zone had encamped. In order to carry out the resolution of Jaitsee to win the battle with the army of Sultan Kamran had commenced.

नर हय्मर पखर धरर
सन्नहियइं सुभट्ट ।
मिलिया सहि मरुधर तणा
चंगा चोबा वट्ट ॥३१७॥

राठोड़ों की फौज के सिपाहियों और सेना-नायकों ने बख्तर और सिरत्राण धारणा किये हुए थे। घोड़ों के पाखर लगाये गये थे। मारवाड़ के सब मजबूत युवा वीर क्षत्री चोबदारों या नकीबों सहित एक स्थान पर सम्मिलित हुए। वहीं से घोड़ों पर सवार होकर उन्होंने रणक्षेत्र का रास्ता पकड़ा था। घोड़ों के चलने से धरर-धरर शब्द हो रहा था।

The soldiers and the commanders of the Rathore army had put on armours and helmets. The armours were put on the horses too. All the strong and young Kshatriya warriors of Marwar i.e. Jangal-Desa had assembled along with the Naakeebs i.e. call-boys and the bards at one selected place. They had mounted on the horses there before they proceeded towards the field of battle. The movement of the cavalry and infantry produced the sound as 'dharar dharar'.

सांहणा वहऊ सद्द नद्द
मिलिउ भेरि नीसांण ।
वित्त हाडियइ ब्रहासं से महर
चडिऊ जइतु सुरितांण ॥३१८॥

घोड़ों को छोड़ने पर महरे जाति के सईश विलखे भटक रहे थे। वाही निकाले हुए यानी प्रशिक्षित व अभ्यस्त घोड़े व वाहन चलते हुए तुरन्त ताजा हिनहिनाहट का शब्द कर रहे थे। भेरी और नगारों की ध्वनि मेल खा रही थी। तब मालूम हुआ कि जैतसी सुलतान कामरान पर हमला कर रहा है।

On being separted from the horses the syce or grooms of Maharaa caste were seen sad and wandering. The trained, and drilled and employed horses were making fresh sound ie neighing in no time. The kettle-drums and clarionets were ringing harmoniously. It was then apparent that Jaitsee was mounting an attack on the Sultan Kamran.

राजवंश और वीरों को अश्व आवंटन

The distribution of horses to the members of the royal family and warriors of royal race.

साद्द प्रघट्ट साहणी
आइ सुलद्ध अपार।
वाजिन वेविउ राउतां
विलह तुला ईम वार ॥३१६॥

सदू साहणी अपार सुलब्ध अश्व लाकर सामने आया। इस समय यह तय किया गया कि घोड़ों के गुणों और लक्षणों की तुलना करके ही वे विलय किये जावेंगे अर्थात् बांटे जावेंगे। वे अश्व राजकुमारों और रावतों यानी वीर सामन्तों को दिये गये।

Sadoo Saahanee-the master of horses came out with numerous fleetest and fine horses which were available. It was decided that the horses would be distributed after taking into account their quality and nature this time. There after those horses were presented to the princes and feudatory chiefs and nobles.

भारथ संप्रत्तइं भिडरिण
अति गहि पउरिस ईम ।
जुजु दिल राजा जइतसी
भिड़ तेजल गज भीम ॥३२०॥

राजा जैतसी का भाई तेजसी, इस दिल्ली के बादशाह बाबर के अंश, कामरान के साथ लड़ेगा । गंभीर तेजसी अत्यन्त पराक्रम से इस प्रकार युद्ध करेगा मानो प्रत्यक्ष में भीम पाण्डव महाभारत के संग्राम में हाथियों से भिड़ कर उनका संहार कर रहा हो ।

In this war-fare of king Jaitsee with Kamraan the son of emperor Baber of Delhi, Tejsee-the brother of Jaitsee, would fight with great valour as if Bheem Pandava was actually in collision with or dashing against and killing the elephants in the great battle of Mahabharat.

महिपुड़ि विनइं न मामहों
पउरिस तेज प्रघाट्टि ।
तुदि सन्नहि तेजसी
तिम गागा-जल थट्टि ॥३२१॥

इस धरातल में तेजसी के समान विनयशील, पराक्रमी, विजयी, प्रतापी, तेजस्वी दूसरा कोई प्रकट नहीं हुआ है । उसी प्रकार फौज में पाखर लगा हुआ उसका गंगाजल नामक घोड़ा श्रेष्ठ है ।

Tejsee had apparently surpassed one and all in this region in the qualities of head and heart as well as body, like decency in manners or civility, valour, glory, influence, victory and magnificience. Similarly his armoured charger Gangaajal the fleetest horse was superior to all the horses in the cavalry.

छन्द Chhanda i.e. Verse

गंगाजल निलई उदंग गत्ति
मृग जेम कप्पि भंपा मिलत्ति ।
दीन्हउ संनाहि तेजल दुभल्लु
होइवा कियउ धड़धड़ह ढल्लु ।।३२२।।

गंगाजल अश्व मृग की तरह या बन्दर से मिलती-जुलती यानी समान झपट कूद करता था । वह शीघ्र ही गतिशील हो जाता था । इस पाखर लगे घोड़े को दुर्धर्ष तेजसी के भवन पर ही दे दिया था । उसे रणक्षेत्र ले जाते समय वह घोड़ा धड़धड़ शब्द पैदा करता हुआ ढल गया अर्थात् आगे निकल गया ।

The charger Gangaajal would jump and spring up like a deer or a monkey. The horse would speed up in no time. The armoured horse was presented to valorous prince Tejsee at his palace. On his way to the field of battle Gangaajal moved producing 'dhar-dhar' sound and passed on towards it.

जन्नया पत्त सामंद्र जत्ति
धुन्नया मग्गि कंपइ धरत्ति ।
सन्नहिउ गंगाजल सुचंग
तेजसी चईनउं ताणि तंग ।।३२३।।

गंगाजल घोड़े का जन्म समुद्रपार के मुलक का था । उसके माता पिता की साख या प्रतिष्ठा बड़ी थी अथवा वह उत्तम नस्ल का था । उसकी यह प्रवृति थी कि वह रात्रि में भी धुन से या लगन से चलता था । इस सुन्दर सुगठित और तन्दुरुस्त घोड़े के पाखर यानी बख्तर लगाया गया । इसके चलते समय रास्ते की धरती धूजती या कम्पायमान होती थी । तेजसी ने आराम से इस घोड़े की काठी का तंग खेंचा ।

Gangaajal horse, brought to Bikaner, was born in an ultra-marine country. Its mother and father were of reputed pedigree. It was well-known that this horse would travel according to its whim or with keen desire even in the night. The ground under its hoofs would quiver. Tejsee drew hard the girth of the saddle of this armoured, strong and fleetest, beautiful horse with full ease.

सामंद्र समझि वेहरी सवख
निलु गहइं न लायइ अंवि नख्ख ।
थिउ तास कृत्त सींगार थट्ट
पाट पति रयण विलहउ प्रघट्ट ।।३२४।।

सींगारथाट्ट नामक घोड़े का मालिक कीर्तिमान था । वह समुद्र पार के देश का था । यह घोड़ा समझदार था । नक्षत्री था । भाग्यशाली था । वह सवार का दूसरा मित्र था । घर में ठाण पर लाये बिना यह घोड़ा पानी ग्रहण नहीं करता था यानी पीता नहीं था । पाटपति सम्राट जैतसी ने यह घोड़ा रणमल को प्रकट रूप में वितरण किया ।

Sringaar-thaata horse was of the stud of a famous man. This horse was imported from some ultra-marine country. This horse was wise, sane, fortunate and lucky. This horse would not drink water except at the manger in the stable. This horse was an another good friend of the rider. Jaitsee the king openly entrusted it in distribution to Ran-Mal.

सिगारथट्ट गिरिणि पहं सिघ
महियलिइं निखेड़ि उडार मंघ ।
भाई छलि रतनउ भिडण भारि
किरि कूंपउ चडिउ छुरीकारि ।।३२५।।

सिंगारथाट्ट घोड़ा सिंहों के श्रेष्ठ पहाड़ों के निवास का यानी गिरनार के पहाड़ों के राजा का था। भूतल पर वह किसी खेड़े या गांव का नहीं था अर्थात् जंगली घोड़ा था। दौड़ने पर वह मृग के समान उड़ता था। इस युद्ध का भार जैतसी के भाई रतनसिंह पर (राव मालदेव के मारवाड़ के सेनापति) कूंपा के समान था। रतनसी छुरी कटारी चलाने में दक्ष, कारगर या चतुर था। रतनसी इस अश्व पर सवार हुआ।

भिन्न अर्थ—[किरि कूंपउ] मुकुटधारी या सर्वोपरि वीर कूंपा।

Singaar-thaata was a wild horse from the stud of the Raja of the grand and lofty Girnar hills-the renounded sanctuary of the lions in Gujrat. This horse would run fast and spring up like a deer. The burden of fighting and coming to a clash with the foes, in this battle for the sake of his brother Jaitsee, rested on the shoulders of valorous Ratansee like Koompaa the brave general of Rao Mal Deo of Marwar ie Jodhpur. Ratansee who was skilled and expert in the use of dagger mounted on this horse.

Different Explanation : [किरि कूंपउ]

Koompaa the superb or exalted warrior.

स्म रंगी डौभू किता सिभ
बिलवकुली निला फुरिणी प्रियभं।
पाबू-पसाव पंडव पलाणि
पहु चढइं राम सजि खग्ग पाणि ॥३२६॥

पाबू पसाव घोड़ा रंगीला अर्थात् आकर्षक था। स्मरणीय था। भौंरी के समान काला था। उसका ललाट और नथना विकराल था। उसकी सिंह के समान अयाल थी। जल उसे बहुत प्रिय था। इस घोड़े को खरीदा गया था। सईस ने इस पर काठी मंडित की। इसका स्वामी

रामसिंह, अस्त्र शस्त्र से सुसज्जित होकर, तलवार हाथ में लेकर, इस घोड़े पर सवार हुआ।

The purchased charming horse Paaboo-Pasaava was black in colour like a black bee. The nostrial and forehead of this horse was frightful. It was fond of water. Ram Singh, the master of this horse armed himself and put on an armour, lifted up his sword in hand and mounted, on this notable horse, having the mane like a tiger, after the groom had put saddle on it.

पेरिणेउं फुरिणि, रेवंतपसाउ
घड़ सत्रां करावइ छोहि घाउ।
पउ जगउ कविल्लइं विढण बार
नेतलइ विलिहि मांझी निडार ॥३२७॥

रेवंतपसाउ घोड़ा पैरणी यानी झूल धारण करने पर फड़कने लगता या फुरतीला या चंचल हो जाता। शत्रु दल पर हमला करते समय छोड़ने पर यह अश्व दुश्मन पर प्रहार करवाता था। इस तरह शत्रु को कैलाश या स्वर्ग भेज देता था—यानी मरवा देता था। इस जगत में बड़ भागी और निडर सेनापति नेतसी को युद्ध के समय यह घोड़ा दिया गया।

Revant-pasaava horse would begin to flutter after the Jhool or its cloth-covering was put on it. In an attack on the foes this horse would enable its rider to strike hard blows and kill them. This horse was presented to the great fortunate man of this land Netsee the fearless commander of the Rathore army just before the battle.

खूदंति लेगणे चलणे खवास
नींमडिइ पट्टि ग्रेडे विनास।
पिय थाउ चडिउ दयिखउ प्रमाण
नइमलउ घोर पंडीर जाणि ॥३२८॥

खवासा घोड़ा चलने या हमला करने पर एक अक्षोहिणी सेना को ही कुचल देता था। शत्रु दल के निवड़ जाने या समाप्त हो जाने या उसका अन्त हो जाने पर ऐसा मालूम होता था मानो शत्रु ने उस हमला करने वाले वीर को क्या बुलाया है—विनाश या काल को ही तेड़ लिया हो। इस राज्य के सम्राट जैतसी की इच्छा और कथन के अनुसार घोर वीर जयमल इस अश्व पर चढ़ा मानो स्वयम् भगवान शिव सवार हुए हों।

In an attack on the army of the foes the famous horse Khavasaa would crush the large enemy force. When the rider of this horse contributed to put the enemy force to an end–it was taken for granted that the enemy had invited or challenged the very Kaala i.e. God of death in that strife. According to the ardent desire, orders and request of Jaitsee the king of this region the calm or scerne, steady and valorous hero Jaimal mounted on this charger as if Lord Shiva himself was riding on that horse.

ताणेवि तंग मोती तुरंग
सोभ्रज सुलीण साकति सुचंग।
धरम्मु छळि चढिउ संग्राम धीर
काबिली घड़ा भंजण कठीर ॥३२६॥

मोती घोड़ा सीधा और अभ्यस्त था। वह मजबूत, हृष्ट-पुष्ट और चंगा या तंदुरुस्त था। चारजामा या काठी लगा कर तंग खींचने पर यह घोड़ा तेज चलने में लीन हो जाता था। धैर्यवान संग्रामसिंह काबुल की फौज के दल का विनाश करने इस धर्म युद्ध में इस अश्व पर सवार हुआ मानो केहरि या सिंह ही घोड़े पर चढ़ा हो।

The very strong and healthy horse Motee was a trained and tame charger. After the saddle was put on it and the girth was drawn hard or tight, this horse

would absorb itself in pacing at fast speed. The prudent, steady and brave Sangram Singh mounted on this charger as if the tiger was riding on it to crush and smash the army of Kaabul in the righteous battle.

पांच रतन संफुरी डिभ पाइ
निलु ग्रहइ फुरिग्गि मूठी निग्राइ ।
वित्थरिउ सब साकति बहास
दे पंड, कुवर नारयणदास ॥३२०॥

पंच-रतन सफरी घोड़ा था। उसके पैर भ्रमरी जैसे काले रंग के थे। फेरने पर इतना उछलता था मानो आकाश को छू रहा हो। फौज के सब घोड़ों पर चारजामा या काठी और बहुमूल्य सजावट लगी हुई थी। उन घोड़ों को नियमानुसार न्याय से वितरण किया गया या बांटा गया। सईस ने इस अश्व की लगाम राजकुमार नारायणदास की मुट्ठी में दे दी।

All the horses which were decorated with costly saddlery w[illegible] to the just and set rules. P[illegible] horse-having all the four legs black in colour like a black-bee, would spring up sky high when it was put to speed. The groom handed over the reins of this horse to Prince Narain Dass who held it in his grip.

कल्याग्ग-पंच रेहांक वट्टि
धर पवग्ग बेगु सुविसाल घट्टि ।
सांकरइ कुवरि; दीन्हउ संनाहि
पूंगलो घड़ा भेळिसइ माहि ॥३२१॥

पंच-कल्याग्ग घोड़े के ललाट में सफेद टीका और चारों पैर सफेद या श्वेत थे। इस घोड़े की भाग्य रेखा (अंक) उत्तम थी। यह घोड़ा

आत्म अभिमानी था। उसका शरीर सुन्दर और विशाल था। धरती यानी जमीन पर वह पवन के वेग से चलता था। पाखर लगाकर यह घोड़ा राजकुमार संकरसिंह को दिया गया। क्योंकि संकरसिंह मुगलों की फौज में प्रवेश करके उसको परास्त करेगा।

This horse was known as Panch-Kalyaan because it had a white star on its fore-head with all the four legs white. This huge self respecting horse was beautiful and haughty. The line or the writ of destiny on its hair indicated that it was fortunate. This fleetest horse would fly like air on the ground. This armoured horse was given to prince Sankar Singh as he would penetrate deep into the thick of the Mughal army in order to defeat it.

हरिणोटउ आरिख पदम हत्य
रेयंत अघागल विमल रत्य।
रइ कुमर जगउ भुज्जि खाग रोपि
कछवाहउ चढीयउ बिढ़ण कोपि॥३३२॥

हरिणोट अश्व सूर्य-पुत्र माना जाता था। वह सूरत शक्ल से सुन्दर और उदार व निर्मल था। यह घोड़ा सवार को रथ के समान आराम देने वाला था। कछवाहे राजा के राजकुमार जगा यानी जगमाल को-जिसके हाथ में कमल का पुष्प था, यह घोड़ा दिया गया। जगा प्रकोप करके, हाथ में तलवार उठाकर-युद्ध करने के लिये इस अश्व पर सवार हुआ।

Harinotaa horse, known to be the progeny of the sun, was beautiful in appearance, and gentle by nature. This untarnished or spotless horse was comfortable for the rider like a chariot in riding. This horse was given to Kachhawaahaa Prince Jagaa (Jag Maal) who

was holding a lotus flower in his hand. He mounted on this horse with sword in hand in wrath to fight in the battle.

सोईय मगिग मनु मतुल तास
वखखाण मतिल वेगइं महास ।
संन्नाहि मोर दीजइ संग्राम
हं मरोट राइ मुणि संत्र हांम ॥३३३॥

मोर लाख के रंग का अत्यन्त वेग वाला घोड़ा बताया जाता था। रास्ते में त्रास देने के पीछे या बाद में यह घोड़ा बहुत पानी पीता था। यह मोर घोड़ा जिरह बख्तर पहने हुए मरोट के राव संग्रामसिंह को दिया जावेगा। वह इस अश्व का हुई अर्थात् सवार शत्रु से युद्ध में लड़कर अपनी हांम या तीव्र इच्छा पूरी करेगा।

भिन्न अर्थ—[अतिल वेगइं] यह घोड़ा अत्यन्त तेज गति का था।

More horse, reddish in colour like lac or dark bay colour was known to be the fleetest horse. On being put to hard work this horse would drink much water thereafter. More was ear-marked to be given to Rāo-Sāngrām Singh of Marot who was putting on the armour and the helmet. The rider of that horse would fulfil his ardent desire to fight with the foes in the battle.

Different Explanation :

[अतिल वेगइं]—This was the fleetest horse.

वालहउ तुरंग वेगवंत
निरस्य गोण घातइ निभ्रंति।
तंगु ताणि चईनउ जतंन तज्जि
कलहैवा डुंगर धरा कज्जि । ३३४॥

वालहा। घोड़ा वेगवन्त था। सवारी के काम में लगाने पर वह निस्संदेह गगन यानी आकाश तक ऊंचा उछाल कर पहुंचा देता था। इस घोड़े का तंग खींच कर आराम छोड़कर, अपनी इस देश की मातृ-भूमि की रक्षा के लिये युद्ध करने डूंगरसिंह बड़े यत्न व प्रसन्नता से इस अश्व पर चढ़ा।

The fleetest horse Baalhaa when put to riding work would undoubtedly spring up sky high. Dungar Singh gave up comfort, drew up its girth and mounted on this horse to give battle for the defence of his mother-land.

पालखइ तुरंगम दुहू पखिख
सामंद्रिउ वे हरि सूर सखिख।
रण झुण नी पाखर जीण रोपि
कुंवरां गुरु देदल चडिउ कोपि।।३३५।।

पालखा घोड़े के दोनों पक्ष यानी माता पिता शीघ्र गामी यानी तेज गति के थे। उसके माता पिता समुद्र पार देश के थे। इस बेधड़क पालखा घोड़े की इच्छा सूर वीरों का सखा रहने की थी। पालखा पर जीन या काठी मंडित की गई। पाखर के नीचे लगे घूंघरू की झनकार होने लगी। प्रकोपित और निडर बड़ा महाराजकुमार देदल इस अश्व पर चढ़ा।

Paalakhaa was a fine pedigreed horse of an ultramarine country. Both the father and mother of this horse were renouned for their fast speed. This fearless horse wanted to be the friend of valorous heroes. When saddle and armour was put on this horse the jungling sound of the small bells attached to the armour was audible. The gallant eldest son of Jaitsee prince Dedal mounted on this Paalakhaa charge in wrath.

सिध मडा श्रवण सोभइ सुढाल
चख दीव रतन मई मुकटचाल ।
सांहणी विलहि साकति सजेउ
गय घड़ा विहडंण गंगदेउ ॥३३६॥

सीधा और अभ्यस्त मुकटचाल घोड़ा किसी साधु-सन्त के मठ से प्राप्त किया था। उस घोड़े की तीखी कनोती की बनावट सुडोल यानी सुन्दर थी। उसकी आंखें दीपक की लो के समान चमकीली थी। सहाणी ने उस पर रतन जड़ी हुई काठी लगाकर उसे सुसज्जित किया था। मुगल फौज के विकट हाथियों के दल को भयभीत करने के लिये वह घोड़ा गंगदेव को वितरण किया गया था।

भिन्न अर्थ – [गय घड़ा विहडंण] (1) मुगलों के हाथियों के दल का विहरण या हरण करने।

(2) हाथियों के दल को फौज से विच्छेद करके भटकाने के लिये।

The trained and experienced horse Mukat-Chaal was obtained from the Math or monastry of a saint. The makeup of its pair of pointed ears was proportionate and beautiful. The eyes of that horse were brilliant like the flame of a Deepak or lamp. The master of the stable had put the saddery studed with jewels on that horse. That horse was distributed to Ganga Deo in order to terrify the group of rogue elephants of the Mughal army.

Different Explanation : [गय घड़ा विहडंण]

(1) In order to abduct or take away the group of elephants of the Mugal army.

(2, In order to separate and wander away the force of the elephants from the Mughal army.

पड़छी सतुछ पूरि ताह
गिणि ठवइ नक्ख करकेउ गाह ।
साहिणी सजिउं साकति सुचल्ल
महि विलहि अमर कट्टार मल्ल ॥३३७॥

मजबूत हड्डियों व शरीर वाली महि घोड़ी नक्षत्री या पूरी भाग्यशाली थी । वह घोड़ी नाचते समय इस तरह पैर उठाती थी मानो वह गिन गिन कर आगे बढ रही हो । उसकी काठी के नीचे रखने वाली पड़छी यानी ऊनी या सूती गद्दी सुन्दर और छोटी थी । साहणी ने इस अच्छे चाल चलन वाली या तेज गति से चलने वाली घोड़ी पर चारजामा या काठी मंडवा कर इसे सुसज्जित किया । कटारी चलाने में दक्ष और वीर अमरसिंह को यह महि घोड़ी प्रदान की गई ।

भिन्न अर्थ—[अमर कट्टार मल्ल] अमरसिंह कटारी से शत्रु का मर्दन करने वालों में मजबूत था ।

The master of the stable got saddle put on Mahi, the well behaved, tame, fast and strong in body and bones, mare which was very lucky or fortunate. The cushion put under the saddle was small but fine. That decorated mare would take steps through a dance as if it was proceeding by counting its steps. Amar Singh who was skilled and expert in the use of daggar was presented the Mahi mare.

Different Explanation:

[अमर कट्टार मल्ल]—Amar Singh was strong enough to smash the foes with the dagger.

चंचल ते पग्गल चपल चाउ
घण थट्टि करावइ छुरी घाउ ।
संभ्रम अजांग समहरि सकाज
रइ कुमर समप्पइ प्रथीराज ॥३३८॥

छुरी चंचल, फुर्तीले पैरों वाली, उत्साह से भरी हुई घोड़ी थी। छुरी घोड़ी बहुत बड़ी फौज पर भी प्रहार कराती थी या कराने में समर्थ थी। समर में उत्तम वीरता के काम करने के लिये छुरी घोड़ी बरजांग के पुत्र राजकुमार प्रथीराज को सौंप दी गई।

Chhuree was an agile, prompt and courageous mare. That mare would rush on the large enemy force to enable the rider to strike hard blows on the foes. That mare was entrusted in hurry to prince Prathee Raj son of Barjaang for doing acts of valour in that eminent battle.

जगिरेख अउंग्र खुरसांण जत्ति
इल पंग असंगल फुरणि अत्ति।
देस छंडि सजिउ साकति दुभल्ल
रूक हत्थ चईनउ राईमल्ल ।।३३९।।

जगिरेख खुरासानी घोड़ों की नस्ल का, अनोखा, अलांछित या निष्कलंक, अत्यन्त फुर्तीला घोड़ा था। यह घोड़ा राजा के लिये ही सुरक्षित घोड़ों की पंक्ति में था। युद्ध में ले जाने के लिये इस घोड़े पर काठी मांड कर इसे सुसज्जित किया गया। दुर्धर्ष रायमल तलवार हाथ में लेकर इस अश्व पर सवार हुआ।

Jagirekha was an agile, untarnished, and matchless horse of a pedigree of the horses of the stud at Khurasan. That horse was reserved or ear-marked for the riding of the king. That horse was decorated and saddled for being sent for use in the battle. Raimal mounted on that horse-with sword in hand to give battle for the defence of this country i.e. Jangal-Desa.

पांडव पलाणि जेठी पयंग
आभरण सयलउ पवित्र अग।
सउ घड़ा धाइ भंजण समत्थ
हरिराज चईनउ रूक हत्थ ।।३४०।।

जेठी घोड़ी के अंग प्रत्यंग पवित्र या सुडोल थे। इसके आभूषण साधारण थे। सईस ने इस घोड़ी पर काठी मांडी। हरराज जो सारे शत्रु दल या समूह पर प्रहार करके भंजन या परास्त करने में समर्थ था–तलवार हाथ में लेकर आसानी से जेठी पर सवार हुआ।

The groom put saddle and simple ornaments or decorations on Jethee mare which was sound in mind and proportionate in the make up the body. Har Raaj (Bhatee Rao of Poogal) who was strong and valorous enough to attack the large enemy force and defeat it by raining hard blows, mounted comfortably on the mare Jethee by lifting up the sword in his hand.

भ्रीगांजल न्रिम्मल मोरू भत्ति
अम्मोलक मल धर हरइ अत्ति।
आरूहि ता डूंगर अमल मांग
भुजि सजिउ खग्गु सुतु वीरभाण ॥३४१॥

भ्रीगांजल घोड़ा मोर के समान सुन्दर और निर्मल व अमूल्य था और उसके शरीर की गठन या बनावट से वह मजबूत था। सवारी करते समय वह प्रकंपित होता था। उज्ज्वल मान प्रतिष्ठा वाला वीरभाण का पुत्र डूंगर अपनी भुजाओं को अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित करके उस अश्व पर चढ़ा।

The precious or so valuable that no price for it can be stated and strong in body-Bhringajal the spotless horse beautiful like a peacock in appearance was brought for distribution. To tremble very much at the time of riding was his habit by nature. Dungar the brilliant and the hero of untarnished fame, son of Beerbhaan who had put on armour and arms on his person, mounted on Bhringajal-horse with sword in hand.

सुणि एव संतु रणतूर सद्दि
नाचंति पात्र गत्ति हिति नद्दि ।
देदलउ चडिउ भेळण दुझल्ल
मूंगलो घडां नेठाह मल्लु ॥३४२॥

हितू या हितैषी संतू अश्व युद्ध शुरू होने पर रणसिंघा की ध्वनि सुनकर इस प्रकार हींसता या आवाज करता और नाचता मानो वृक्ष का पत्ता हिल रहा हो । दुर्धर्ष, धैर्यवान, मजबूत, मुगलों की फौज को परास्त करने में समर्थ देदल उस घोड़े पर सवार हुआ ।

The faithful horse Santoo would raise a shrill cry and dance, as if the leaf of a tree was moving, on hearing the sound of the kettle-drums and bugle for the commencement of the battle. The sane, strong, courageous and indomitable Dedal mounted on Santoo as he was valorous enough to defeat and smash the Mughal army.

सजि करि सरूप पांडव सनाहि
गलि निम्रलि झुल तइ गज्जगाहि ।
आखाड़ सिद्ध अरि घड़ अभंग
जइतडउ चईनउ करण जंग ॥३४३॥

सरूप अश्व का गला या कंठ या गर्दन निर्मल थो । वह हाथी की सुन्दर गति से चलता था । पांडव या सईस ने सरूप पर साज लगाया यानी सुन्दर काठी मांडी और उस पर झूल डाली व पाखर लगाया । शत्रु दल से अभंग अर्थात् अपराजित, युद्ध में सिद्ध-हस्त या कुशल जैतड़ा जंग करने के लिये इस अश्व पर आसानी से चढ़ा ।

The groom put the saddle and Jhool i.e. the cloth-covering on the horse named Saroop, the neck of which was faultless and the gait was majestic like that of an elephant. That horse was also armoured. Jaitraa the experienced and dauntless warrior mounted on Saroop-the decorated horse with ease to give battle to the Mughals.

घर दीप सपत्तह मगरधज्ज
उतपत्ति अळव लख मूल अज्ज ।
करि किसन यळइ दळ चडिइ कंधि
विरदइतउ रावतु. नेत्र. बंधि ॥३४४॥

अनोखी नस्ल से उत्पत्ति या पैदायश का घोड़ा मगरधज्ज इस पृथ्वी पर सातों द्वीपों में मशहूर था। आज मगरधज्ज एक लाख रुपये मूल्य का था। विख्यात, और युद्ध का संचालन करने वाला रावत किसन उस घोड़े की आंखें बांध कर, इस युद्ध में कन्धे से कन्धा देकर लड़ने या भाग लेने मगरधज्ज पर सवार हुआ।

Magardhajja the horse, of matchless pedigree and renouned in all the seven continents was then worth a lakh of rupees. Rawat Kishan Singh the chieftain who was famous in strategically managing the army in the campaign, first closed the eyes of that horse and then mounted on it, to fight shoulder to shoulder in that battle.

वर तुरिउं अमोलउ अणिउ वल्लि
हिडुलइ पाइ पीडुली हल्लि ।
साहिणी हित्र बल हित्र सार
वणवीर विलहि संग्राम वार ॥३४५॥

अमोलो घोड़ा बाल या कतार या समूह में सर्वश्रेष्ठ था। इसकी सवारी इतनी आरामदेह थी मानो हिंडोले में बैठा हो–सवार के पैर और पिंडली ही हिलती थी। हितैषी सहाणी ने मुगल सेना के बल व संख्या के सब हाल पर ध्यान रखते हुए वणवीर को युद्ध के समय यह अश्व वितरण कराया।

Amolo was the superfine horse amongst the long line of the horses of the stable. It was as comfortable to ride on that horse as if the rider was in a swing. Only the feet and calf of the legs of the rider moved.

The faithful sabaanee ie the master of the stable considered the strength and the condition of the Mughal army and got that horse distributed to Banbeer just before the beginning of that battle.

सूरजपसाउ पय पूरि सिंघ
मल्लोर परिठइ गोण मृग ।
अरि घडां धाइ भंजण अभंग
तिणि चढिउ मेघ ताणेउ तंग ॥३४६॥

सूरजपसाव घोड़ा सर्वश्रेष्ठ था। वह हिरण की तरह आकाश की तरफ ऊँचा उछलता था। उसके पैर पूर्णतया हृष्ट-पुष्ट थे। उस घोड़े पर मल्लोर की काठी लगाकर सजावट की गई। दुश्मन की अजय फौज को प्रहार करके भंजन करने या परास्त करने में समर्थ मेघसिंह तंग खैंच कर उस घोड़े पर चढ़ा।

The legs of the superb horse Sooraj-pasaava, which would spring up high towards the sky like a deer, were well built and strong. That horse was decorated and saddled with the saddlery of Mallor make. Megh Singh, who was strong enough to rain hard blows on the invincible army of the enemy and give a crushing defeat, drew its girth tight and mounted on that horse.

मकराण केचउ पति मिरघ
सम चलइ फुरिणि घण पूरि सिंघ।
चडियउ तिणि दूदउ निभय चीति
रा राम ओच्छ हणमेत रीति ॥३४७॥

मकराणे घोड़े के शरीर के बाल की कंचुकी या चादर सिंह के सदृश थी। वह सिंह के समान ही चंचल और फुर्तीला था। सम्पूर्ण अश्व समूह में यह श्रेष्ठ था। उस अश्व पर निर्भय चित्त से दूदा सवार हुआ मानो वह रावण के खिलाफ राम के योद्धा हनुमान की रीति अपना रहा हो।

The coat of hair of the horse Makraanaa was like that of a tiger. That horse was also prompt and agile like a tiger. It was supreme amongst the whole assemblage of horses. The fearless Doodaa mounted on that horse as if he was following the foot-steps of Hanumaan the monkey warrior of Lord Sri Rama in fighting against Raavan.

लाडउ तुरंग सिगार लास
विधि विद्धि कीधु सांकति ब्रंहास ।
समघरा सामि छठि एक मन्न
कजि कलहि चढिउ प्रोहित कृसन्न ॥३४८॥

तेज अश्व लाडा नाचने में सर्वोपरि था। उस घोड़े पर हुक्म और नियमों की अवहेलना करके काठी मांडी गई थी। देश और स्वामी के लिये युद्ध को समान महत्व देकर किसनदास प्रोहित एकाग्र चित्त से युद्ध में अपना कर्त्तव्य पालन करने उस अश्व पर चढ़ा।

The saddle was put on Laadaa, the fast and superb dancing horse in contravention of the orders and rules. Kishan Daas Purohit mounted on that horse with firm and undisturbed mind to participate in that battle to do his duty for the sake of his master and the defence of the country which be considered supreme.

आयुध छत्रीसइं डावि अंगि
त्रिसु रूपु लेउ पइनइ तुरंगि ।
ऊपरइ जनोई जर ओपि
क्रिसिनियउ विढ़ेवा चडिउ कोपि ॥३४६॥

किसनसिंह ने युद्ध करने के लिये तीनों ब्रह्मा, विष्णु और शिव का भयंकर रूप धारण किया। छत्तीसों प्रकार के हथियार अपने शरीर के बाये भाग की तरफ रखे। वह क्रोध में या आवेश में, जरी की काठी व सजावट से सुशोभित तेज घोड़ी, जनोई पर सवार हुआ।

Kishan Singh adopted the fierce Trisuroop ie image of the three Gods—Brahama, Vishnu and lord Shiva to give battle. He put all the thirty six types of arms on his left side. He mounted in wrath on the fast and decorated mare Janoee having the saddle of the cloth woven with gold thread on its back.

निहि निहि नफेरी मेघ नाद
सम्मइ न घट्टि विखम साद ।
निसंकु रयण बंधीयइ नेत्र
खुरिसाण घडां उरि सइं खेत्रि ।।३५०।।

मेघ घोड़े के हृदय या दिल में बार बार शहनाई बजने की विषम ध्वनि नहीं समाती थी । निसंक रणमल आँख मीचकर अर्थात् बिना खतरे पर ध्यान दिये खुरासानी सिपाहियों की फौज को लक्ष्य बनाकर अपने साथियों सहित, मेघ घोड़े पर सवार होकर, रणक्षेत्र की तरफ चल पड़ा ।

The Charger Megh had no heart to with stand the continuous sharp and shrill tune of the clarionets which he felt as rough and harsh. Dauntless Ran Mal made the army of Khurasaanee soldiers his target and went blindly and without any hesitation with his companions-in-arms towards the field of battle after mounting on the horse Megh.

लाखोक तुरंगमु अति सुलोणु
जडि पक्खर पूठी घात्ति जीणु ।
श्रोप्पिउ संनाह त्रिसु रूप अंगि
नगराज चढिउ लागउ निहंगि ।।३५१।।

शीघ्रगामी या तेज घोड़ा लाखीक बहुत सुन्दर और अपने काम में या कर्त्तव्य में लीन था । उसकी पीठ पर जीन या काठी मांडकर पाखर जड़ा गया । रौद्र रूप धारण किये हुए नगराज के पहना हुआ जिरह बख्तर शोभा दे रहा था । नगराज लाखीक घोड़े के नजदीक लगकर इस पर सवार हुआ ।

The saddle and armour was put on the fleetest and beautiful horse Laakheeka which was absorbed in its duty. Nag Raaj looked splendid after putting on the armour and arms on his person. But he then looked fierce in appearance. He went near Laakheeka and mounted on it.

घटि कवटि नोगीनउ तुरयउ घींगु
लेखोयइ रत्थ कृति उदइ लिगु ।
संन्नहि चडिउ पीथलउ सज्जि
करमसी कुलोधर विढ़ण-कज्जि ।।३५२।।

लम्बा-चौड़ा, ऊँचा और मोटा-ताजा घटि यार घाट या उमरकोट का नगीना घोड़ा कुमार्गी या कपटी था। सवार के लिये रथ के समान आरामदेह था। उसकी कला कौशल और आचरण के चिह्नों से मालूम होता था मानो विधाता का लेख उसकी उन्नति का हो। करमसी का पुत्र पीथल सज-धज कर युद्ध करने के लिये उस पाखर लगे हुए घोड़े पर चढ़ा।

The huge, hefty, high, fat and fine horse Nageenaa, brought from Umarkot (now in Sind under Pakistan), was fraudulent by nature and inclined towards crafty. This horse was comfortable for the rider like a chariot. The skill, agility and the conduct of this horse indicated that God-the creator had ordained for its rise. Peethal son of Karamsee, who was putting on arms, armour and helmet on his person, mounted on that armoured horse Nageenaa to give battle.

साकत्ति श्रत्ति पांडव सजेउ
देवी पसाउ तहकरिउ देउ ।
पाट छळि महंपि पिड भुइं प्रसिद्ध
सीमलउ चडिउ श्राखाढ सिद्ध ।।३५३।।

सईस ने देवीपसाव घोड़े को, काठी मांड कर, बहुत सजाया। इस क्षेत्र के विख्यात और युद्ध में कुशल सीमले को गहराई से सोच-समझ कर यह घोड़ा दिया गया। बीकानेर राज्य के सिंहासन के इस संग्राम में वह प्रसन्नता से रणक्षेत्र में जाने के लिये इस देवीपसाव अश्व पर चढ़ा।

The groom put saddle on the horse Deveepasaava and richly decorated it. That horse was given to Seemalaa the renouned, skilful in strife, smart and experienced warrior after thoughtful consideration. He mounted on that horse with pleasure to fight for the throne of Bikaner state and ready to go to the field of battle.

पारेवइ पवरणगल पवंग
त्रिसु रूप लेउ ताणेउ तंग।
गहमत्तु पंचायरण विढ़रण गत्ति
घरण झूझउ पाखर चडिउ घत्ति ॥३५४॥

पवन से तेज या वेग वाले और गतिशील पारेवा घोड़े पर पाखर या वख्तर रखा गया। बुद्धिमान पंचायन शत्रु दल से भिड़ने और युद्ध में झूझने के लिये, रौद्र रूप धारण करके, उस घोड़े पर तंग खींच कर सवार हुआ।

The armour was put on the fleetest-horse Paareyaa which exceeded or surpassed even the wind in speed. The sane and wise Panchaayan, who had adopted the fierce image of Lord Shiva–the God of destruction, drew the girth tight and mounted on that horse to come to a clash or attack the enemy force valorously.

मनमेलु लोह उल्लोर त्रिगघ्
सिध मंडा श्रमरणी मोर सिग्घ।
सामी छळ भोजउ चडिउ सनाहि
मूंगलों घड़ां भेडि सई माहि ॥३५५॥

उमंग में मृग के समान हिलोरें देने वाला, मयूर यानी मोर से भी तेज़ और श्रेष्ठ श्रवण शक्ति वाला मनमेलू नाम का घोड़ा किसी साधु सन्त के मठ से लाया गया था। जिरह बख्तर धारण करके भोजा या भोजराज अपने स्वामी या सम्राट के लिये रणक्षेत्र में, मुगलों की फौज में, साथियों सहित प्रवेश करके, युद्ध करने की नियत से मनमेलू घोड़े पर सवार हुआ।

The over-joyed Manmeloo horse would spring up like a deer. It exceeded or surpassed even the peacock in the power of hearing. That horse was obtained from the Math or monastry of a saint. Bhoja put on armour and arms on his person and mounted on that horse to penetrate into the battle-field, in the thick of Mughal army with his companions-in-arms to fight for the cause of his Master.

केकाण समत्थर मुल्लु कोडि
रण यक्खरि पक्खरि राग मोड़ि।
दळ रूपि वीरु विलीयो दुभ्झल
ढोइ सइं घड़ां खुरसाण ढल्ल ॥३५६॥

एक करोड़ रुपये के मूल्य के लाल रंग के यानी सुरंग या कमेत या तेलिया कमेत रंग के, केकाण जाति के समथर नाम के घोड़े के पाखर लगा हुआ था और सिर पर मुकुट था। एक करोड़ रुपये के मूल्य का यह घोड़ा था। दुर्धर्ष वीरू को, जो अपने दल की ढाल के समान था, समथर घोड़ा वितरण किया गया। बाद में वीरू को खुरासानी सिपाहियों की मुगलों की फौज की तरफ साथियों सहित आक्रमण करने ढोया गया या पहुंचाया गया।

भिन्न अर्थ—[खुरसाण घड़ां ढल्ल ढोइ] दिन ढलने पर अर्थात् सूर्य अस्त होने पर उसको मुगलों के खुरासानी दल की तरफ पहुंचाया।

The diadem or crown piece and armour was put on Samthar the red or chestnut or bay or dark bay

horse of Kekaan pedigree which was worth a crore of rupees. That horse was given in distribution to immutable Beeroo who was the shield of his force. There after Beeroo and his companions-in-arms were carried towards the Mughal army consisting of Khuraasaanee soldiers to open an attack on them.

Different Explanation :

[खुरसाण घडां ढल्ल ढोइ] He was carried away towards the Mughal army of Khuraasaanee soldiers after Sun set.

गज रूप वीव मुरु वत्र जाणि
खुरसाण जड पतिउ वखाणि।
भरि घडां धाइ भंजण अबीह
साहणी समप्पउ पवइंसीह ।।३५७।।

मारवाड़ में अत्यन्त वेग या तेज माने जाने वाले व दीदारू अर्थात् दर्शनीय घोड़े, गजरूप की उत्पत्ति खुरासान के सुलतान के तबेले या जोड़ के दल की बताई जाती थी। निडर और शत्रु दल को प्रहार करके परास्त करने वाले पवइसिंह यानी परबतसिंह को वितरण होने पर यह घोड़ा साहणी ने उसे सौंप दिया।

The beautiful Gajroop horse which was taken for granted as the fleetest horse in Marwar was product of the stable or stud of the Sultan of Khuraasaan. That horse was entrusted to Parbat Singh on distribution by the master of the stable, who would strike hard blows on the enemy force during the attack and over throw it by giving a crushing defeat in the battle.

करि कंठ फुरिणि घण छुरीकार
मेळवइ गोण भ्रवखण मदार।
मंडलीक कलोधर कांधमल्ल
साहिणी विलहि दूजणहसल्ल ।।३५८।।

बहुत फुर्तीले घोड़े छुरीकार के हींसने की आवाज हाथी की चिंघाड़ के समान थी। हाथियों का भक्षण करना अर्थात् संहार करना और उनको गगन या आकाश में फेंक देना, पहलवान के समान हृष्ट-पुष्ट कंधों वाले मंडलीक या मंडल के राजा के पुत्र दुर्जनशाल की ही सामर्थ्य व काम था। वितरण होने पर साहनी ने छुरीकार घोड़ा दुर्जनशाल को दे दिया।

The neighing of the fleetest and very agile horse Chhureekaar was like the trumpet of an elephant. The strong shouldered Durjansal the son of the Raja of the 'Mandal' region alone could destroy or kill and throw up the elephants sky high. The master of the stable gave that horse to Durjansal after distribution.

निरलंब भमर अप्पइ निघाइ
क्रिति मोर गिगिनु चौग्रइ कलाइ।
हरिराज समोभ्रम रूक हत्थ
सहिणी वीर विलहउ समत्थ ॥३५६॥

लम्बा नहीं मध्यम कद का भमर या भंवर (काले रंग का) ख्यातिमान घोड़ा कूदता भी था। आकाश में तीतर पंखी बादलों मंडराने पर नाचने अलग लगता था। पूगल के राव हरराज का पुत्र समर्थ वीरसिंघ यानी वरसींग को वितरण होने पर यह घोड़ा सहाणी ने दिया। वरसींग हाथ में तलवार लेकर भंवर घोड़े पर सवार हुआ।

Bhamar or Bhanwar–the famous black horse of medium height had also formed the habit to spring up. At the very appearance of raining cloud-like the wing of a partridge in colour, this renowned horse would also commence dancing in joy like a peacock. Bar Singh the son of Rao Har Raj of Poogal obtained that horse in distribution which was entrusted to him by the master of the stable. Bar Singh mounted on Bhanwar horse with sword in hand.

रूपमल पवरा घरा फुरिणि रीति
भांजइ पगार आंठुऐ भीति ।
आराणि राणु संभ्रम अबीह
सांहणी विलहि प्रतापसीह ॥३६०॥

फुर्तीला या तेज गति के घोड़े रूपमल की परम्परा पवन के समान वेग गति से चलने की थी। यह घोड़ा कुदाने पर परकोटे की भींत से आंठू के टकराने से डरता या भयभीत था। सहाणी ने वितरण होने पर युद्ध में जाने के लिये यह घोड़ा राणा के निडर पुत्र और शत्रु दल को परास्त करने वाले वीर प्रतापसिंह को दिया।

The fleetes horse Roopmal would move or run like wind in speed traditionally. That horse was afraid when made to jump over the wall of the rampart on the apprehension of the impat of its Aanthoo i.e. the withers–the portion below the neck and between both the front legs, with that wall. The master of the stable handed over Roopmal to fearless warrior Partaap Singh son of Rana who could smash the enemy foce.

मनमेलु तुरंगम रूप मल्लु
साकत्ति घत्ति सोभइ सुचल्लु ।
नर भीमु चडिउ वंधियइ नेत्र
खंडरण घडां मूंगली खेत्री ॥३६१॥

सीधा और प्रशिक्षित मनमेलू घोड़ा रूपवान, हृष्ट-पुष्ट और मजबूत, तेज गति का और सुचरित्र का था। शत्रु पर हमला होने पर यह घोड़ा बलवान सवार से प्रहार कराने में कुशल था। रणक्षेत्र में दुश्मन का संहार करने मर्द या वीर भीम इस घोड़े की आंखें बन्द करके इस पर सवार हुआ।

The heavy or hefty and strong and fleetest horse Manmeloo was beautiful, trained and experienced, gentle, tame and of good conduct. On the

enough to enable the valorous rider to strike hard blows on the foes. The courageous and bold warrior Bheem first blind folded that horse and then mounted on it to give a crushing defeat to the Mughal army in the field of battle.

कहि मुल्लु नु रोसी हु लइ कोडि
वालरा राघ काढइ विछोडि।
देस छळि सामि दोमजि दुझल्लु
नगराजु चडिउ नेठाहु मल्लु ।।३६२।।

कहा जाता था कि क्रोधी नुकरे रंग की यानी सफेद घोड़ी दोमजी एक करोड़ रुपये में मोल ली गई थी। वाल से या समूह से विछोह होने पर यानी अलग होने पर यह घोड़ी आवाज करती यानों हींसती थी। दुर्धर्ष और मल्ल या पहलवान वीर नगराज संतोष से अपने देश और अपने स्वामी या सम्राट के लिये मुगल फौज से युद्ध करने इस घोड़ी पर चढ़ा।

It was known that the fiery white mare Domajee bought for one crore i.e., in ten millions rupees. On separation from the long line or group of horses that mare was bound to neigh. The undaunted, strong in body and valorous warrior Nag Raaj mounted on that mare with contentment to give battle for the defence of his mother-land and master or king to the Mughal foes.

गिरिणि हूँ कंध रु विसाल गत्रि
पहु चाल पाय मन पवन प्रति।
पहु छळि गुणसागर पक्ख बेउ
चीत्र हय सभयु लखमण चडेउ ।।३६३।।

रुद्र रूप गुणसागर घोड़ा विशाल पैर, कन्धा और शरीर का था। यह घोड़ा पहाड़ की अणी यानी चोटी के स्थान से लाया गया था।

मार्ग में चलते समय यह मन से पवन के समान तेज गति से चलता था। इस घोड़े के दोनों पसवाड़े चित्रित किये हुए थे। अपने स्वामी के लिये युद्ध करने समर्थवान लखमण इसकी लगाम हाथ में पकड़ कर इस पर चढ़ा।

The fiery Gunsaagar the massive and broad shouldered horse having fore-most legs was painted on both of its sides. That fleetest horse would make up its mind to move fast like wind in speed on the high-way. That horse was imported from the top-place of the hill ranges. The capable, valorous and strong Lakhman gripped the reins of that horse and mounted on it to give battle for the cause of his master.

मल्लोर मोर क्रित करण मंडि
खिति आठू करइ जु भींत खंडि।
जुडिवा अभंग कुभेण जोड़
रघनाथ चडि रट्ठउड़ राउ ॥३६४॥

मोर के समान नाचना शुरू करने वाला कृतज्ञ मलौर घोड़ा खरीदा हुआ था। वह घोड़ा अपने आंठू से टकराने पर वृक्ष और भींत को खंडित कर देता था। कुंभकर्ण के समान बलवान या मुकाबले या जोड़ी का अजय राठौड़ राजा रघुनाथ युद्ध में जुड़ने या सम्मिलित होने इस अश्व पर चढ़ा।

The faithful and loyal horse Mallor was purchased. That horse would commence dancing like a peacock if it was in that mood. Mallor was strong enough to break a tree or a wall with a push or an impact with its Aanthoo i.e. the withers, the portion below the neck and between the two front legs. Victorious Rathore Raja Raghunath who was rival in valour to mighty Kumbh Karan (of Lankaa) the brother of Raavan mounted on it to join the heroes in the battle.

चाहरइं दीपक नयण चग
श्रोला कलाम कांने तुरंग ।
ऊधरण कलोधर अरि अबीह
सांहणी विलहि सुरजन्नसीह ॥३६५॥

प्यास लगने पर बोलने वाले या हिनहिनाने वाले शीघ्रगामी-चारहा घोड़े की आँखें दीप शिखा के समान चमकीली थी। कनोती सम तीखी व उत्तम थी। सहाणी ने वह घोड़ा शत्रु से निडर ऊधरण के पुत्र सुरज्जनसिंह के बँट में आने पर उसे दिया।

The fleetest horse Chaarahaa, with the pair of sharp-pointed symmetrical ears and eyes bright like the flame of lamp, would neigh on feeling thirsty. Sahaanee i.e. the master of the stable gave that horse on distribution to Surjjan Singh son of Udharan who did not fear the foes.

हीर हर पवन मान घात हल्लि
वाहियइ. ठेक मंकडह चल्लि ।
माचतइ कलहि नेठाह मन्न
अरि अडर सप्पउ आसकन्न ॥३६६॥

अपने स्थान व दल की हर या याद या स्मरण करके पवन के समान गति से चलने वाले हीर घोड़े का यह गुण विधाता की देन था। हाँकने पर वह घोड़ा लँगूर की तरह ठेका दे जाता अर्थात् कूदता हुआ भाग जाता था। युद्ध शुरू होने पर वह अश्व, शत्रु से निडर व संतुष्ट मन वाले, आसकरण को सौंप दिया।

The creator had ordained that Heer the fast horse would fly like wind on remembering its stable or group or stud. When driven and put to speed Heer would run away by sprining up like a 'langoor' ie the black-faced Indian monkey. That horse was entrusted to contented Aaskaran the hero who was fearless from the foes just at the beginning of the battle.

ढेलउ तुरंगु पइ अंव ठाणि
वेग लगु रूप वाली वखाणि।
सांमी छळ असंकित निभइं सार
नगराज धीर विरहउ निडार ॥३६७॥

अपनी बाल या कतार या अस्तबल के घोड़ों में रूपवान व सुन्दर, मन्द गति का, ढेल रंग का घोड़ा, अस्तबल में अपने ठाण के पास ही पानी पीता था। दल के निश्चित सर्वश्रेष्ठ ढेल घोड़े को अलग करके विरही, अभय, धैर्यवान, निशंक नगराज को अपने मालिक के लिए रक्षात्मक युद्ध करने को दिया गया।

Dhela-the silver-grey in colour and sluggish horse which was the splendour of long line of the horses of the stable, would drink water only at its manger in the stable. That undoubtedly superb horse was separated from the group and was handed over to Nag Raaj-the fearless, contented, steady, dauntless and estranged hero to fight in the defensive strife for the sake of his master or king.

मछुरिउ तुरिउ मल्लोर मग्गि
चडियां मनु रीजइं चीति लग्गि।
लोह हथ छत्रीसइं चडिउ लेउ
दह पंड पलाण्यउ मालदेउ ॥३६८॥

मस्त मछुरिया घोड़ा रास्ते में सवार का मन प्रसन्न कर देता था और उसके चित्त चढ़ जाता था। सईस ने काठी मांड कर उस घोड़े को मालदेव को दिया। वह छतीसों लोहे के हथियार लेकर इस अश्व पर चढ़ा।

Machhuriyaa the over joyed horse would please the rider on the high way and would also appeal or call to his mind his quality. The groom put on the saddle on that horse and passed it on to Maal Deva, who mounted on it with all the thirty six kind of iron weapons.

वांतुरउ तुरंगमु सूंधु वग्ग
पहु चाल ठवन्तउ त्रिणी पग्ग।
पांडव पवंग सजि करि पलाणि
आरुहइं भवानीदासु आणि ॥३६६॥

शीघ्रगामी और तेज वांतुरा घोड़ा तीन पैर पर खड़ा रहता था। लगाम लगाने पर वह सीधा अश्व रास्ते में ठवता हुआ या आहट करता हुआ चलता था। सईस ने उस घोड़े पर काठी मांड कर उसे सुसज्जित किया। क्योंकि भवानीदास आकर उस पर सवार होवेंगे।

Vaaturaa the fleetest horse would remain standing on its three legs. It was an easy and calm horse after the reins were put on it. It would trot or canter by making a sound by the impact of its hoofs with the ground. The groom put saddle on that horse and decorated it as it was known that Bhavaanee Daas would came and mount on that horse.

हरि फुरणि तुरिउ चांद्रिणउ हंख
पहु चाल पवण घण पूरी पंख।
महि स्रामि सुछ्ळि किउ घड़इ मन्न
खत्रवाट चईनउ खीमकन्न ॥३७०॥

राज मार्ग पर पवन के समान तेज गति से चलने वाला और हरिन या मृग के समान फुर्तीला चांद्रणा घोड़ा हांकने पर दल में पक्षी के समान उड़ता था। इस देश की मातृ भूमि के लिए महान युद्ध में सेना में श्रम या परिश्रम या पराक्रम करने की मन में ठान कर, क्षत्रियत्व के रास्ते पर चलने वाला खींवकरण आराम से उस अश्व पर सवार हुआ।

Chaandranaa the prompt and agile horse would fly like a bird in the force, with the speed of wind and run and spring up like a deer if driven to race on the high way. Kheem Karan, the observer of the virtuous principles of the Rajput race had made up his mind to

labour with valour in the force, comfortably mounted on that horse to give battle for the defence of the mother land in that great strife.

ऊन्हउ प्रतार भींगर अत्ति
प्री मोर कळा सइं ऊब गत्ति।
सत्र खाफर खइ गिरि लियण सिद्धि
बीदीयउ चडिउ संग्राम विद्धि ॥३७१॥

नाचते हुए मोर के समान सुन्दर गर्दन वाला भींगार घोड़ा उस समय या इस समय अत्यन्त गर्म मिजाज का था। घोड़ों के समूह में भींगार की गति अनोखी थी। संग्राम में युद्ध की विधि से सेना का इर्द-गिर्द यानी चारों तरफ संचालन करके सिद्धि अर्थात् सफलता प्राप्त करने और काफिर शत्रु दल का क्षय करने बीदा इस अश्व पर सवार हुआ।

Bheengaar with beautiful neck like that of a dancing peacock was a very haughty horse this time ie at that time of that battle. It was matchless in speed in the group of horses. Beedaa arrayed the army according to the military strategy all around the battle field in order to obtain victory and to destroy the force of the infidels. Then he mounted on that horse.

सीहुला राघ चंपी सतेउ
दवखइ विणोद वर फाल देउ।
अरि घडां घाइ भंजण अहल्ल
साहणी समप्पउ सहसमल्ल ॥३७२॥

चम्पाई रंग का दक्ष सीहुला घोड़ा युद्ध की सिंधु राग का बाजा बजने पर विनोद से श्रेष्ठ छलांगें मारता था। सहाणी ने प्रहार करके शत्रु दल का भंजन करने या विनाश करके परास्त कराने के इरादे से यह घोड़ा अटल और सत्ताधारी व सात्विक स्वभाव वाले सहसमल्ल को सौंप दिया।

Seehulaa the skilled and trained horse, deep yellow in colour like that of the flower of Champa, would give fine springs in pleasure as soon as the tune of the Sindhu Raaga of the battle was audible to it. Sahaanee the master of the stable entrusted that horse to immutable and sane or wise or not severe in mind—the sovereign Sahasmall in order to rain hard blows on the enemy force and to give it a crushing defeat.

नेवि लंग पसाइत नखिख षखिख
दीन्हउ संनाहि तंग ताणि दखिख।
वीरसी विसाहू विढण वत्य
महि विलहो सधारण मूंद्र हत्य ॥३७३॥

हाथ में मूंदरी या अगूठी पहने हुए महिपाल सधारण का लंगड़ा और अयोग्य पसायता घोड़ा भी वितरण में आ गया। उस घोड़े के पैरों से आंखों तक दक्षता या हुसियारी से पाखर लगाकर तंग खैंच दिया था। वीरसी ने वह घोड़ा शत्रु से बाथोबाथ भिड़ने के उद्देश्य से ...हा या प्राप्त किया।

Pasaayata the horse of Raja Sadhaaran who was putting on a ring on his finger was also acquired for distribution. But that lame horse was unfit for use in a strife. Armour] was skilfully put on it from head to feet. The girth of the saddle on that horse was drawn tight. Beersee obtained that horse to grapple in close contest with the foes.

रणतूर निनद्दे सदारंग
बीर रसी चडइं सुणिए बिडंग।
निवड़ भड़ रांण विलहण निश्राउ
घड़ि दिमइ कुवरि मुहर घाउ ॥३७४॥

युद्ध के बाजे की ध्वनि या गुंजार सुनने पर सदारंग घोड़े को वीर रस चढ़ जाता था। बहुत मजबूत, प्रसिद्ध वीर, न्याय प्रिय, विलसन या प्रसन्नचित्त राणा ने अपराजित शत्रु दल पर बारम्बार प्रहार करने के इरादे से सदारंग घोड़ा दिया।

On hearing the musical tune for battle Sadaarung the sentimental horse would be over-come with Beer-Ras ie the charm of heroism. The horse was given to just, renouned and experienced warrior Raanaa, who was delighted and possessed the quality of forbearance, in order to attack and strike hard blows again and again on the invincible enemy force.

पांडव सरूप पखर पलाणि
आंगली मुरा तसकरिउं आणि।
धारालु भूजि धूणिउ धियागि
लाखणसी चढ़ियउ आभि लागि ।।३७५।।

विशेष मुराद या रुचि के कारण सरूप घोड़ा चुरा कर लाया गया था। सईस ने उस घोड़े पर काठी मांड कर पाखर लगाया। क्रोधाग्निवश जोश में आकर लाखणसी इतना उभरा मानो वह आकाश को छू रहा हो या लग रहा हो। तलवार हाथ में लेकर युद्ध में शत्रु दल का मंथन करके विनाश करने लाखणसी सरूप घोड़े पर सवार हुआ।

Saroop the superb horse was acquired with keen desire by stealing. The groom put on saddle and armour on that horse. It was given to enraged Laakhansee who was puffed up in Zeal as if he was touching the sky. Laakhansee lifted up his sword in hand and mounted on Saroop to crush and smash the enemy force in the heroic battle.

नवल लखउ तुरंगम त्रेडि नास
वेसास छांह न करइ वेसास।
धुरितांण सरिस मातइं संग्रामि
ओभ्र मियउ चढ़ियउ चंड सामि ।।३७६।।

शीघ्रगामी व तेज और साहसहीन नवलखा घोड़ा छाया पर भी विश्वास नहीं करता था। वह घोड़ा अपनी नासिका बजा कर ही लोगों को बुला लेता था। सुलतान के समान ही युद्ध में बलवान, अपने स्वामी के हित के लिये प्रचंड सोभ्र मियाँ नवलखे अश्व पर चढ़ा।

The fleetest horse Navalakhaa was timid by nature. That horse would doubt even a shadow. It had the habit to call people by the sound of its nostril. The furious Sobhra Mian mounted on Navalakhaa for the sake or benefit or cause of his master. He was valorous, powerful and brave in the battle like a Sultan or an emperor.

नखि सिख कवट्टि घट्टि हि नरेहु
उंडियउ पंथि चालइ अछेहु।
दोनाली दे पाउ तु दुरंग
भारमल बिलहि वानर अभंग ।।३७७।।

गंभीर और नर घोड़ों में श्रेष्ठ दोनाली घोड़ा ऐडी से चोटी तक सफेद रंग का था। वह क्रोधी, हृदय से कपटी, और दुरंगा या कुरूप घोड़ा राज मार्ग पर इतना तेज चलता था मानो उड़ रहा हो। वह घोड़ा अजयी भारमल वानर (भट्टियों की शाखा) को बांटा गया था। भारमल पागड़े में पैर रख कर दोनाली पर सवार हुआ।

Donaalee the sober and superb colt, which was of haughty temperament, was white in colour from head to foot. But that the cunning, black at heart or out of heart ugly horse would go on the high way as if it was flying. That horse was given to victorious Baanar (a sept of Bhaatee Rajputs, Bhaar Mal in distribution. He put his foot in the stirrup and mounted on that horse.

तंडीर कलां सई ग्रीभ अप्पि
किरिणंति कुल्ह हट्ट जेम कप्पि।
जंबूग्रहं दीप व रत्थ जन्न
कुलभाण समप्पउ आसकन्न ॥३७८॥

समूह में कला पूर्ण नाच करने वाले जंबूआ घोड़े का जन्म गिरिभूमि का था। वह घोड़ा दल के रथ के समान सवार को आरामदेह था। वह घोड़ा हठ करके बन्दर के समान कूदता या उछलता था। कुल के सूर्य व यशस्वी और तेजस्वी टोप धारण किये हुए आशकरण को वह घोड़ा सौंपा गया था।

Jambuaa horse was born and brought from the tract around the hill ranges. It would perform a dance in the group of horses with brilliance. It was comfortable like the chariot of the force for the rider. That horse would jump and spring up obstinately like a monkey. It was given to renouned and glorious Aasa Karan with a cap on his head. He was brilliant like the sun in his clan.

उ अंक्ख पुहुप मग्गिहि अघट्ट
थरहरइ गुलाल मुह वन्न थट्ट।
पिडि छंडियइं पूठउ न पाउ
नेतसी आदि विलहिए निआउ ॥३७९॥

भाग्य के अंक या लेख से पुष्प के समान कोमल गुलाल घोड़ा वन क्षेत्र में उत्पन्न हुआ या जन्मा था। वह घोड़ा फौज के अग्रभाग में रखने पर कांपता था। वह घोड़ा यात्रा के समय राज मार्ग में अयोग्य था। वह घोड़ा शुरु से ही नेतसी का था। युद्ध छोड़ कर पीछे पांव नहीं देने वाले नेतसी को वह घोड़ा वितरण के नियमों के न्याय से, उसी नेतसी को दिया गया।

Gulaal horse was born in a jungle stud. It was soft like a flower by destiny. That horse was originally owned by Netsee. It was not fit for performance of any journey on the high way. It would tremble on being posted at the head of the vanguard of the army. According to the just and set rules of distribution it was given to the valorous Netsee who would not retreat from the battle field.

क्षिति करइं कवूतर फउज खंडि
छदि कूंदि विमलु खल घाउ छंडि।
संग्रामि त्रिभुण हर नर स खेत्रि
बिलहियइ रयण खेमाल वेत्रि ॥३८०॥

समूह में उछल-कूद करने वाला निर्मल और निष्कलंक कबूतर घोड़ा क्षितिज तक शत्रु दल को खंडित करा देता था। संग्राम में यवनों पर प्रहार करने वाला, त्रिभुवन के हरि (पति) भगवान कृष्ण का वंशज, जो पूगल के राव शेखा के पुत्र खेमाल यानी खींवसी की सन्तान था—उस रणमल को जो वेत्रसुर राक्षस के समान बलवान था, को सत्वर कबूतर घोड़ा वितरण में दिया गया।

The spotless horse Kabootar would spring up in the group of horses. It would enable the rider to strike hard blows on Mughal foes and would get the enemy force destroyed up to the horizon. That horse was at once or immediately given in distribution to Ran Mal who was strong in body like the demon Vetraasur. Ran Mal was the progeny of Lord Sri Krishna and a descendent of Khemaal ie Kheemseeji the son of Rao Shekhaa Bhaatee of Poogal.

ढूबके ढोल सर बिसरि ढेल
उंड यीकरइ अरि घडउ भेल।
जुधि बड़े जुडण अभ्यास जांस
दे आणि पल्याण्यउ सांमिदास ॥३८१॥

कूबड़ी घोड़ी ढेल, ढोल की ढंमकार या ध्वनि होते ही सरना यानी उछल-कूद या सरति यानि अपना लक्ष्य भूल जाती थी। भयंकर शत्रु दल के हमले को ढेल घोड़ी गहराई से सहन या बरदाश्त कर लेती थी। सामीदास, जिसका बड़े संग्राम में लड़ने का अभ्यास था, को ढेल घोड़ी काठी मांड कर लाकर दी गई थी।

The hunch-backed mare Dela named for its silver grey colour, would forget its aim or stop to toss about as soon as it heard the sharp and loud sound of kettle-drums for battle. Dela could with stand the fierce attack by the foes with profundity. That mare was taken to, after the saddle was put on it, and given to Saamee Daas who had an experience of fighting in many a battle.

माणिक्क बोर पठि जीणु मंडि
 थपि पक्खर जड वितंडि।
तिरसीयउ विढेवा ताणि तंग
 भीदीयइ भीचु विलहइ अभंग ॥३८२॥

बोर घोड़ा माणिक्य जैसे लाल रंग का यानी सुरंग या कमेत रंग का था। वह घोड़ा शुरु से ही विशेष तांडव यानी नाच करता था। बोर घोड़े पर काठी मांड कर उसके शरीर पर बढ़िया या उत्तम पाखर लगाया गया। इस घोड़े का प्यासे का ही तंग खैंच लिया गया था। अजयी वीर भीदा को बोर घोड़ा युद्ध के लिये वितरित किया गया था।

Boora the horse red in colour like a ruby ie chestnut (deep reddish brown colours) or bay had learnt from its very young age to perform a specific dance. After the saddle was put on it the fine and strong armour was placed on its body. Its girth was drawn tight even when that horse was thirsty. On distribution it was given to invincible and brave Bheedaa for the duration of that battle.

धत अवक हीरु घू खेडु घराल्लु
फुरणति विगत्ती मंडि फाळ ।

आणावि विलही साहणी असि
रायपाल चईनउ रण रहस्सि ॥३८३॥

पृथ्वी तल पर विशेष गति से छलांगें लगाने वाला हीरु घोड़ा अबखाई यानी मुसीबत में हठ करने वाला था। लड़ाई के लिये खेड़ यानी दल, इकट्ठा करते समय वह निश्चित ही फुर्तीला था। रण के रहस्य के ज्ञाता रायपाल को वितरण होने पर, सहाणी ने लाकर हीरु घोड़ा उसे दिया। रायपाल आराम से उस अश्व पर सवार हुआ।

Heeroo was the obstinate in distress. When force of young people was called and collected on any apprehension of a strife that prompt horse would become agile certainly. That horse would jump, spring up and walk in a special gait on the ground. Sahaanee the master of the stable took that horse, on distribution, to strategist Raipaal and handed over Heeroo to him. He mounted on it with great ease.

हुविए विकट्टि रणतूर हंसु
वालइं अमग्गि पंथ सूध वंस।

पिडि चडइं सूर सामला पिंग
साहणी समप्पउ सकतिसींग ॥३८४॥

कहा जाता था कि हंस (सफेद रंग का) घोड़ा शुद्ध नस्ल का था। युद्ध के बाजे की ध्वनि होने पर वह घोड़ा बिना रास्ते की जमीन में से या उमंग से कतार या झुण्ड में आ जाता था। श्याम वर्ण के, पीताम्बर धारी, भगवान कृष्ण के वंश के, शूरवीर सत्तिसिंह को सहांनी ने यह हंस घोड़ा सौंप दिया। वह युद्ध करने के लिये इस अश्व पर चढ़ा।

भिन्न अर्थ--[वालइं अमग्गि] झुण्ड मे वह घोड़ा बिना मार्ग के भी आ जाता था।

It is said that the white horse Hansa was the horse of pure breed and pedigree. On hearing the musical tune for the beginning of the strife that horse would get ecestatic and go by a tractless way among the group of horses. The master of the stable entrusted that horse to valiant Sakti Singh the progency of the dark complexioned and the wearer of yellow silken sheet, Lord Sri Krishna. He rode on that horse to fight in the battle.

Different Explanation : (वालइं अमग्गि)

In a group that horse would go through a trackless land.

जचेस तुरंगम विमल अंग
करुणी घणु घत्तइं गुण कुरंग।
चालंतो गत्ति पिडिली चाय
राठउड समप्पउ पिथमराय ॥३८५॥

शीघ्रगामी अर्थात् तेज घोड़े, जचेस के अंग-प्रत्यंग निर्मल थे। उसकी पींड का यह गुण था कि वह हरिण जैसी गति से चल सकता था। अपने आचरण से शत्रु की फौज पर घातक प्रहार करने वाले पीथमराय ने यह घोड़ा लेने की इच्छा प्रकट की। तब राठौड़ सम्राट (जैतसी) ने वह घोड़ा पीथमराय को सौंप दिया।

The fast horse Jachesa was spotless and sound in body and mind. The movement of that horse due to the strength of its callous body and gait was like that of a deer in quality. By dint of his conduct that he would strike hard and fatal blows on the army of the foes and on demand' Rathore king Jaitsee entrusted the horse, Jachesa to Peetham Rai.

would give him full satisfaction in riding. No sooner than the commencement of the battle that horse fulfilled the keen desire of the rider in opening the attack on the enemy force. The master of the stable gave that horse on distribution to Ram who was strong enough to crush the foes like Raahu-the dragon's head.

दो पीयइं पाणी चाउंड पाउ
रवि रत्थ सूघु रेवंत राउ।
गिरिण ग्रीव कलाई रू मोर गत्ति
पहु क्रसन समप्पउ माड़ पत्ति ॥३६०॥

दिन में दो बार पानी पीने वाला शुद्ध व उत्तम नस्ल का अश्व श्रेष्ठ चाउंडा घोड़ा चलने में सूर्य के रथ के घोड़ों के समान उत्तम था। वह गर्दन ऊँची करके व पैर उठा कर मोर की भांति नाचता हुआ क्रीड़ा करता था। अवसर के महत्व को समझ कर-सम्राट जैतसी ने माड के पति या जैसलमेर के राज वंश के कृष्ण को वह अश्व सौंप दिया।

Chaaundaa the high pedigreed superb horse had the best quality of movement like that of the horses of the chariot of the sun. It would dance and act like a peacock by lifting up its neck and feet. But water must be served to it twice in a day. Jaitsee the king gave thoughtful consideration to the seriousness and importance of the occasion and entrusted Chaaundaa horse to Krishna a member of the royal family of the Raja of Jaisalmer.

लाडण सरोस बरहास लीणु
फड़हड़इ तुरंगम लखि फीणु।
झूझर सित रसियउ करइ झोक
मुणिसि गुरु समप्पइं मंडलीक ॥३६१॥

तेज गति का लखी यानी लाख या लाल रंग या कमेत रंग के घोड़ों की नस्ल का लाडण घोड़ा गर्म मिजाज का था। वह अपनी गति में लीन या अनुरक्त रहता था और फडफड़ा कर अपने मुँह से झाग गिराता था। वह घोड़ा, रसिक, जूझार, शूरवीर, मुनीश्वर, सिताब या फौरन रणक्षेत्र में शत्रु पर अस्त्र-शस्त्र के प्रहार की ध्वनि पैदा करने वाले, गुरु यानी नामी वीर मंडलीक को सौंप दिया गया।

The fleetest horse Laadan was the progeny of the pedigree of horses which was reddish like lac or dark-bay in colour. That horse would remain absorbed in its pace and duty but was haughty in temprament. It would flutter to throw its froth from the mouth. That horse was entrusted to an enamourer, valorous, brave, saintly, renouned warrior Mandleek-who would open the attack at once, on the foes and rain blows by his arms making jingling sound in the battle.

फरहरइ फाल निरलंब फूल,
मांडइ वितंडु पइ गति अमूल।
हरि सत्रां विखम लायइ जु हाथ
साहणी समप्पउ, सत्तनाथ॥ ३६२॥

अमूल्य घोड़ा फूल कुछ समय ओछी छलांगें लगाता था मानो वह हवा में उड़ रहा हो। उस घोड़े को बड़ी विषमता से शत्रु के कब्जे से हरण करके हाथ में लिया या अपनाया गया था। उस घोड़े के पैरों की गति ऐसी थी मानो वह कोई विशेष तांडव या नाच मंडित कर रहा हो। सहाणी ने वह घोड़ा सत्तनाथ को सौंप दिया।

The beyond price horse Phool would spring up but its jump was short in length and it would appear as if it was flying in the air. The gait of that horse was such in appearance as if it was performing some specific dance. It was abducted out of the herd or stud in the possession of the foe with great difficulty. That abducted horse Phool, under the control of the ruler of Bikaner, was entrusted to Satta Nath.

तेजागल कोड़ीधज ततार
करले भरंत जिमि कालियार ।
अइति जइग्रु चिलिहितु अवीह
अर जना तिलकु उगरम्मसीह ॥ ३६३ ॥

तुर्किस्तान के ततार क्षेत्र का कोड़ीधज घोड़ा प्रथम श्रेणी के तेज घोड़ों में प्रधान था। वह घोडा कालेरे हरिण के समान छलांगें मारता था। वह घोड़ा शत्रु की काबुल की प्रजा से प्राप्त किया गया था। राज तिलकधारी सम्राट जैतसी के हुक्म से वितरण में कोड़ीधज अश्व निडर उगरम्मसिंह को दिया गया।

भिन्न अर्थ — [अर जना]

(1) शत्रु की जन्नत या स्वर्ग काबुल से लाया गया था।

(2) शत्रु (कामरान) के जन्म स्थान काबुल से लाया गया था।

Koreedhaj was the Tataari horse ie brought from Tartar region part of Turkistan, where Tartars live. It was amongst the top fleetest horses of class first category. That horse would give fine springs and strides like a black-buck. It was obtained and imported from the subjets of the foe from Kabul. That horse was given under the direct order of the King Jaitsee on distribution to fearless Ugrammsee.

Different Explanations : [अर जना]

(1) It was brought from Kabul the heaven of the foe.

(2) It was brought from Kabul the place of birth of Kamran the foe.

अलिखइ कवच्च रच्चिउ अमुल्ल
झणझणइ मजी जग भंप झुल्ल।
तिणि चडिउ लखउ राउत्त रस्सि
असवार निडर सतेज असि ॥ ३६४ ॥

अमूल्य भूंपरे अर्थात् घने और लम्बे बालों वाले अलिखे घोड़े के शरीर की बनावट अनोखी विरचित की हुई थी। हर रोज जगज्योति सूर्य के उदय होने के समय और मन्दिरों की झालर की झनकार के साथ ही मगजीदार स्वच्छ झूल और पाखर अलिखे घोड़े पर डाली जाती थी। उस घोड़े पर रसिक रावत लखा सवार हुआ। वह घोड़ा बहुत तेज था और असवार निडर वीर था।

The built of the body of Alikhaa the horse beyond or above price was unique. The body of that horse was covered by long and thick hair. The Jhool ie fine and bright cloth covering having a fringe or an edging and the armour was put on that horse just at sun rise and on hearing the tinkling sound of the gong in the morning in the temples every day.

करणीपसाउ ऊतंग कंधु
बगड़ी लुड खेड़इं कड़ा वन्धु।
विलिहीयइ बनइ अणखूट अत्ति
अरि अडर भीच ऐकाधि पत्ति ।।३६५।।

ऊँचे कधों वाला करणीपसाव घोड़ा वितरण में बगड़ यानी जंगल क्षेत्र के अकेले मालिक या राजा बना को दिया गया था। बना जैतसी का अचल भक्त था। वह शत्रु से भयभीत नहीं होने वाला वीर योद्धा था। बना अपने भाईपे के लौंडों यानी जवान लड़कों का बड़ा दल इकट्ठा करके लड़ाई के लिये तैयार था।

The high shouldered horse Karneepasaava was entrusted on distribution to Banaa-the sole master of Bagar ie the jungle region. Banaa had no fear of the foes. He was a great devotee of king Jaitsee. Banaa had called and collected a large force of the young boys of his own race and was read to join the battle.

ऊंदिरा सीसु सुग्रीसु आंणि
ढलबलइ अऊब अगरांण ढांणि ।
लग जनम अखूटंइ खत्रि लीह
सहस बल समप्पउ खेतसीह ॥३६६॥

शिरोमणी या सीसफूल धारी उंदिरा यानी उबरो यानी उमराव ने ग्रीष्म ऋतु के सुन्दर भाग के आगमन पर जंगल में ढाले हुए अर्थात खुले छोड़े हुए अश्व पालन के स्थान से, अनोखे मध्य गति के अगरांणे घोड़े को वापिस मंगाया था। वह घोड़ा जीवन पर्यन्त क्षत्रियों की मर्यादा के पालक, अटल, साहसी और बलवान खेतसिह को सौंपा गया।

भिन्न अर्थ—[ऊदिरा सीसु] सर्वोपरि उदार वीरों।

At the approach of the fine and enamouring part of the summer season the great Umrao or chieftain amongst the nobles, bearing the diadem on his head, re-called the matchless horse, of more haste and less medium speed, named Agraanaa from the stud in the jungle where it was released and kept. That horse was entrusted to valorous, courageous and firm Khet Singh ho had observed and protected the decorum of he clan of Kshatrias constantly through out his life.

Different Explanation : [ऊंदिरा सीसु]
Superb generous warriors.

वइतालु तालु ओडइ विमोहि
छंदि वलइं दुहइं वागां सछोहि ।
साहणी तुरंगम दीधु सज्जि
केल्हणीयउ चडियउ विढण कज्जि ॥३६७॥

निर्मोही या ज्ञान हीन व बली या हठी मुंहजोरा बेताळ घोड़ा दुखदाई था। वह तालाब की तरफ तुड़ा कर चला जाता था। वह बाग यानी लगाम खींचने पर रंग-ढंग देखकर जोश में आ जाता था। सहाणी ने उस सजे-धजे बहुत तेज-घोड़े को केलण को दिया जो युद्ध में भिड़ने के इरादे से उस घोड़े पर चढ़ा।

भिन्न अर्थ—[तालु ओडइ] (1) उस घोड़े के पौड़ों से ताल की जमीन का ऊपरी हिस्सा टूट जाता था।

(2) वह घोड़ा उस समय की ताल यानी स्थिति में विघ्न डाल देता था।

Betaal the affection less obstinate, stupid and insolent horse was trouble some. It would break away and run to the pond. On its reins being pulled up it would turn or become emotional after observing the condition. Sahanee-the master of the stable entrusted that fleetest and decorated horse to Kelan. He mounted on the horse Betaal to fight in the battle.

Different Explanation : [तालु ओडइ]

(1) The upper layer of the plain ground would break with the impact of the hoofs of the horse.

(2) That horse would cause obstacle and disruption in the tune of the condition.

लटियालु - बंगालु धड़ालु लोरु
केकाणि जेस देतउ किसोरु।
जालपउ जरदु कति बडइ जगि
भट्टियउ विढण चढियउ अभंग ॥२६८॥

वाहरी हिमालय के बंगाल क्षेत्र के केकाण जाति के अश्व लटियाला को किशोर अवस्था में ही यानी जब वह बछेरा था-जेसराज ने दिया था। वह घोड़ा बिना रुकावट के हिलोर में आ जाता था। अजयी जालप भाटी बड़े जंग के कारण कवच को कस कर, पहन कर युद्ध करने उस घोड़े पर चढ़ा।

Latiyaalaa horse of Kekaan pedigree of the Bengal region of outer Himalayas was presented by Jasraaj when it was a mere colt. That horse would become playful or sportive without any obstacle.

The immutable Bhaatee chief, Jaalap, who was tightly putting on arms and armour, mounted on that horse to join the great battle and fight valiantly.

देवांनउ वन्नउ चलय देखि
थालियइं राग वांगां विसेखि।
साहणी विलहि सोभ्फउ सतेउ
जोधियउ जीणि चडियउ जडेउ ॥३६६॥

चलता या हुशियार जंगली दिखाई देने वाला देवाना घोड़ा ठाण का खूंटा उखाड़ देता था। समूह में रागां–वागां यानी लगाम के दबाव के कारण असवार के हुक्म में चलता था। सहाणी ने वह सीधा व प्रशिक्षित व शोधन किया हुआ घोड़ा सत्ताधारी जोधा को बंट में आने पर दिया। जोधा उस जड़ाऊ काठी वाले अश्व पर चढ़ा।

The cunning horse Devaanaa, which was rustic in appearance, would uproot the peg of its manger. But with the group of horses it become tame and would obey the directions of the rider by the reins. Sahanee-the master of the stable, gave that gentle, trained and experienced horse on distribution to Jodhaa the sovereign ruler. He mounted on that horse bearing the saddle studded with jewels.

चित्रंगु तुरंगु विडंगु चल्लि
हरि हंस अस विस्सेय हल्लि।
करि सजिउं कोपि करमालु काल
हांम इतु वाघ चडियउ हठाल ॥४००॥

सूर्य का अंश चित्रांग तेज घोड़ा था। विशेष चलने पर वह चलते समय हरिण के समान फलांगें मारता था। अस्त्र–शस्त्र से सज–धज कर, काल के समान प्रकोपित, हठी, वाघसिंह यहीं यानी इसी युद्ध में शत्रु का विनाश करने की इच्छा पूरी करने, तलवार लेकर उस अश्व पर चढ़ा।

भिन्न अर्थ—[हंस अस] सफेद रंग का अश्व।

[विस्सेष हल्लि] विशेष हल्ला या हलचल होने पर।

Chitraang the fleetest horse was the progeny of the sun. When made to travel the long distance it would spring up like a deer during its movement in its journey. That horse was entrusted to obstinate Bagh Singh who was putting on arms and armour and was enraged like Kaala-the very God of death. Bagh Singh mounted on that horse Chitraang, with the sword in hand, to fulfil his ardent desire to put the foes to death and destruction then and there in that very strife.

Different Explanation :

[हंस अस] That was the white horse.

[विस्सेष हल्लि] In great tumult and commotion.

मनु रूढ रंजि लाडणु समोड़
फरि कंघि तुरिउं हल्लइ ककोड।
चीत्र हय विढण नर सिंघ चाडि
घीर हु पंचायण दुसह धाड़ि ॥४०१॥

हाथी के समान हृष्ट–पुष्ट और चौड़े कंधे वाले लाडण घोड़े की बनावट सम और सुन्दर थी। देखने पर वह घोड़ा मन या चित्त में चढ़ जाता था। चलने में वह घोड़ा ककेड़े के काँटे के समान असवार के लिये दुखदाई था। चीते की-सी हयलं वाला, धैर्यवान, दुर्धर्ष, धाड़-फाड़, नर के रूप में सिंह पंचायण भी रणक्षेत्र में भिड़ने की तीव्र इच्छा से लाडण घोड़े पर चढ़ा।

भिन्न अर्थ—[दुसह धाड़ि] दुर्धर्ष धाड़वी।

The built of the body of the beautiful horse Laadan was proportionate and pleasing. It was attractive to look at. The shoulders of that horse were

broad and heavy like those of an elephant. The movement of that horse was irksome to the rider like the thron of Keekar ie acacia tree. The steady, firm, unbending, fearless Paachaayan who was the tiger in the shake of a man and whose hand was strong like the paw of a panther, mounted on the horse Laadan with the keen desire to fight in the battle.

Different Explanation :

[दुमह धाड़]—Indomitable dacoit or robber.

श्रांजुलो श्रंबु सोसंति श्रश्र,
पेरिण्यउं ठवइं जिम चलण पत्र।

साहणी कान्ह नेतल समप्पि
दृढ ढोवइ ढाल चडिउ द्रप्पि ।।४०२।

नेतल घोड़ा श्रजली में ही वहीं पानी का शोषण कर लेता यानी पी लेता था। वह बोझा ढोने में दृढ़ यानी-मजबूत था। पेरने पर यानी दबाने पर वह ऐसे पैर रखता था मानो-कोई पत्ते हिल रहे हों। साहणी ने वह घोड़ा कान्ह को सौंप दिया। कान्ह ढाल लेकर अभिमान से उस घोड़े पर सवार हुआ।

भिन्न अर्थ—[श्रांजुली श्रंबु] घोड़ा श्राज ही पानी पीवेगा।

Netal the heavy draught horse, strong in carrying the load of goods, would drink and dry up water even if it was in an Anjalee ie both the hands jointly. If pressed hard to move forward it would place its feet as if the leaves were moving. Sahaanee-the master of the stable entrusted that horse Netal to Kaanha who mounted on it with pride putting on the shield on his person.

Different Explanation :- [श्रांजुली श्रंबु]

The horse would drink water today alone.

किरणंति महा नरि लगिग कीर
सोसंति पाणि वाणी समीर।
मुरतुब सन्नहिवे कांध मल्ल
भट्टियइं समेचउ भारमल्ल ॥४०३॥

नर घोड़े कीर को, सूर्य की किरणों के दिखते ही उस समय की ठंडी हवा में, पानी शोषण करने या पीने का अनुराग था। महान मुरतबों या प्रतिष्ठा वाला, मीठा बोलने वाला, मल्ल या पहलवान के समान हृष्ट-पुष्ट कंधों वाला समेचा भाटी भारमल जिरह बख्तर लगा कर उस घोड़े पर चढ़ा।

The stallion named Keer would drink water in pleasant breeze just at Sun rise. Bhaar Mal the Bhaatee of Saamechaa sub-clan, the man of great dignity, sweet tongued, and broad and strong shouldred warrior mounted on Keer horse with armour and helmet on his person.

झामरु निटालु नालेरु झल्लि
वाणारि विलंहि सांहणी घल्लि।
पीथलउ देउ पाइडइ पाउ
रूकह चडिउ सांखुलां राउ ॥४०४॥

अटल और अत्यन्त झाळ या क्रोध आने वाले नालेरे घोड़े की आंखें रोग-ग्रस्त थी। समूह में से वितरण होने पर साहणी ने शत्रु के लिये बाणासुर राक्षस के समान भयानक और बलवान पीथल को वह घोड़ा दिया। सांखला राजा पीथल हाथ में तलवार लेकर पागड़े में पैर रख कर नालेरे घोड़े पर चढ़ा।

The stead-fast and very haughty in temperament horse Naaleraa, whose eyes were deceased was taken out of the group of horses and given on distribution by Sahaanee-the master of the stable, to Peethal who

was horrible and strong like the demon Vaanaasur for the foes. Saankhalaa Raja Peethal lifted up his sword in hand and put his foot in the stirrup and mounted on the horse Naaleraa.

उंडल निवहि धनु खंड डोहि
सागइ धियागि ऊडियइ लोहि।
चांपलउ ढविक पक्खरां चाल
रण तूं समप्पहु राइपाल ।।४०५।।

पाखर लगा हुआ चांपला घोड़ा भभूला या वातचक्र आने पर भी असवार को निबाह लेता था। रण वाद्य बजते ही क्रोधाग्नि भड़क उठी व लोहे के अस्त्र-शस्त्र चलने लगे। द्रोही या शत्रु के धनुष खंडित होने लगे। तब चालक ने चांपला घोड़ा रायपाल को सौंप दिया।

भिन्न अर्थ-[ऊडियइ लोहि] लोही यानी खून के छींटे उड़ने लगे।

Chaampalaa horse would carry on the rider in the whirlwind or dust-storm. The battle commenced as soon as the bugle was blown. The blows with the arms of the iron were struck. The blows of the foes were being broken down by the infuriated warriors. Chaalak, ie the attendant of the horse in the stable, handed over that horse just at that critical time to Raipaal.

Different Explanation :- [ऊडियइ लोहि]

The drops of blood were seen flying in the air.

चामंठी सहइ न फूल चोट
अंगिहि विलंग लगी अबोट।
विलिहियइ विढण नेतल अइवक्क
तुंगेसर अजमापुर तिलक्क ।।४०६।।

नई अबोट आंगी अलग लगी हुई घोड़ी चामठी चाबुक तो क्या एक फूल की चोट भी नहीं सह सकती या बरदास्त नहीं कर सकती थी।

अपनी क्षत्री सेना के स्वामी और अजमेर नगर और राज्य के अभिषिक्त राजा नेतल को वह घोड़ी युद्ध में लड़ने के लिये वितरण कर दी गई थी।

The mare Chaamathee, which bore a new spick and span coat or cloth-covering, was so sensitive that leave apart a whip it would not tolerate a blow even of a flower by the rider. That mare was given on distribution to Netal the crowned Raja of Ajmer kingdom the master of the army of Kshatrias of his own clan for giving battle in the strife.

कछे वि पदम रूकड़ां कंघ
घालियउं आंणि छोडे वि बंध।
सुरिजग्सिीहि दीन्हउ सनाहि
गज्जणि थट्ट गंजिसइ गाहि ॥४०७॥

विशेष हृष्ट-पुष्ट कंधों वाला रूखा अर्थात् नीरस पदम घोड़ा कच्छ राज्य का था। वह घोड़ा बहुत बड़े समूह में बन्धन यानी मर्यादा को छोड़ कर विकट और बेकाबू हो जाता था। पाखर लगा हुआ पदम घोड़ा सुरज्जनसिंह को दिया गया। क्योंकि वह सगर्व गजनी की काबुल से आई फौज को परास्त करेगा।

The broad and flat boned and huge shouldered horse Padam brought from Kutch state was indifferent and harsh by nature. In a very large group of horses it would break the tradition and grow wicked and go out of control. That armoured horse Padam was given to Surjjan Singh for he would give a crushing defeat to the army of Kabul consisting of the soldiers of Gazanee.

फूलड़उ तेजि जंगमु फड़क्क
बहु फुरिए दिपंतउ जेम बक्क।
साहणी विलहि मादयइं सुवंस
फरि मलि काल केवियां कंस ॥४०८॥

बगुले के समान सफेद रंग का और दीप्त, चलता फिरता तेज घोड़ा फूलड़ा बहुत फुर्तीला था। युद्ध में हाथियों के मर्दन या सहार के समय, वितरण होने पर, सहाणी ने फूलड़ा घोड़ा, शत्रुओं का (मथुरा के राजा) कंस के समान विनाश करने वाले, उत्कृष्ट और पवित्र कुल के, मादिये यानी माधव को दिया।

Phoolaraa the fleetest, prompt, agile and wandering horse was white in colour and glitter like a Bagulaa ie white duck or heron. Sahaanee the master of the stable on distribution gave that superb horse to Madhava of blue blood who had the prowess to smash the foes like Kansa (the ancient king of Mathura) just at the time in the thick of the battle when the elephant force of the foes was being thrashed out.

कसि असि कलादा वसी कीधु
डाहिउ पलाणु लगाणु दीधु।
विलहण नालेरइ अउव बट्ट
पर राठ नाठ गोविंद प्रघट्ट ॥४०९॥

नालेरे के मुंह में लगाम देकर उस घोड़े पर समझदारी से काठी मांडी गई। उसकी हाथी के समान ओछी यानी छोटी गर्दन को कस कर, इस अश्व को वश में कर लिया गया। अनोखे बटमार या लुटेरे, गोविन्द राठ को, जो दूर से भाग कर आया था, प्रकट रूप में नालेरे घोड़े को वितरण में दिया।

भिन्न अर्थ—[लगाणु दीधु]

(1) काम में लगा दिया।

(2) वे कर या लगान देने लगे।

The saddle was carefully placed on the back of the horse Naaleraa after the rein was put in its mouth. The rein was drawn tight, over its short neck, like that of an elephant and thus that horse was brought under complete control. When Govind Raath the matchless notorious robber reached Bikaner, after traversing a long distance in hot-haste, Naaleraa horse was openly given to him in distribution.

Different Explanation :- [लग्गाणु दीधु]

(1) Put to work.

(2) They began to pay land revenue or tax.

तोन्हउ विलेछि तोडर ततार
घाधड़ा जुडइ जीहों बटार।
सजि कीधु चडण कजि सार वाँणि
आंगिलो अचल फेरियउ आँणि ॥४१०॥

तोडर तीन्हउ जाति का, पहाड़ की गुफाओं वाले स्थान का, तुर्किस्तान के तातार प्रदेश का अश्व था। वह घोड़ा शत्रु दल से ऐसे जुट जाता था मानो वे बटेरों (पक्षियों) का दल हो। उस मजबूत वाहन अर्थात् घोड़े पर सवारी कराने के लिये सजावट की गई। तब उस अश्व को लाकर अचलसिंह के आगे फेरा या घुमाया।

भिन्न अर्थ—[तोडर विलेछि] :—

(1) तोडर बिलेशय अर्थात् साधारण स्थान का घोड़ा था।

(2) तोडर आराम तलब घोड़ा था।

[विलेछि] : बिना किसी लक्ष्य के।

Todar the horse of Teenhau pedigree, which was the splendour amongst the horses of the stable, was the horse of the stud in the region of the caves of the hill ranges of Turkistan in its Tartar division. That horse was bound to attack the enemy force as if they

were a pack of Baters or quails the birds of prey. The huge and strong horse was saddled and decorated for riding. It was then brought and turned about infront of the great warrior Achal Singh.

Different Explanation :- [तोडर, विलेछि]

(1) Todar was the horse of an ordinary stud of Tartar division of Turkistan.

(2) Todar was luxurious horse.

[विलेछि] Without any aim.

अगराणि डाणि लखइ अलंब
पूरित्र अति गत्ति हि पलंब।
साहणी विलहि नगराज सूर
चउरगी रिमइ घातइ जु चूर ॥४११॥

सुलक्षणा अगराणा घोड़ा छलांगें मारता था। वह असवार का सहायक था। लम्बे प्रयाण में भी उसकी गति वही थी जिससे असवार अत्यन्त संतुष्ट रहता था। वितरण होने पर साहणी ने अगराणा घोड़ा शूरवीर नगराज को दिया। नगराज शत्रु पर प्रहार करके उसको चूर चूर कर देता था, और चौरंगा भी कर देता था।

भिन्न अर्थ—[अलंब लखइ] थोड़ी दूरी की यात्रा के लक्षण को भी समझ जाता था।

[पलंब गत्ति] घोड़े की चाल की गति।

Agraanaa the horse of fine characteristics and good reputation was a genius amongst the horses. It would spring up. That horse gave complete satisfaction to the rider by maintaining the same gait and speed even in a long journey. On distribution the master of the stable gave Agraanaa horse to Nag Raaj the valiant hero who would crush and mutilate the foes by raining blows on them.

Different Explanation :- [अलंब लंखइ]

The horse would perceive the short distance of the journey by its characteristics.

[पलंब गत्ति] The speed of the horse.

नाटारंभ चमकइ गेळि नट्ट
थिउ डांहु माहि मांणिक्क थट्ट।
चढियउ तिणि कुसनउ निभइ चीति
राउत दलइ पंनिग रीति ॥४१२॥

माणिक्य के समान लाल रंग का यानी सुरंग या कमेत नटखट घोड़ा नाटारंभ रास्ते में चमकता था। निडर चित्त या मन वाला कृष्ण हृदय में डाह या द्वेष से, नाटारंभ घोड़े पर, पनंग या जहरीले सर्प के समान शत्रु दल के रावतों का दलन करने सवार हुआ।

Naataarambh the red horse like a ruby in colour ie chestnut or bay naughty horse would get startled or or bewildered on the high way. The fearless Krishna jealous at heart mounted on that horse to crush or do away with the Raawats ie eminent warriors of the enemy force like a venomous snake.

बगल भतेउ जिम ऐण बक्क
फुरिणि घण पवण दियतउ फड़क्क।
दोखियां दळण दोमजि दुभल्ल
मुनिसु गुरु समप्पइ जइमल्ल ॥४१३॥

सफेद रंग की दोमजि घोड़ी बगुले के समान स्वतः बगलां झांकती थी अर्थात् इधर उधर देखती थी। ज्यादा फिराने पर ऐसी फड़कने लगती थी मानो पवन में ही हिल रही हो। मुनीश्वर और श्रेष्ठ गुरु व दुर्धर्ष जयमल को दुश्मनों का दलन अर्थात् विनाश करने के लिये दोमजि घोड़ी सौंप दी गई।

The white mare Domaji would itself give peering glance on front and back side or look on all the sides. It would get suddenly startled like a Bakka or white duck. On being put to speed it would fly like wind. That Domaji mare was handed over to eminent and superb hero and saintly person Jai Mal to crush the foes to death.

केकाण कवूतर करि कलाव
पढरउ विड़रि मेल्हइ न पाउ।
ऊदिइं धूणि संग्रामि स्राळि
चालोयउ राळि रिमि दल विचाळि ॥४१४॥

हाथी के जैसी छोटी व मोटी गर्दन की बनावट वाला केकाण जाति का कबूतर घोड़ा समतल मैदान में विडर जाता यानी चमक जाता या चौंक जाता था। फिर वह घोड़ा एक कदम भी आगे नहीं रखता था। ऊधा योद्धा अपने हाथ से युद्ध में आसानी से या खेल के समान ही शत्रु को धूण देता अर्थात् रूई की तरह धुन देता था। ऊधा कबूतर घोड़े पर चढ़ा। उस घोड़े ने उसे शत्रु दल के बीच में तीव्र गति से पहुचा दिया।

The neck of Kabootar the horse of Kekaan race or pedigree was short and thick like that of an elephant. That horse would get startled in the journey through the plains and would refuse to proceed forward. The warrior Oodhaa could destroy the foes with the turn of his hand easily as if he was carding the cotton. He mounted on that horse Kabootar which carried him in top speed in the midst of the enemy army.

हरिणग्गल अग्गल हार हंस
बाखाण बिसेखइं सूर वंश।
सेलहथ मेघु-भुक कूंत सज्जि
कोपानल चढियउ विढण कज्जि ॥४१५॥

सूर वंश का बताया जाने वाले विशेष घोड़े हरिणागल से तेजी में अगल-बगल या आस-पास के घोड़े हार मानते थे। मेघ सलोत (चहुवान राजपूतों की शाखा) अस्त्र-शस्त्र से सजधज कर, क्रोध से अग्नि के समान गर्म और लाल, अपनी भुजाओं के बल का अनुमान लगाकर व समझकर युद्ध करने उस घोड़े पर चढ़ा।

Harinaagal known to be the specific horse of Sur dynasty surpassed all the horses in the neighbourhood in speed. Megh Sahalot (a sept of Chauhaan Rajputs) put on arms and armour on his person. He weighed or estimated the prowess of his own arms. Then he mounted on that horse, red hot in anger like fire, to fight in that battle.

मुखि भमर चमर सिगार मंडि
खुरसाण तणइं ऊपनइ खंडि।
असि हरसि दीधु साहणी आणि
तिणि बनउ चईनउ तंगु ताणि ।।४१६।।

खुरासान के किसी खंड या भाग में उत्पन्न हुए भमर घोड़े की मुंहनाल पर चमर की किलंगी, सिर के ऊपर लगाकर, आभूषणों से मंडित करके उसका शृंगार किया। बना वीर अश्व पाने की तीव्र इच्छा या लालसा से खड़ा इन्तजार कर रहा था। साहणी ने लाकर उसको भमर घोड़ा दिया। बना उस घोड़े का तंग खींच कर आराम से उस पर सवार हुआ।

The crown of tuft was put on the muzzle of the black horse Bhamar over its head. The body of that horse was decorated with ornaments. Bhamar was born in a stud in any part or district of Khuraasaan. The master of the stable took that horse to the warrior Banaa who was eagerly awaiting with keen desire for the horse. He drew its girth tight and mounted on Bhamar conveniently.

केकाण कलाइरं राघ क्रति
निलु प्रहंइ फुरिणि मूठी निरित्ति।
निरम्मलइ पंखि दहु गंग नीर
धनराजि विलहि संग्राम धीर ॥४१७॥

केकाण जाति का कलायर घोड़ा युद्ध के बाजे की सिन्धु राग होने पर तीव्र इच्छा में नृत्य करने लगता था। फिराने पर वह घोड़ा इतना ऊंचा उछलता था मानो आकाश को पकड़ लेगा या छू लेगा। संग्राम में धैर्यवान धनराज, जिसके माता-पिता के दोनों पक्ष गंगाजल की तरह विशुद्ध और निर्मल थे, को वह घोड़ा वितरण में दिया गया। धनराज ने उसकी लगाम मुट्ठी में पकड़ ली॥

Kalaayar the horse of Kekaan race would begin to dance with an ardent desire on hearing the Sindhu Raag ie the musical tune for the battle. On being put to speed it would jump very high as if it was going to touch the sky. Dhanraaj the steady and valorous warrior in the strife, whose father and mother both were of pure blue blood of the royal Rajput race, gripped the rein of that horse on being given to him in distribution.

ढोई संग्रामि हुइ चमरढालि
निरलंब दुवि कियइ निढालि।
साहणी विलहि नरवंदु सुपक्ख
चहुआल तिलक चउवीस सक्ख ॥४१८॥

छोटी या छोटी पूंछ वाली घोड़ी चमरढालि काम करने में धीमी थी परन्तु संग्राम में असवार का सहारा थी। सहाणी ने वह घोड़ी वितरण होने पर चहुवानों के वंशज और चहुवानों की चौबीस शाखाओं के तिलक अर्थात् राजा नरवद, जिसने उचित और सुपक्ष ग्रहण किया था, को दी।

भिन्न अर्थ—[चहुआल चउवीस सक्ख] चहुवानों की चौबीस शाखाओं की माल–औलाद।

The tail of the sluggish mare Chamardhaali was short in length. That mare would extend all help to the rider in the strife. The master of the stable gave that mare to Narbad the head and sovereign of the twenty four branches of the Chauhaan clan on distribution as he was backing the right cause.

Different Explanation :- [चहुआंन चउवीस संवख]

The progeny of the twenty four branches of the clan of Chauhaans.

साहणदीप श्रसि, पुरि, संथ,
पई चल्लइ उपरि जलह पंथ।
तेजंगल गोगादे तुरंगु
इंदाह हरू रूपक दे श्रभंगु ॥४१६॥

सन्त यानी साधु प्रवृत्ति का साहणदीप शीघ्रगामी या, बहुत तेज घोड़ा जल पंथ में भी ऊपर पैर रखकर चल सकता था। वह अश्व तेजस्वियों की अर्गला गोगादे का था। अजयी और कीर्तिमान हरू ईन्दा (परिहारों की शाखा) को वह घोड़ा दिया गया।

The tame, sane and saintly by nature Saahandeep the fleetest horse would float on water. That horse belonged to Gogaade, the bar or protection against the invading foes, amongst the energetic and glorious persons. That horse was given to invincible and renouned Haroo Indaa (a sept of the Parihaar clan).

रूठियउ पलंवह पूरि भंप,
टोरियउ करइ श्रभिपाय दंप।
नरसिंघ तूंग धिलहण निम्राउ
घण घट्टि प्रघट्ट जु करइ घाउ ॥४२०॥

झूंपरियां अर्थात् शरीर पर लम्बे और घने बालों वाला पूरी तरह संतुष्ट रूठिया घोड़ा लम्बे प्रयाण के काबिल था। टौरने या चलाने के असवार के इरादा करने पर वह घोड़ा टप-टप शब्द करता हुआ चलता था। वितरण के न्याय या नियमों से वह घोड़ा नरसिंघ को मिला। नरसिंघ अपने अधीन सेना के समूह की व्यूह रचना करके प्रकट हुआ। क्योंकि वह शत्रु दल पर प्रहार करेगा।

Roothiyaa the fully satisfied horse, whose body was covered with thick and long hair, was fit for a long journey. At the desire of the rider to drive it would proceed making 'tap-tap' sound by the impact of its hoofs with the ground. That horse was given to Nar Singh according to the rules of the distribution impartially. Nar Singh appeared after making an array of the force under him in the battle order to rain hard blows on the army of the foes.

पट्टाढ गुरुड नव डंड पूरि,
अरि घट्ट करइ दहवट्ट ऊरि।
सुजि विसाहि मयंक ईंदइ सकार
नेजइ निभीक दोयइं निडार,॥४२१॥

नव खंड में प्रसिद्ध दडकारण्य का सन्तुष्ट घोड़ा गरुड़ हाथी के समान विशाल काय था। हमला करते समय शत्रु दल में प्रवेश होने पर व वेग से फेंकने पर वह शत्रु दल को घट्टी या चक्की की तरह पीस देता या नष्ट कर देता था। अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित, निर्भय, नेजाधारी यानी भाला हाथ में लिए हुए चन्द्रसिंह ईंदा ने वह घोड़ा प्राप्त किया। वह घोड़ा चन्द्रसिंह को, जो कारगर यानी प्रभावी योद्धा था, शत्रु दल की तरफ ले गया।

Garuda the satisfied horse of famous Dandakaaranya was very hefty and huge horse large in body, like an elephant. That contended horse was known and renouned in all the nine continents. On being rushed

on the enemy force in an attack it would smash the foes as if they were being ground down between mill-stones. That horse was obtained by fearless, armed and armoured Chander Singh Indaa, with spear in his hand. That horse took Chander Singh, an eminent and dutiful warrior, towards the army of the foes.

साभाऊ सांधर विचइं सार
ढोईयउ न संकइं धिखो धार।
किउ विलहितु ऊगइ बड़ कमंदी
छिबि लोहि बलहि फारकु सुछंदि ।।४२२।।

जहां धारदार अस्त्र-शस्त्र का युद्ध चल रहा हो वहां कोई भी घोड़ा असवार को नहीं पहुंचा सकता था। परन्तु साभाऊ अश्व असवार को, जहां युद्ध में तलवारों से संहार हो रहा हो, उस लड़ाई के बीच में ढोने या ले जाने में समर्थ था। उस फुर्तीले घोड़े साभाऊ को वाल या कतार में से उपयुक्त युक्ति के निकाला गया था। युद्ध में लोहा लेने की छवि या ख्याति वाले बड़े राठौड़ ऊगा को वह घोड़ा वितरण किया गया था।

No other horse could take the rider in the thick of the fierce battle of swords. But Saabhaaoo horse was capable to carry the warrior in midst of the battle of swords where horrible slaughter was taking place. That horse was tactfully taken out of the group of horses and distributed to Oogaa the great Rathore hero who was famous for striking sword against sword in the battle field.

संग्रामि तुरंगमु पाट सूत्र
पइसइ निसंकु रेवंतु पुत्र।
पल्लाणि विलहि बेगिउ पटन्त
करिमाल हत्थई दइ करन्न ।।४२३।।

सूर्य पुत्र माने जाने वाला घोड़ा पाटसूत्र तेज, शीघ्रगामी और पवन के समान वेग वाला था। उस पर काठी मांड कर, रणक्षेत्र में निशंक प्रवेश करने वाले, करन्न को, जिसने अपने हाथ में तलवार ले रखी थी, वितरण करके दिया गया।

Paatsootra the fleetest horse, known or believed to be progeny of the Sun, would run with the speed of the wind. That saddled horse was on distribution given to dauntless Karan holding sword in his hand as he would penetrate into the battle-field with out any hesitation.

चिति सुद्धि जनम लगु विढण चाग्र
घण घट्ट निहट्टिउ करइ घाग्र।
विलहउ मृघु डूंगर ग्रमर वेत्र
खंड़ि माड जु राहड़[87] खरउ खेत्र ॥४२४॥

सच्चा डूंगर राहड़ माड क्षेत्र यानी जैसलमेर राज्य के एक खंड या परगने का निवासी था। उसके हृदय की देवता की तरह शुद्धि हो चुकी थी। उसको ग्राजन्म युद्ध करने का चाव या उत्साह था। वह निहट्टे बहुत बड़े दल पर बेतरह प्रहार कर सकता था। उस डूंगर राहड़ को मृघु या मृग घोड़ा वितरण में दिया गया।

भिन्न ग्रर्थ-[घण घट्ट] शत्रु दल को घट्टी की तरह पीस देता था।
(1) [ग्रमर वेत्र] वह ग्रमरापुर या स्वर्ग में स्थित वेत्रासुर के समान बलवान था।
(2) या डूंगर ग्रमरसिंह का वेत्र या वत्र यानी वत्स ग्रर्थात् पुत्र था।

Trust worthy Dunger Raahad was the resident of some district of Madha i.e. Jaisalmer state. He was pure hearted by nature like a deity. He had a keen desire to fight in a battle through-out his life. He could constantly rain blows on invincible and large enemy

force. On distribution Mirghu horse was given to Dunger Raahad.

Different Explanation : [घण घट्ट]

He could crush the force of the foes like a mill grinding corn.

[अमर व्रेत्र] (1) He was strong and vigorous like Vetraasur the demon resident of Amaraapur the abode of Gods or heaven.

(2) Or Dunger was the son of Amar Singh.

Historical Note :

(87) Raahad was the son of Bijai Rao Laanjo-Bhaatee Ruler of Jaisalmer. The descendants of Raahad are called Bhaatees. Some of the Jaats are also Raahads.

सालेवउ सुहे अगो सारि
अरि वहण निवहि चाडिउ अगारि।
संग्राम सामि आईति स घूप
रूपीयइ विलही रइ अट्ट रूपु ॥४२५॥

सुहेला या सुन्दर घोड़ा सालेवा असवार को उस जगह अगाड़ी या आगे पहुंचा देता था जहां शत्रु दल के बहुत वाहन इकट्ठे हो गये हों और धारदार तलवारें चल रही हों। वह घोड़ा राव जैतसी की सेना के रूप और संग्राम में अच्छी धूपट या मारकाट मचाने वाले रूपसिंह को वितरण में स्वामी सम्राट जैतसी की आज्ञा से दिया गया।

The beautiful horse Saalevaa would take the rider ahead of his force to the place of the assemblage of the enemy vehicles where the fierce battle of swords was in motion. That horse on distribution was given to Roop Singh who was the splendour of the Rathore army under the direct order of the sovereign and master Jaitsee because he was capable of making a bloody encounter and slaughter in the battle.

नख हीर निरम्मल पदम नेत्र
त्रिम्मला कलेवर तरुणि वेत्र।
सांहरण सिगार दे रायमल्ल
मुह राउत राहड़ कांधमल्ल ॥४२६॥

कमल के समान सुन्दर नेत्र वाला निर्मल हीर नामक घोड़ा नक्षत्री यानी भाग्यशाली था। मल्ल या पहलवान के समान पुष्ट मजबूत कंधों वाले, रावतों या सामन्तों में सब से आगे मुठभेड़ करने वाले, सुन्दर और विमला युवा स्त्री से रूखा या उद्वेगशील रायमल राहड़ को साहणी ने शृंगार करके वह हीर घोड़ा दिया।

भिन्न अर्थ – [तरुणि कलेवर त्रिम्मला] जवान सुन्दर स्त्री के शरीर और वृतांत से रायमल को मलाल पैदा होता था।

The beautiful lotus-eyed horse Heer was spotless and fortunate. That decorated horse was given to Rai Mal the strong and broad shouldered chief and the head of the clan of Raahads by the master of the stable. Rai Mal-the vigorous and strong in body and mind was likely to encounter the foes ahead of all warriors. But Rai Mal had an aversion against young beautiful and unstained women.

Different Explanation :

[तरुणि कलेवर त्रिम्मला] The very mention of the account of a young beautiful, soft-spoken and frail women infuriated Rai Mal.

साहणी घणा सूरिज पसाउ
कट्टियइ टालि मंडइ कलाउ।
आरुहइ रांम संन्नाहि अत्ति थाट
पादपति सिहाइ पति थाट ॥४२७॥

सूरजपसाव घोड़ा बड़े शत्रु दल पर काटने या संहार करने कड़क कर आक्रमण कर देता था। जब साहणी उसे शृंगार करके समूह से टालता या अलग करता तब वह अपना कौशल या सामर्थ दिखाने नाचने लगता था। अस्त्र शस्त्र से सुसज्जित होकर सेना नायक या किले के पास की घाटी का मालिक रामसिंह बड़े ठाट-बाट से, सिंहासनाधीश सम्राट जैतसी की सहायता करने उस अश्व पर आरुढ़ हुआ या सवार हुआ।

Soorajpasaava horse would make a lightning attack to smash the large enemy force On being separated, after its decoration, from the group of friendly horses it would dance to show its skill or stength. Ram Singh the owner of the valley or commander of a division of Bikaner army put on arms and armour on his person. He mounted on that horse with great pomp and show in order to extend his helping hand to his sovereign or king Jaitsee the Paatapati ie the person who was enthroned.

विलहितु कीयउ सह राई वंस
अवतारि मुरारि महेस अंस।
हरि जइत पधारउ पदम हत्थ
रेवंतु सनाहयढ राज रत्थ ॥४२८॥

जैतसी मुर राक्षस के शत्रु भगवान श्री कृष्ण का अवतार माना जाता था। वह भक्ति के कारण भगवान शिव का अंश या पुत्र भी कहलाता था। जैतसी ने राजवंश के सब लोगों को घोड़े वितरण किये। फिर जैतसी पाखर लगे हुए-सूर्य के रथ के घोड़ों के समान अपने घोड़े पर, भगवान कृष्ण के समान पदम या कमल हाथ में लिये, सवार होकर उस जगह से पधार गये या चले गये।

भिन्न अर्थ—[पदम हत्थ] घोड़ी की गर्दन की पदम भँवरी पर हाथ रखकर।

Rao Jaitsee who was considered the incarnation of Lord Sri Krishna-the killer of the demon-Mura. He being devotee of Lord Shiva was also known as Ansha ie progeny or son of Mahesha. He distributed horses to all the members of the royal family. Thereafter Jaitsee mounted on his armoured horse-possessing the quality of the horses of the chariot of the Sun with 'Padam'-ie lotus flower in hand like Lord Sri Krishna and left that place.

Different Explanation—

[पदम हत्थ] by placing his hand on the hairy circle on the neck of the horse known as Padam.

गाहा

Gaahaa (Poetical Description)

सम्राट जैतसी के घोड़े सरूप का वर्णन

Description of Saroop-the charger of King Jaitsee

आप नृथी पति आरुहइ
नरवइ गिरि नेठाहि।
अव साकति पंडव सजिउ
आणि सरूप संनाहि ॥४२६॥

सुन्दर कनौती वाले घोड़े सरूप के चारजामा या काठी मांड कर, शृंगार करके, व पाखर लगा कर सईस लाया। राजाओं और गिरि नाम धारण करने वाले दसनामी संन्यासी महन्तों को अश्व वितरण करने का धैर्य से अन्त होने पर, इस धरती का मालिक सम्राट जैतसी स्वयम् अपने सरूप नामक अश्व पर आरूढ़ या सवार हुआ।

The syce took the horse of beautiful pointed end of the pair of ears, Saroop to King Jaitsee after putting on saddle, armour and decorating it. Jaitsee the king

of Bikaner mounted on that charger Saroop after the peaceful completion of the distribution of horses to the Rajas, Mahants or saints bearing the sufix Giri after their names.

गढि गिरि बीकम दुरंग गिरींदा
नरवइ जइतु सुरिंद नरिंदा।
सपत दीप धरा सम चंगा
तिम रइ रत्थ सरूप तुरंगा ॥४३०॥

नरेन्द्रों में सम्राट नरपति जैतसी सुरेन्द्र यानी इन्द्र के समान सर्वोपरि है। गढों में बीकानेर गढ़ उसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ है जिस प्रकार पहाडों में सुमेरु पर्वत है। जांगल देश की धरती सातों द्वीपों की सभी जमीनों से चंगी व सुन्दर है। उसी प्रकार सूर्य के रथ के घोड़ों के समान आरामदेह घोड़ा सरूप सभी अश्वों से श्रेष्ठ है।

Emperor Jaitsee is superb amongst the kings like Indra–the king of Gods, the fort of Bikaner is strong and superior to other forts, the land of Jangal Desa execlls the land of the seven continents of the world and similary Saroop is the comfortable charger like the horses of the chariot of the sun and is excellent amongst the horses.

छन्द Chhanda
(Couplet in metrical form)

सुर निला शृंग मज्जन सरूप
घर भांण रत्थ जेहे सधूप।
नावइतु जइतु कुल छलि नरिंदु
गरुड़ासणि चडिउ कि गोपि बिंदु ॥४३१॥

मंजा हुआ या अनुभवी घोड़ा सरूप आकाश में उदित व धूप प्रदान करने वाले सूर्य देवता के रथ के घोड़े उच्चैश्रवा के जैसा था। वह अस्तबल में भृंग या भौंरे की तरह मंडराता रहता था। नरेन्द्र व सम्राट जैतसी अपने वंश और देश के उस युद्ध में गर्जना करता हुआ सरूप पर चढ़ा मानो गोपियों के तिलक भगवान श्रीकृष्ण गरुड़ पर आसीन हुए हों।

भिन्न अर्थ—[गोपि निला बिन्दु] गोपिकाओं के ललाट के तिलक भगवान श्री कृष्ण।

[सरूप सुर सधूप] सरूप घोड़े के ठाण पर देवता के आगे खेने वाला या जलाया जाने वाला धूप किया जाता था।

[जइतु सधूप नादइतु] जैतसी क्रोधवश गर्जना करने लगा।

Saroop the trained and experienced horse was like Uchai-Sravaa the white horse of the chariot of the Sun, which provides warmth by heat and light, in virtue. That horse used to hover in the royal stable at Bikaner like a beetle. The exalted king Jaitsee mounted on that charger Saroop roaring to give battle for the defence of his kingdom and the prestige of his royal race like Lord Sri Krishna the superb charmer of the Gopees ie the milk maids on Garuda-the heron eagle-the *vehicle* of Lord Vishnu.

Different Explanations :

[गोपि निला बिन्दु] Lord Sri Krishna the splendour of the Gopees ie cowherd's wives.

[सरूप सुर सधूप] Saroop the horse smelt the fragrance of the burnt Dhoop powder in the air at its manger in the stable.

[जइतु सधूप नादइतु] Enraged Jaitsee began to roar.

सुर नर समेलि सुरतांण सीसि
इल वेस नरेसरु अवकुलीस।
गुडि पाखरि जइतउ विढण गत्ति
पठि इंदु कि चडियउं अइर पत्ति ।।४३२।।

कवच धारण करके जैतसी पाखर लगे अश्व पर युद्ध करने के लिये गतिशील हुए। इस धरती के मित्र, सहयोगी, राजा लोग और उनकी प्रजा के व्याकुल या अवलमन्द लोग युद्ध की वेश-भूषा धारण करके सम्मिलित हो गये। वे सुलतान कामरान के सिर पर जा चढ़े। उस समय नर देवता सम्राट जैतसी इतने सुन्दर दिखाई दिये मानो अहीरों के पति यानी भगवान श्री कृष्ण ने चन्द्रमा को चढाई करने भेजा हो।

भिन्न अर्थ-[अवकुलीस नरेसरु] अकुलीन लोग और उनके राजा।

Helmeted Jaitsee mounted on the armoured charger and accelerated its speed to give battle. In that expedition Jaitsee was accompanied by his allied kings, companions-in-arms together with the subordinate Rajas, chiefs and nobles attired or dressed in military uniform along with their nervous or wise subjects. Emperor Jaitsee appeared so majestic at that time as if the Moon, sent by Lord Sri Krishna the lord of the clan of Aheers, had mounted that attack.

Different Explanation :

[अवकुलीस नरेसरु] The Rajas along with their subjects of low birth.

धाराल घूणि घर छलि सधूप
रिम राह जइतु रचि विढणु रूपु।
कलकलिउ कोपि मेलिउ कटक्कु
आरुहिउ किऊ चासइ अरक्कु ।।४३३।।

सम्राट जैतसी शत्रु के संहार के लिये राहु के समान था। उसने अपनी सेना को युद्ध के रूप या ढंग में विरचित किया। जैतसी ने क्रोधवश तलवार घुमाई। उसने क्रोध से खौलते हुए मातृ भूमि की सुरक्षा के युद्ध के लिये सेना का प्रस्थान कराया। जैतसी ने प्रकाशमान उदित सूर्य के समान ज्योति या रोशनी में शत्रु दल पर चढ़ाई करके हमला कर दिया।

भिन्न अर्थ—[विढण राह] जैतसी युद्ध की कला का कुशल पथ-प्रदर्शक था।

Jaitsee, who was like the draggon's head to crush his foes, arrayed his army in to battle order with startegic skill. He was boiling hot with anger. He brandished his sword around. Jaitsee marched and opened the attack on the inimical Mughal army in the brightest beacon light at the head of his army as if it was the reflection of the illuminating rising Sun.

Different Explanation :

[विढण राह] Jaitsee was the guide as the master of strategy in the art of war in the compaign.

उछलोडउं डिका हल अतालि
बज्जिया त्रिघई ढोल बालि।
सत्रीवट नइत चढतइ सलुद्र
रणतूर नाद सहे रउद्र ॥४३४॥

जैतसी ने चढ़ाई के समय स्वयम् अपनी आंख या नजर के सामने क्षत्रियोचित रीति से रण-भेरी यानी युद्ध का बाजा बजवाया। तब अत्यन्त उछल-कूद, गर्जना, हो-हल्ला और तीन तरह के बाजों और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि के बजने के साथ लड़ाई शुरू होने की स्थिति पैदा हो गई। वीरों की बालि या लम्बी कतार के प्रहारों से युद्ध के उग्र और भयानक रूप धारण करने की आशंका भी पैदा हो गई।

Jaitsee personally directed and got the bugle, for the commencement of the battle, blown under his own eyes, according to the righteous principles of the Kshatrias. After such springing, tumult, beating of kettle-drums and the tune of three kinds of musical instruments the strife was to begin. The long line of warriors were likely to strike hard blows and the battle was to turn fierce or frightful and violent.

काढियइं जरद छूटइं कंठाल
सेना उलि दीजइ जीनसाल ।
संग्राम हांम सउं खुरासाण
जोसणां कसण ताणइ जुवांण ॥४३५॥

बोरों में से जिरह बख्तर निकालते ही ऊँटों को छोड़ दिया। सेना की इस तरफ की अवली या दल को कवच दिये जाने लगे। खुरासानी सिपाहियों की मुगल सेना के साथ संग्राम करने की तीव्र इच्छा पूरी करने की उत्कंठा से जवान-योद्धा जोश में आये हुए थे। वे जवान अपने शरीर के बन्धनों को खींच कर कसने लगे।

The camel were set free after the bags were unloaded and helmets and armours-made with iron rings were taken out. Then the distribution of the coats-of-mail to the long line of soldiers began. The Zealous young warriors who eager to fulfil their ardent desire to fight with the Mughal army consisting of Khuraasaanee soldiers tightened the belts and straps on their body.

सज्ज कोम टोप आंगा स याह
सुभट्टां प्रघट्ट दीजइ संनाह ।
ऊजळो जिरह बगतर अनेकि
हत्थलां रंगाउलि कसइं हेकि ॥४३६॥

वीरों के आकर प्रकट होने पर उनको कवच, आंगा यानी जामा, टोप, हथलां, रंगावलि दी गई। उनको उत्तम वाहन भी दिये गये। वे अनेक प्रकार के जिरह बख्तर उज्ज्वल और नये थे। प्रत्येक योद्धा ने उनको खींच कर अपने शरीर पर लड़ने के लिए कसा या बान्धा। इस तरह वीरों ने अपने आप को अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित किया।

On the appearance of the warriors-they were given helmets, coats-of-mail, armours, hand and knee pieces and other weapons which were spick and span new as well bright. They were also provided with fine horses and vehicles. Every warrior tightened those defensive armours after putting them on his person or body and thus made himself ready to fight in the strife.

गहमत्ति जइति मिलिउ गडू सु
गज वळ संनाहि किया गजूसां।
राम गुरु तणइं राउत सरोस
पंचसइ दूण वळि जिरह पोस ॥४३७॥

बुद्धिमान जैतसी ने उत्तम गडूथल या गडोथल यानी उछलते ...ते अर्थात् चचल हाथियों के पाखर लगवाये। इस संगठित हाथियों के ...ल को एक गज सेना में परिवर्तित कर दिया। उस राजाओं के राजा अर्थात् सम्राट के पांच सौ से दुगने यानी एक हजार जोशीले और क्रोधित रावतों का दल जिरह पोश धारण किये हुए युद्ध करने को तैयार था।

Wise and sagacious Jaitsee got armour put on the fine, lively and agile elephants. He thus turned those collected elephants in to an elephant force or division. That king over the Rajas of the Jaangal-Desa region had a force of one thousand armoured, excited and enraged chiefs and nobles at his disposal for the imminent battle.

घड दळ संमेलि छत्रीस वंस
कुपियउ कि कन्ह ऊपरीं कंस।
घरहरिउ भेरि नींसांणि घाउ
रेणु छलि चडइ राठउड राउ ॥४३८॥

अपने राज्य की भूमि की रक्षा के लिये युद्ध करने रोषीले जैतसी ने छतीस राज वंश के क्षत्रियों की वड़ी सेना इकट्ठी या सम्मिलित करली। नगाड़ों पर डंके की चोट और भेरी यानी शहनाई की घरघराहट की ध्वनि के साथ मुगल सेना पर चढ़ाई कर दी। मानो प्रकोपित होकर भगवान श्री कृष्ण मथुरा के राजा कंस पर चढ़ गये हों।

